रांची एक्सप्रेस
61
साल से लगातार...
। जनपथ पत्रकारिता।
देसी अंदाज
नया मिजाज

रांची एक्सप्रेस

1963 से लगातार आपकी सेवा में

epaper.theranchiexpress.com | वर्ष-61 | अंक-240 रांची | सोमवार 22 अप्रैल 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु.

उलगुलान न्याय महारैली में एकजुट हुए आईएनडीआईए के नेता, दिखाई ताकत

रांची । राज्य की राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के तत्वावधान में उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन किया गया। इसमें इंडी गठबंधन के कई बड़े नेता शामिल हुए। सभी ने जमकर केन्द्र सरकार को निशाने पर लिया। साथ ही दावा किया कि अबकी बार जनता उन्हें दिल्ली की गद्दी से बाहर कर देगी। जुमलेबाजी, बढ़ती महंगाई से जनता ऊब चुकी है। मोदी सरकार की विदाई तय है।

वोट के लिए आदिवासी, एससी को देश का राष्ट्रपति बनाया : मल्लिकार्जुन खड़गे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सालाना दो करोड़ लोगों को नौकरी देने, किसानों की आय दोगुनी करने, हर किसी के खाते में 15 लाख रुपये डालने का मुद्दा उठाया। उन्होंने मोदी को झूठों का सरदार कहा। साथ ही कहा कि ये लोग झूठ बोलकर वोट लेते हैं और बाद में जनता को तबाह कर देते हैं। खड़गे ने कहा कि हमेशा मोदी कहते हैं कि मैंने आदिवासी को इस देश का राष्ट्रपति बनाया, मैंने शेड्यूल कास्ट के व्यक्ति को राष्ट्रपति बनाया। उन्होंने कहा कि तुमने वोट के लिए उन्हें राष्ट्रपति बनाया। उनके कल्याण या स्वाभिमान के लिए नहीं। उनके स्वाभिमान को आपने ठेस पहुंचायी है।

खड़गे ने कहा कि मोदी गरीबों का वोट छीन लेना चाहते हैं। वह बार-बार कहते हैं कि अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि हमारी संसद में 543 सीटें हैं। मोदी कहते हैं 400 पार। गनीमत है कि उन्होंने अब तक नहीं कहा 600 पार। साथ ही कहा कि गठबंधन की शक्ति इस बार इतनी है कि मोदी हो या कोई और हमारी मजबूती को तोड़ नहीं सकते। हेमंत सोरेन को जेल में डालने से हम डरने वाले नहीं हैं। केजरीवाल को जेल में डालने से हम डरने वाले नहीं हैं। हम जनता से डरते हैं। तुम्हारे जैसे लीडरों से नहीं डरते।

शक्ति प्रदर्शन नहीं, संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संकल्प: भगवंत मान

पंजाब के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता भगवंत मान ने कहा कि यह राजनीतिक रैली नहीं। शक्ति प्रदर्शन भी नहीं। संविधान, लोकतंत्र को बचाने को संकल्प लेने को आए हैं। सुनीता और कल्पना के पति जेल में हैं। उनका कसूर क्या था। वे बेरोजगारी मिटाना चाहते थे। महिलाओं को मुफ्त में सफर, बिजली देने की बात करते थे। अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन की खाली कुर्सियां ही भाजपा की कुर्सियां खाली करवाएंगी। भाजपा समझती है कि जेल में आवाज डालकर आवाज दबा देंगे। छह महीने बाद संजय सिंह को ईडी ने कहा कि कोई सबूत नहीं है। ऐसे ही हेमंत सोरेन को कहेंगे।

आदिवासियों को अशिक्षित रखना चाहती है भाजपा : चम्पाई सोरेन

झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि भाजपा की सरकार ने 5000 स्कूल बंद किए लेकिन हमारी सरकार ने स्मार्ट स्कूल खोलने शुरू कर दिए। भाजपा झारखंड के आदिवासियों, दलितों, मूलवासियों और पिछड़ा वर्ग के बच्चों को अशिक्षित रखना चाहती थी लेकिन हेमंत सोरेन ने मॉडल स्कूल खोलना शुरू किया तो भाजपा परेशान हो उठी। भाजपा ने लंबे समय तक झारखंड पर शासन किया। कभी उसने आदिवासी, दलति, गरीब, पिछड़ा, मूलवासी की बात नहीं की। वर्ष 2022 तक सभी लोगों को पक्का आवास देने की बात भाजपा ने कही थी। झारखंड को पीएम आवास नहीं मिला तो हेमंत सोरेन ने अबुआ आवास योजना की शुरुआत कर दी। हम 30 लाख परिवारों को अबुआ आवास देने जा रहे हैं।

हेमंत सोरेन ने जेल से भेजी चिट्ठी, कल्पना सोरेन ने पढ़ा

कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन का संदेश पढ़ते कहा कि देश एक विषम परिस्थिति से गुजर रहा है। वर्ष 2014 से देश में एनडीए की सरकार चल रही है। हालांकि, पूरे देश के राज्यों का जनाधार एनडीए को अबतक नहीं मिला है। ऐसे में भाजपा-एनडीए गैर भाजपाई राज्यों के साथ सौतेलापन दिखा रही है। उनके साथ नहीं आने वाले को जेल भेजा जा रहा है। हर वर्ग को ठगा गया है। अलग-अलग सूचना तंत्रों के माध्यम से जनता को भ्रमित किया जा रहा। पत्र में कहा है कि झारखंड के लोग गरीब हैं। यहां के संसाधनों से देश चलता है पर यहां के लोगों को हक, अधिकार नहीं मिल रहा। पूरे देश को किस तरह से केंद्र सरकार ने ठगा और लूटा है, इसे रैली में नेता बताएंगे। राज्य अलग होने के बाद परिसीमन की बात थी, जिससे आदिवासियों की सीट और घट जाती लेकिन शिबू सोरेन के विरोध के कारण परिसीमन लागू नहीं हो सका। वर्तमान लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र फिर से इस विषय को लाने वाली है और जिस तरह से वह कानून बना रही है, उससे आदिवासियों, दलितों को नुकसान होने वाला है। आज के परिप्रेक्ष्य में आदिवासी, दलितों के खिलाफ केंद्र सरकार का रवैया खराब है। अबकी लोकसभा चुनाव मजबूती से लड़ेंगे और जीतेंगे भी। देश की अखंडता को तोड़ने वालों को खदेड़ा जायेगा।

बिना आरोप साबित हुए केजरीवाल को जेल भेजा: सुनीता केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि उनके पति को मोदी ने जेल में डाल दिया। यहां के सीएम हेमंत को भी जेल में डाल दिया। आखिर उनका क्या कसूर है उनका। अदालत ने उन्हें दोषी नहीं ठहराया। कहते हैं कि जांच चल रही है। बिना कोई दोष साबित हुए जेल में डाल दिया जा रहा है। ऐसी तानाशाही कोई बर्दाश्त करेगा क्या। उनके पति का क्या कसूर है।

सुनीता ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली में अच्छी शिक्षा दिलवायी। अस्पताल बनवाए। मोहल्ला क्लिनिक बनवाए, जिसकी चर्चा देशभर में है। देशभक्ति केजरीवाल में कूट-कूटकर भरी है। इनके सहपाठी बाहर गये लेकिन ये इस देश और यहां की जनसेवा के लिए कहीं नहीं गये। उन्होंने मुझसे पूछा भी था कि समाज सेवा करनी है, तुम्हें कोई प्रॉब्लम तो नहीं होगी। ऐसे शख्स को जेल में डाल दिया।

भाजपा को भगाना है, देश को बचाना है: तेजस्वी यादव

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी याद ने कहा कि झारखंड ने मूड बना लिया है। भाजपा को भगाना है, देश को बचाना है। भाजपा को भगाओ, देश का संविधान, लोकतंत्र बचाओ। मोदी की बात नहीं करने आए हैं। पढ़ाई, दवाई की बात करने आए हैं। पूरे देश में तानाशाही चल रही है, उसे कुचलना है। यहां केजरीवाल और हेमंत की एक-एक सीट खाली है। जनता मालिक है। दोनों को न्याय दिलाना है। तेजस्वी ने कहा कि झारखंड और दिल्ली में इतना अच्छा काम चल रहा था। मोदी को पचा नहीं। ईडी, आईटी और सीबीआई को लगा दिया। जेल में डाला गया। पूर्व में मेरे पिता को भी जेल में डाला। उनके ऊपर भी केस लगाया गया। इन्हें नहीं पता, हम क्या डरेंगे। देश को बदहाल किया है। इसका बदला लेना है केंद्र सरकार से।

पूरा देश झारखंड के साथ लड़ाई में खड़ा: संजय सिंह

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश में अलग-अलग जगहों पर भाजपा की दुकान समेटी जा रही है। बिहार के अंदर भाजपा की दुकान को बंद करने का जिम्मा तेजस्वी यादव ने लिया है। प्रियंका चतुर्वेदी का गठबंधन महाराष्ट्र में भाजपा को हटाने में लगा है। बिरसा की धरती से मोदी को संदेश दे रहा कि भाजपा जमानत जब्त कराने को तैयार है। हमारे सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसौदिया, हेमंत सोरेन को जेल में रखा है।

भाजपा ने शेर को गिरफ्तार किया है, दहाड़ को नहीं : अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि यहां के ऐलान हो रहा है कि जो लोग 2014 में आए थे, वे 2024 में यहां से हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार नारा लगा रही है कि इस बार 400 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। अखिलेश ने कहा कि ये घबराए हुए लोग हैं। ये हार चुके हैं। हार चुके लोग अन्याय लेकर आए हैं। जब मैदान में पहलवान हारने लगता है तो हर हथकंडे अपनाता है। कभी-कभी नोंचता है, काटता है। साथ ही कहा कि भाजपा ने शेर को गिरफ्तार किया है लेकिन दहाड़ को नहीं। इनके पास जनता को बताने के लिए कुछ नहीं है। किसानों से कहा था कि सत्ता में आएंगे तो किसानों की आय दोगुनी कर देंगे।

मैं चीनी या पाकिस्तानी नहीं, भारतीय मुसलमान हूं : फारूक अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि वह मुसलमान हैं लेकिन चीनी या पाकिस्तानी मुसलमान नहीं हैं। वह हिंदुस्तानी मुसलमान हैं। भारत के मुसलमान हैं। भारत में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषा बोलने वाले लोग रहते हैं। यही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती है। हम सबको एक उम्मीद ने जोड़ रखा है कि यदि हमें आगे बढ़ना है, भारत को आगे बढ़ना है तो हम सबको मिलकर रहना होगा। उन्होंने कहा कि राम पूरे विश्व के राम हैं। हरेक के राम हैं।

अब लोकतंत्र को बचाने का वक्त आ गया : विवेक गुप्ता

टीएमसी के पूर्व सांसद विवेक गुप्ता ने कहा कि वे इंडिया अलायंस में गर्व के साथ शामिल हुए हैं। अरविंद और हेमंत का चेयर रैली में खाली है। केंद्र चाहे जितना जोर लगा ले, दोनों नेताओं की वापसी होगी। सावित्री नाम की महिला पति को यमराज से वापस ले आयी थी। यहां सुनीता और कल्पना के साथ तो उनके समर्थक भी हैं। अब लोकतंत्र को बचाने का वक्त आ गया है। एक-एक वोट, भाजपा को चोट, यह मैसेज सब जगह जाए।

ईडी, सीबीआई विपक्ष का गला घोंटने में लगी : प्रियंका चतुर्वेदी

शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) की प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र में चुनाव के मौसम में व्यस्त हैं। उन्होंने संदेश दिया है कि हमारी दो बहनें दिल्ली और झारखंड की हैं। उनके लिए आवाज उठाओ। ईडी, सीबीआई विपक्षी आवाज का गला घोंटने में लगी है। झूठी सरकार के खिलाफ बोलने वालों के खिलाफ एक्शन हो रहा है। वर्ष 2014 से अब तक एक भी वादे मोदी ने पूरे नहीं किए। हम आने वाली पीढ़ी के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे और जो-जो ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग कर रहे हैं, उन सबको सबक सिखाएंगे।

झारखंड को फंसाने की भाजपा की साजिश : दीपांकर भट्टाचार्य

माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड को फंसाने की भाजपा की जो साजिश है वह नयी नहीं पुरानी है। अलग राज्य बनने के बाद से ही ऐसा हो रहा है। आरएसएस, भाजपा का वश चलता तो इस राज्य का नाम वनांचल कर देते। नाम नहीं बिगाड़ पाए लेकिन काम बिगाड़ने की कोशिश जारी है। नया राज्य बनने के बाद डोरंडा में ईद के मौके पर गोली चलती है। उन्होंने कहा कि 400 पार के गुब्बारे की हवा लोगों ने पहले चरण में ही निकाल दी है। इंडी गठबंधन की सरकार अब सब बनाएंगे। लोगों की सबसे बड़ी चिंता बेरोजगारी, महंगाई है।

कांग्रेस ने रांची से सुबोधकांत की पुत्री और गोड्डा से प्रदीप यादव को दिया टिकट

दीपिका पांडेय सिंह का गोड्डा से कटा टिकट

रांची । कांग्रेस पार्टी ने झारखंड के दो लोकसभा सीट के लिए रविवार रात दो उम्मीदवारों की घोषणा की है। रांची से पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय की पुत्री यशस्विनी सहाय को टिकट दिया गया है। जबकि गोड्डा लोकसभा सीट से प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। इस संबंध में कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने अधिसूचना जारी की है। उल्लेखनीय है कि गत 16 अप्रैल को गोड्डा से इससे पूर्व कांगेस ने दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया था। लेकिन उनका टिकट काट कर प्रदीप यादव को टिकट दिया गया है।

एक करोड़ 40 लाख के अफीम के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

चतरा। रातों-रात अमीर बनने के सपने में जुटे अफीम तस्करों को पुलिस ने एक और बड़ा झटका दिया है। जिले के गिद्धौर थाना पुलिस की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब एक करोड़ चालीस लाख रुपये के अफीम के अवैध खेप के साथ पिता-पुत्र को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। एसपी विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित गिद्धौर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने यह कार्रवाई कर माफियाओं में हड़कंप मचा दिया है। गिरफ्तार तस्कर अफीम के खेप को दूसरे राज्यों के मंडियों में ऊंचे दामों पर खपाने का काम करते थे।

मवेशी शेड में छिपाकर रखते थे अवैध स्टॉक

अफीम तस्करों के विरुद्ध हुई कार्रवाई की पुष्टि करते हुए सिमरिया एसडीपीओ अजय केसरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के बरली टोला में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से अफीम को स्टॉक कर तस्करी करने की गुप्त सूचना पुलिस अधीक्षक को मिली थी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में गिद्धौर थाना प्रभारी व सशस्त्र बल की संयुक्त टीम

का गठन कर अभियान चलाने का निर्देश प्राप्त हुआ था। निर्देश के आलोक में टीम ने चिंहित स्थल पर बने मवेशी शेड में छापेमारी अभियान चलाकर अवैध तरीके से तस्करी को लेकर स्टॉक कर रखा गया 28 किलो अफीम के साथ तस्कर महेंद्र दांगी व उसके पुत्र दीपेंद्र दांगी को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का दो मोबाईल फोन भी तस्करों के पास से जप्त किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि नशे के अवैध कारोबारियों के द्वारा अफीम के खेप को खूंटी से खरीद कर दिल्ली और पंजाब के मंडियों में खपाया जाता था। इसी दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामार कर उनकी साजिश पर पानी फेर दिया।

जारी रहेगा अभियान, करेंगे कठोर कार्रवाई

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि पुलिस के इस कार्रवाई से अफीम तस्करों को बड़ा आर्थिक झटका लगा है। अभियान में एसडीपीओ के अलावे थाना प्रभारी अमित गुप्ता व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। उन्होंने बताया कि चतरा पुलिस अफीम तस्करों के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है। किसी भी परिस्थिति में तस्करों को इलाके में पांव पसारने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

मजदूर को पूछताछ के बाद किया मुक्त, मास्टरमाइंड फरार

जानकारी के अनुसार गिद्धौर थाना पुलिस ने छापामारी के दौरान मौके से एक मजदूर को भी तस्करों के साथ हिरासत में लिया था। लेकिन अधिकारियों व जांच टीम के द्वारा पूछताछ के बाद मजदूर की संलिप्तता नहीं पाए जाने के बाद उसे थाने से मुक्त कर दिया। हालांकि पुलिस के अभियान के दौरान मौके से इस काले धंधे का मास्टरमाइंड भागने में सफल रहा है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार तस्कर पिता अपने इस पुत्र के साथ पूर्व में भी अफीम तस्करी के मामले में जेल की हवा खा चुका हैं। जबकि उसका दूसरा बेटा जो इस तस्करी के काले धंधे का मास्टरमाइंड माना जाता है। वह अभी भी पुलिस के पहुंच से दूर है। सूत्रों के अनुसार अफीम तस्करी से जुड़े इस माफिया बाप-बेटे की जोड़ी ने करोड़ों रुपए की अवैध कमाई की है। ये अफीम तस्करी के काले धंधे की कमाई से विभिन्न जिलों में परिवहन निबंधित दर्जनों गाड़ियों के साथ-साथ विभिन्न जिलों में कई स्थानों पर अचल संपत्तियां भी अर्जित कर रखी है। जिसकी जांच करें तो पुलिस को और भी बड़ी सफलता हाथ लग सकती है।

बसरी गांव मे मड़ा का आयोजन सात मई को

बुढ़मू। प्रखंड के बंसरी गांव में ग्रामीणों की बैठक रविवार को समाजसेवी जनार्दन साहु की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 7 मई को फुलखुन्दी तथा 8 मई को झूलन सह मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की सफलता को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अजय कुमार साहु, सचिव गौरी पाहन व कोषाध्यक्ष कुलदीप साहु बनाये गये। वहीं कमेटी में संरक्षक परिबा साहु, कौशल साहु, जयकुमार साहु, विकास साहु, संदीप साहु, मणिकांत साहु चुने गये। मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

फौजिया जरीन सिटी टॉप 10 में शामिल

भारतीय एकता कमेटी ने किया सम्मानित

रांची- जैक दसवीं की परीक्षा में सफल फौजिया जरीन को भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने उन्हें मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और हौसला अफजाई की। फौजिया जरीन उर्सुलाइन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल की छात्रा है। 95.80त्न लाकर अपने स्कूल अपने मां-बाप का नाम रोशन किया । फौजिया जरीन के पिता बुलंद अख्तर माता जेबा नूरी है। फौजिया जरीन रांची टॉप 10 में शामिल है । फौजिया ने बताया कि साइंस लेकर आगे की पढ़ाई करुंगी । फौजिया ने बताया कि स्कूल की टीचरों का भी बहुत बड़ा योगदान रहा मां-बाप का भी पूरा सहयोग रहा।

लोकसभा चुनाव में राजा पीटर से बाबूलाल मरांडी ने मांगा समर्थन

तमाड़। प्रखंड स्तिथ प्राचीनकालीन दिऊड़ी मंदिर में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने पूजा अर्चना किये। वरिष्ट पूजारी मनोज पंडा ने पूजा संपन्न कराया. पूजा के पश्चात मंदिर समीप मैदान में बाबूलाल मरांडी ने राजा पीटर और उनके समर्थको के साथ बैठक किया। बैठक के पूर्व बाबूलाल मरांडी का बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा की लोकसभा चुनाव में खूंटी निर्वाचन क्षेत्र में राजा पीटर तथा उनके समर्थक भाजपा को समर्थन दें तथा देश में फिर एक बार मोदी सरकार को विजयी बनाये। इस पर राजा पीटर ने कहा की कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श के बाद ही इस पर निर्णय लिया जायेगा। मौके पर आरती जायसवाल, कुणाल मांझी, बंटी मुंडा, प्रवीन चौधरी, अटकु चौधरी, संतोष जायसवाल, आशीष पांडेय, अमृतेस पाठक, धनंजय स्वांसी, सीताराम मुंडा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल एक रिम्स रेफर

बालूमाथ ।रविवार की देर शाम एकीकृत बबालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये । पहली घटना घटना में मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहा युवक तीखे मोड़ में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भुवनेश्वर गंझु 34 वर्ष पिता प्रभु गंझु ग्राम साल्वे थाना बारियातु निवासी गोनिया पंचायत के चुम्बा,बिरबीर से अपने घर जाने के क्रम में अलखडीहा मोड़ के समीप एक तीखे मोड़ में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया । वहीं दूसरी घटना में मोटरसाइकिल के धक्के से एक युवा गंभीर रूप से घायल हो गया । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिकंदर साव 38 वर्ष स्व0 जग्गू साव ग्राम घूरे थाना हेरहंज निवासी सड़क के किनारे खड़ा था ।तभी तेज गति से आ रही बाइक ने अनियंत्रित होकर उसे टक्कर मार दिया । जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । घटना के बाद घायल युवक को हेरहंज के समाजसेवी देवनंदन प्रसाद ने बालूमाथ अस्पताल पहुंचाया ।जहां दोनों दुर्घटना में घायल युवकों का डॉक्टर ध्रुव कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया ।वहीं गंभीर रूप से घायल भुवनेश्वर गंझु को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया ।

शॉर्ट सर्किट से रंग पेंट की दुकान में लगी आग ,

25 से 30 लाख रुपए का नुक़सान

हजारीबाग – मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत शगुन वाटिका शादी घर के बगल में रविवार को अपराह्न 2-30 बजे शॉर्ट सर्किट से जगधात्री पेंट एंड हार्डवेयर दुकान में आग लग गई। मामले की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और दो घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस आगजनी के घटना में 25 से 30 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। दुकानदार गंगाधर कुमार साव ने थाना में आवेदन देकर मुआवजा की गुहार लगाई है। उसने बताया कि अगर फायर ब्रिगेड की टीम समय पर नहीं पहुचती तो आसपास के कई दुकान और घर चपेट में आ सकते थे लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाकर बड़ी घटना से बचा लिया। उन्होंने बताया कि उसे क्षेत्र में एक बिजली का ट्रांसफार्मर से लगातार शॉर्ट सर्किट की घटना हो रही है।जिसके चपेट में वह आ गए।

सैनिकों के कारण ही देश पूरी तरह सुरक्षित है: संजय सेठ

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने नामकुम में की बैठक,

नामकुम। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रांची झारखंड की बैठक नामकुम स्थित बरगांवा मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह व अध्यक्षता सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल अखोरी रंजन सिन्हा ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे सांसद संजय सेठ,विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू,कुणाल आजमानी,गुरविंद सिंह सेठी उपस्थित हुए। पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने कहा कि वास्तव मे देश सैनिकों के कारण ही पूरी तरह सुरक्षित है। केंद्र की नीति और सैनिकों की ताकत के कारण ही आज भारत नये रूप मे दुनिया के सामने खड़ा है। आसमान से लेकर पाताल तक की ताकत को दुनिया देख रही है।

विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सह चुनाव प्रमुख अजय मारू ने कहा कि भारत आज सैनिकों की बदोलत कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक एक है। 21वी सदी का यह भारत पिछ्ले दस वर्षों मे नये ताकत के साथ दुनिया के सामने खड़ा है। कार्य क्रम में पूर्व सैनिकों की बातों को रखते हुए सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिकों को पूरे देश मे जिस तरह सुविधा दी जाती है उसी तरह झारखंड मे भी सविधा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का एक एक वीर सैनिक जब सरहद पर सोता हूँ तब देश का हरेक नागरिक चैन की नींद सोता है। आज ऐसे सैनिकों को उनका सम्मान मिलना ही चाहिए। अतिथियों का स्वागत अरुण झा, सविता देवी, ललन ठाकुर, शिल्पी शालिनी,ने बुके व अंग वस्त्र देकर किया। कार्यक्रम मे सूबेदार अरुण कुमार झा, सूबेदार ललन ठाकुर, अरुण तिवारी,अक्षय मिश्रा, सुरेश पांडेय,बिकु सिंह, एन पी सिन्हा, संगीता उराव,रीता देवी,रूपा देवी,शारदा देवी,बिनोद सिंह, पृथ्वी राज, कृष्णा कुमार, नंद किशोर सिंह,सहित सैक्डो की संख्या मे पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

सरकारी शराब दुकानों पर निर्धारित रकम से अधिक पैसा वसूलने तथा ग्राहकों से बदसलूकी करने का मामला सामने आया

खलारी। खलारी कोयलांचल के डकरा एवं खलारी में चल रहे सरकारी शराब दुकानों पर निर्धारित दर से अधिक दर वासूलने तथा ग्राहकों द्वारा जानकारी मुल्यो की जानकारी मांगे जाने पर ग्राहकों से बदसलूकी किए जाने का मामला सामने आया। इस मामले से संबंधित जानकारी देते हुए आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार उर्फ विक्की ने बताया कि डकरा सरकारी एवं खलारी शराब दुकान संचालकों द्वारा मूल्य से अधिक दर से ग्राहकों से पैसा वसूल रहे हैं ग्राहक जब दर के संबंध में दुकान संचालकों से पूछताछ की जाती है तो संचालक ग्राहक से बदसलूकी करते पर उतारू हो जाते है

जिससे ग्राहकों में काफी नाराज हैं वहीं उन्होंने बताया कि शराब की दुकानों में ग्राहकों से मनमाना कीमत वसूली कर रहे शराब बेचने वाले यह खुलेआम कहते हैं कि वे जिला के अधिकारी के आदेश पर ऐसा करते हैं। मिली जानकारी के मुताबिक दोनों शराब दुकान के विक्रेता ग्राहकों से निर्धारित अधिकतम मूल्य से भी अधिक पैसा ले रहे हैं और उसके बदले बिल भी नहीं दे रहे हैं। श्री विक्की बताते हैं कि एक शादी समारोह के लिए शराब खरीदने गए तब उनके साथी भी निर्धारित दर से अधिक पैसे वासूले गए इस संबंध में पूछा जाने पर बदसलूकी का सामना करना। साथ ही वह बताते हैं कि दुकान संचालक के हौंसले इतने बुलंद हैं कि इतना कुछ करने के बाद वह यह भी कह रहे थे कि हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता क्योंकि इसके लिए उपर के अधिकारियो को मोटी रकम दी जाती है सबको मैनेज करते हैं। खलारी के सरकारी शराब दुकान से दिए ऑनलाइन पर्ची पर JSBCL 077 स्नरूङ्ग ऋह्य्ट 22 23 अंकित है वहीं डकरा के दुकान के ऊपर लगा फ्लैक्स बोर्ड पर अनुज्ञप्ति संख्या 076_FLX_RNC_22-23 अंकित है। यह अंक वित्तीय वर्ष 22-23 को दर्शाता है जो दोनों दुकानों के कार्य शैली पर बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। जबकि अभी 23-24 वित्तीय वर्ष चल रहा है। इधर ग्राहकों से हो रहे दुर्व्यवहार को मनचाहा रकम वसुले जाने को लेकर अधिकारियों से जांच की मांग की।

अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन किया गया

बुढ़मू .।श्री महाबीर मंडल उरुगुट्टू के तत्वाधान में रविवार को अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहु, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रमुख सोमनाथ मुंडा,आजसू के जिलाध्यक्ष संजय महतो,भाजपा के वरीय नेता अनिल टाइगर ने किया। मौके पर आदित्य प्रसाद ने कहा कि भगवान राम का जीवन हमे बुराइयों को त्यागकर अच्छाई को अपनाने का संदेश देता है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमे सभी धर्मों का सम्मान करने की जरूरत है। कार्यक्रम में कांके,बुढ़मू,मांडर,रातू,लोहरदगा, चतरा, लातेहार,खूंटी के दर्जनों अखाड़ेधारी शामिल हुए। अखाड़ेधारियों ने देर रात तक अपने प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन कमेटी द्वारा सभी अखाड़ेधारियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव,कृष्णा महतो,प्रेमप्रकाश सिंह,मनोज महतो,पप्पू बैठा,सोहन महली,अमृत महतो,रामदयाल महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

श्री श्री मंडा पूजा समिति बूटी कि मंडा पूजा को लेकर हुई बैठक

रांची। श्री श्री मंडा पूजा समिति बूटी ने रविवार को आगामी मंडा पूजा के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक मंडा मंदिर प्रांगण में किया गया, जिसमें आने वाली वैशाख (बुद्ध) पूर्णिमा 23 मई 2024 दिन गुरुवार से आयोजित मंडा पूजा को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से राजेंद्र ओहदार, फुलेश्वर महतो, रामेश्वर प्रसाद, अशोक ओहदार, एवं गांव के गन्यमान लोगों कि उपस्थिति में विचार विमर्श किया गया, जिसमें बताया गया कि आगामी मंडा पूजा की शुरुआत पाट पूजा से होगी,23 मई को लोटन सेवा, रात्रि में 8 बजे फूलखुंदी एवं छऊ नृत्य का कार्यक्रम होगा, और 24 मई को दिन में भोक्ता झूलन एवं रंगा रंग आधुनिक नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन होगा। बैठक की अध्यक्षता श्री ललकु महतो जी के द्वारा किया गया। पूजा को संचालन करने के लिए सर्वसम्मति से एक समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष - राम ओहदार, कार्यकारी अध्यक्ष- अमर महतो, महासचिव- श्री हेमन्त ओहदर ,उपाध्यक्ष- कपिल महतो, जयकिशोर नायक, अजीत महतो , धर्मेश ओहदार, बबलू भंडारी, पवन ओहदार कोषाध्यक्ष-लिखेश्वर ओहदार, सह कोषाध्यक्ष- मनोज कुमार, उमेश कुमार सचिव- कर्मदेव बैठा, अविनाश कुमार, रजनीकांत ओहदार, सत्यम कुमार, विनय महतो, सह सचिव- अजय नायक, पुनीत कुमार, राजन महतो, देवेन्द्र महतो निखिल ओहदार, शिवम ओहदार, कुणाल महतो, मीडिया प्रभारी - मनीष कुमार, देवाशीष महतो, सौरभ कुमार संगठन मंत्री- अजीत ओहदार, करण कुमार , विजय कुमार, सतीश महतो, मुकेश कुमार, पंकज राज कार्यकारी सदस्य- पवन कुमार, रोहन कुमार, नितेश महतो, चंचल महतो, कुशल महतो, कुणाल ओहदार, पंकज ओहदार, जोशी ठाकुर, सुरेन्द्र महतो, अभिषेक नायक, आलोक राज , बबलू मरांडी एवं समिति के सभी सदस्य।

सीसीएल कर्मियों ने संडे ड्यूटी की कटौती के विरोध में काम बन्द कराया

प्रबंधन के साथ वार्ता हुई रैयत विस्थापित मोर्चा एवं आर सी एम् एस ददई गुट के सहयोग से और मजदूरों की ताकत को देखते हुए प्रबंधन को अपना फैसला बदलना पड़ा

प्रबंधन के साथ वार्ता हुई रैयत विस्थापित मोर्चा एवं आर सी एम् एस ददई गुट के सहयोग से और मजदूरों की ताकत को देखते हुए प्रबंधन को अपना फैसला बदलना पड़ा ।

खलारी। केडी एच तथा पुरणाडीह परियोजना में कामगारो के संडे ड्यूटी में कटौती किए जाने के विरोध में चार घण्टे काम बन्द रहा।रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, रामलखन गंझू,विनय खलखो एव नरेश गंझू के नेतृत्व में दोनो परियोजना में मजदूरों ने काम बन्द रखा।इस आंदोलन में इंटक के अब्दुल्ला अंसारी, बीएन पांडेय, सोनू पांडेय, पजू महतो भी शामिल थे। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि परियोजना की स्थिति के लिए मजदूर जिम्मेवार नही है इसलिए मजदूरों के सन्डे ड्यूटी में कटौती का प्रबंधन का निर्णय उचित नहीं है।जबकि दिन रात मजदूर मेहनत कर उत्पादन बढाने में लगे रहते हैं।उन्होंने कहा कि सभी मजदूरों को संडे ड्यूटी मिलना चाहिए।लेकिन कुछ यूनियन के द्वारा जानबूझकर इस तरह की साजिश कर मजदूरों का संडे काटा जा रहा है जो ठीक नहीं है।जबकि यहां के रैयत विस्थापित मजदूर अपनी जमीन देकर एवं पर्यावरण के विपरीत अपनी खून पसीना बहाकर देश की ऊर्जा बढ़ा रहे है मोर्चा के अध्यक्ष ने कहा कि जब यहां के रैयत अपना जमीन देते हैं तो सभी ट्रेड यूनियन इस छेत्र में अपनी यूनियन चला रहे हैं, श्री भोगता ने सभी यूनियन से आग्रह किया है कि यहां के रैयत विस्थापित मजदूरों को देखते हुए अपना यूनियन चलाए अन्यथा यहां के रैयत मजदूर सभी यूनियन से इस्तीफा देने के लिए तैयार है।चार घण्टे खदान बन्द रहने के बाद मोर्चा के साथ महाप्रबंधक ने वार्ता किया और आश्वाशन दिया कि सभी मजदूरों को सन्डे दिया जाएगा।

झारखंड स्टेट जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवम् सीनियर कराटे चैंपियनशिप 2024 सम्पन्न

रांची -स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा आज दिनांक 21 अप्रैल को झारखंड स्टेट जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवम् सीनियर कराटे चैंपियनशिप 2024 का समापन हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम रांची में हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज कुमीते के वर्ग जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवम् सीनियर का प्रतियोगिता हुआ। विजेताओं को स्पोर्ट्स कराटे ऐसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव सेंसाई हेजाज़ अकसद, राष्ट्रीय कोच शिहान रंजीत मेहता, राष्ट्रीय रेफरी कोशी नरेंद्र सिन्हा, शिहान शशि पांडे, सेंसाई धनंजय श्रीवास्तव द्वारा मेडल प्रदान किया गया।

आज के प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा हैं

गोल्ड मेडल

अलीशा केरकेट्टा, स्नेहा बालमुची, अकंच्छा तिर्की, आहना मंडल, आर्या अग्रवाल, प्रिशा पंकज, तविशी वर्मा, रीया कुमारी, स्वेता कुमारी, शीतल तोपनो, राजा घोष, विवेक धान, मुकेश बोदरा, दिव्यांश श्रीवास्तव, संजय कुमार, ऋषी राज सिंह, अंकित धान, जॉनसन खेस, अविसेख, विवेक कच्छाप, बालाजी हीरो, रवि सोरेन, अमृत मुंडा, अमर।

सिल्वर मेडल

चंदन कुमार, प्रिंस गुप्ता, अमरजीत मुंडा, प्रिंस ठाकुर, शोषण बोदरा, प्रियांशु लकड़ा, अंशु मिश्रा, अरिसल हीरो, भूपेन्द्र सिंह, राजा घोष, प्रमोद यादव, चंदन शाहनी,अमीश यादव, प्रियंशी कुमारी, अनुष्का आकांक्षा, सुहानी टोप्पो, कृतिका ठाकुर, निलिशा गुड़िया, सीता मनी उरांव।

ब्राउंज मेडल

अपूर्व राज, पुजा तिर्की, प्रियंका कुमारी, विधि रवि, सोनमती कुमारी, संजना मिंज, अलका बारला, जितेश मुंडा, अनंत हस्सा, एडमिन टोपनो, सिवदत्त लोहरा, गौरव मुंडा।

इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले प्लेयर्स देहरादून में होने वाले नेशनल चैम्पियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। विजेताओं को स्पर्ट्स कराटे स्पोर्ट्स ऑफ झारखंड के सी ई वो सेंसाई के के सिंह, अध्यक्ष हंसी मानस सिन्हा, सेंसाई उदय कुमार ने बधाई दी।

चैम्बर के कार्यकारिणी की बैठक 27 अप्रैल को नेतरहाट में

झारखण्ड चैम्बर के कस्टोडियन कमिटी की बैठक

रांची = फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कस्टोडियन कमिटी की बैठक होटल कैपिटल हिल में संपन्न हुई। बैठक में शामिल सबसे वरीयतम पूर्व अध्यक्ष आर के सरावगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गट्टानी ने चैम्बर की वर्तमान गतिविधियों पर चर्चा करते हुए अपनी भावी योजनाओं से अवगत कराया।

राज्यस्तर पर चैम्बर को सशक्त बनाने के साथ ही क्षेत्रीय उपाध्यक्ष की सहभागिता से जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स और सम्बद्ध संस्थाओं को चैम्बर के कार्यकलापों में सहभागी बनाने पर भी बैठक में सदस्यों द्वारा बल दिया गया। कहा गया कि जिला स्तर पर दौरों के आयोजन के माध्यम से फेडरेशन की उपस्थिति से व्यापारियों का मनोबल बढ़ता है। चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी फेडरेशन द्वारा राज्यस्तर पर गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में चैम्बर के कार्यकारिणी समिति की आगामी बैठक 27 अप्रैल को नेतरहाट में आयोजित की गई है जिसमें रांची के अलावा पलामू, गुमला, लोहरदगा के व्यापारी शामिल होंगे।

चैम्बर भवन बिल्डिंग के रख रखाव, अव्यवस्थित जनरेटर को सुव्यवस्थित बनाने तथा पूरे पैसेज को साफ सुथरा रखने में कार्रवाई के लिए पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया के नेतृत्व में कमिटी का गठन किया गया। भवन में नया लिफ्ट लगाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसके लिए पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा को अधिकृत किया गया। इसी प्रकार चेंबर भवन के आधारतल एवं कार्यालयी तल के सौंदर्यकरण करने के साथ ही प्रथम तल पर 12 केविन बनाने का निर्णय लिया गया. जिसका प्रारूप बनाकर अपने सम्बद्ध संस्थाओं के बीच में प्रचारित करना है और जब तय हो उसके बाद बनाने की सहमति समिति द्वारा दी गई। चैम्बर को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में वर्तमान टीम द्वारा की जा रही कार्रवाई की समिति के सदस्यों ने सराहना की और इस दिशा में और अधिक बेहतरी के अपने सुझाव भी दिए। महासचिव परेश गट्टानी ने चैम्बर की बेहतरी के लिए कस्टोडियन कमिटी की बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी पूर्व अध्यक्ष का आभार जताया और कहा कि कमिटी के निर्देशानुसार हमारी कार्यकारिणी समिति हरसंभव कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष आर के सरावगी, केके साबू, ललित केडिया, महेश पोद्दार, गिरीश मल्होत्रा, मनोज नरेडी, रंजीत टिबडेवाल, बिकास सिंह, पवन शर्मा, रंजीत गाडोदिया, कुणाल अजमानी, चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गट्टानी उपस्थित थे।

राईन उर्दू बालिका उच्च विद्यालय का शानदार प्रदर्शन

रांची = जैक की मैट्रिक की परिक्षा 2024 का परिणाम घोषित जिसमे राईन उर्दू बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया । मुसर्रत परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,438 अंक (87.6त्न) आयशा सज्जाद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया,432 अंक (86.4त्न) मन्तशा परवीन ,409(81.2त्न) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।।विद्यालय का रिज़ल्ट 92त्न रहा ।। विद्यालय की शिक्षिकाओं की मेहनत और छात्राओं की मेहनत रंग लाई ।।विद्यालय के सचिव और प्रिंसिपल ने सबको मुबारकबाद दिया है ।।

विश्व पृथ्वी दिवस पर फेस पेंटिंग प्रतियोगिता

रांची =विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक अद्वितीय और रोचक पहल के रूप में, साबिर हुसैन के द्वारा फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जागरूक करना है, और इसे एक रोचक और रंगीन तरीके से करने का प्रयास है इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभाशाली युवा और बच्चे पृथ्वी के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। निर्णायक मंडली में शगुफ्ता बानो, अली अब्बास,। डायरेक्टर मोहम्मद साबिर हुसैन के द्वारा सभी प्रतिभागियों तथा विजेताओं को प्रस्तुत किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समीर हसन, अलीना का योगदान रहा।

स्वस्थ रहने के लिए सुबह एक घंटा अपने शरीर को जरूर दीजिए : डॉ आर. के उपाध्याय

राँची = जेसीआई राँची यूथ और शल्बी डिवाइन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी मैदान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया की शिविर मे लगभग 150 लोगो का निःशुल्क स्वास्थ्य का परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने लिया है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।शिविर में डॉक्टर आर.के उपाध्याय ने बीपी, शुगर, हृदय, उच्च रक्तचाप, टॉयफायड, शुगर,रोग तथा अन्य बीमारियों के मरीज का निःशुल्क जाँच किया गया। रक्तचाप, मधुमेह की जाँच अधिक मात्रा हुई और मुफ्त मे दवाइयों का वितरण किया गया। मेडिकल टीम मे आए जनरल फिजीशियन डॉक्टर आर.के उपाध्याय ने शिविर मे उपस्थित को महत्वपूर्ण जानकारी मे उन्होंने बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए 1 घंटे का व्यायाम बहुत जरूरी है पूरे 24 घंटे में आप 23 घंटे अपने काम में लगा लीजिए परंतु शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सुबह एक घंटा अपने शरीर को जरूर दीजिए जिसमें चलना, दौड़ना, खेलना, व्यायाम करना, साइकलिंग इत्यादि शामिल है। चिकित्सकों द्वारा जांच के पश्चात लोगों को उचित मार्गदर्शन भी दिया गया है।इस आयोजन से शिविर में आने वाले मरीज काफी खुश दिखे। मौजूद लोग स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए डॉक्टरों को धन्यवाद दे रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मोनिका गोयनका,सज्जन अग्रवाल,प्रवीण कुमार व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

आम बागवानी में आग लगने से झुलसा पेड

टाटीझरिया - टाटीझरिया प्रखंड के भराजो पंचायत के अमनारी में संचालित मनरेगा योजना के तहत धानेश्वर पासवन और मंजु देवी के आम बागवनी में आग लगने से पेड झुलस गया है और उसमें लगे फल भी झुलस गया है। यह आम बागवनी 2021-22 वर्ष से संचालित था। धानेश्वर पासवन ने बताया कि अपने आम बागवनी में प्रतिदिन जा कर देखभाल करता था उसी प्रकार शनिवार को भी शाम में घर गया और रविवार को सुबह आने पर देखा कि आग लगकर सभी पेड झुलस गया है और उसमें लगे फल भी झुलस कर गिरा हुआ है। लाभुक के द्वारा तुरंत मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय को सुचना दिया । मुखिया प्रतिनिधि ने पहुंच कर देखा कि सभी आग से पेड झुलस गया है। मुखिया प्रतिनिधि द्वारा इसकी सुचना रोजगार सेवक,बीपीओ एवं बीडीओ को बताया।

लगभग 1300 श्रद्धालुओ के बीच 146वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन का वितरण

रांची = गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के 52 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी(राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण मे वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ,जरुरतमंद परिवारों के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 146 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का विधिवत पूजन कर मंदिर परिसर मे उपस्थित 5 पुजारियों को श्रीराज श्यामा जी (श्री राधा-कृष्ण) भगवान एवम प्रणामी समाज के संतो एव गुरुजनों को भोग अर्पित कर बने हुए पुरे भंडारे में भगवान का भोग मिश्रित कर भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर लगभग 1300 श्रद्धालुओ, जरुरतमंद ग्रामीणों, दिव्यांग प्रभु जी आसपास के ग्रामीण एवं बच्चों के बीच पुडी,आलु टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव एवं ड्राई फ्रुट युक्त केसरीया खीर, मिक्चर का पैकेट, बोतल बंद जलजीरा का वितरण शुरू किया गया।

आज के अन्नपूर्णा प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी,पुर्णमल सर्राफ, सुशील नारसरीया, अनमोल सर्राफ, ओम प्रकाश सरावगी, नन्द किशोर चौधरी, विशाल जालान, बिमल मोदी, विष्णु सोनी, शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार (ताउ), प्रेम कुमार,चन्द्रदिप साहु परमेश्वर साहु, हरीश कुमार, महेश वर्मा महिला समिति की चंदा देवी अग्रवाल,संतोष देवी अग्रवाल,प्रिया नेमानी,पायल सर्राफ,अमिता जालान,मानसी अग्रवाल एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आर्थिक रूप से कमजोर दो कन्याओं का कराया विवाह

रांची =शहर के जाने-माने समाजसेवी तुषार कांति शीट व उनके अन्य सहयोगी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आर्थिक रूप से कमजोर दो अभिभावकों की पुत्रियों का विवाह रविवार को मोरहाबादी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में संपन्न कराया। दोनों कन्याओं के वैवाहिक कार्यक्रम में वर-वधु पक्ष के लगभग ढाई सौ रिश्तेदार, परिजन व शुभचिंतक सामूहिक प्रतिभोज में शामिल हुए और वर-वधु को आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर समाजसेवियों द्वारा वर-वधु को दैनिक उपयोग की सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई। श्री शीट ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर कन्या के अभिभावकों ने अपनी पुत्री के विवाह में आ रही बाधाओं के संबंध में चर्चा करते हुए अपनी समस्याएं रखी। इसपर उन्होंने अपने सहयोगियों से विचार-विमर्श कर दोनों कन्याओं का विवाह संपन्न कराने का निर्णय लिया। वैवाहिक समारोह में आलोक मजुमदार, तनय शीट, डॉ.स्मिता डे,अमिताभ दास, अंजन घोष, अरुण सिन्हा, आनंद रंजन घोष, सोमेन दत्ता तन्मय मुखर्जी, विनोद प्रकाश, विवेक राय, आलोक नंदी, मृणाल बोधक, बीबी नंदी, कृष्णा कंचन राय, दिलीप भाटिया, मुनमुन घोष, अजंता काली, मंतोष मजुमदार, अर्चना चक्रवर्ती, अरुण विश्वास, गोपी धीवर, सुधा कृष्ण बेग, सोहनी मजुमदार, श्रावंती शीट सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विवाह के बाद वर-वधु पक्ष के लोगों ने समाजसेवियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

आवश्यकता है
Jio BP पेट्रोल पंप,
तिलेडीह, इचाक
जिला: हजारीबाग।
सेल्समैन की
आवश्यकता है।
न्यूनतम योग्यता: 10वीं पास
आयु: 18 - 30 वर्ष
संपर्क करें : 7765030297

मैट्रिक परीक्षा में दारु प्रखंड में बेटियों ने मारी बाजी

दारू - सरस्वती उच्च विद्यालय की छात्रा मुस्कान सिन्हा ने मैट्रिक की परीक्षा मे 93.40 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड की टॉपर छात्रा बनने का गौरव हासिल किया है। मुस्कान एक बहुत ही प्रतिभावान छात्रा है और सिमित संसाधनों मे उसने बहुत मेहनत और लगनपूर्वक पढ़ाई कर यह उपलब्धि हासिल किया है। मुस्कान के पिता भैया अजीत कुमार सिन्हा टाटीझरिया के एक निजी विद्यालय मे शिक्षक है और माँ एक सफल गृहणी है। मुस्कान की प्रखंड की उत्कृष्ट छात्रा घोषित होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामेश्वर प्रसाद, मुखिया सुनील कुमार सहित कई जनप्रतिनिधियों और पड़ोसियों ने बधाई देते हुए मुस्कान के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी विद्यालय का दूसरा होनहार छात्र पेटो निवासी बादल कुमार पिता कृष्ण कुमार कुशवाहा ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 93.20 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड का दूसरा टॉपर छात्र बना है। बादल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। इन दोनो छात्रों के साथ मुस्कान कुमारी 455, संजना कुमारी 443, अनुराज 428, शायरा बानो 420, नगमा नाज़ 417, हीना कुमारी 412, मुनिका कुमारी 409, मुस्कान कुमार वर्मा 408 अंक लाकर टॉप टेन छात्रों मे अपनी जगह बनाने मे सफल रहे।

इमा कराटे स्टूडियो 22 स्वर्ण पदक के साथ ओवरऑल चैंपियन

रांची = सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वाधान में बिशप स्कूल की मेजबानी में आयोजित 11वी इमा कप सिकोकाई रांची जिला कराटे चैंपियनशिप का समापन हुआ।इमा कराटे स्टूडियो 22 स्वर्ण 18 रजत व 11 कांस्य पदक के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता वहीं

टाटासिल्वे क्लब 11 स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर और बरियातू क्लब तीसरे स्थान पर रही। मेजबान टीम बिशप स्कूल को चौथा स्थान प्राप्त हुआ अनुशासित टीम का खिताब बिशप स्कूल बहु बाजार को मिला।

लड़कों के वर्ग में चैंपियन का खिताब इमा कराटे स्टूडियो के प्रीत सोनी ने जीता। वही लड़कियों के वर्ग में चैंपियन का खिताब बरियातू क्लब की मारीया लवलीन खेस को प्राप्त हुआ।

सभी सफल खिलाड़ियों को समापन समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री मुकुंद नायक इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी इमा के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा एवं शिहान साधन चंद्र लोहार ने पुरस्कार प्रदान किया मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी देश के भविष्य है जो कि देश का नाम रोशन करते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कराटे के खिलाड़ियों ने राज्य ही नहीं देश का भी परचम लहराया है। शिहान सुनील किस्पोट्टा खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि कोई भी प्रतियोगिता छोटी या बड़ी नहीं होती है। खिलाड़ी हर एक प्रतियोगिताओं से कुछ ना कुछ सीखते हैं। आगामी होने वाले राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था आगामी चीन में होने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में इमा के अध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा, इंद्रजीत कुमार घोष ,राकेश तिर्की ,रवि सिंह ,पीटर कच्छप उमा शंकर महतो, आरती टोप्पो , रितिका तिग्गा, एनी कोनगाड़ी,दीपा बिनीता लिंडा , अक्षय कुमार आदि शामिल हैं

टाटा कैपिटल
TATA
रजि. कार्यालय: 11वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव टाटा कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013. सीआईएन नंबर U67190MH2008PLC187552

डिमांड नोटिस

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (नियम) के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002(अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत।

जबकि अधोहस्ताक्षरी अधिनियम के तहत टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (टीसीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है और नियमों के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 13(2) के तहत नीचे दिनांकित विस्तृत डिमांड नोटिस पहले ही जारी कर चुका है।) अधिनियम के तहत, यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/गारंटरओं (सभी अकेले या एक साथ देनदार के रूप में संदर्भित)/कानूनी वारिसओं/कानूनी प्रतिनिधियों को बुलाते हुए, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, संबंधित नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करना होगा। उक्त नोटिस की प्रतियां पंजीकृत डाक ए.डी. द्वारा भेजी जाती हैं और अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त दायित्वधारी/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें, तो संबंधित प्रति यहां से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त दायित्वधारी/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर टीसीएचएफएल को भुगतान करने का नोटिस दिया जाता है। , यहां नीचे उनके संबंधित नामों के सामने दर्शाई गई राशि, कॉलम (डी) में नीचे उल्लिखित संबंधित तारीखों से भुगतान और/या वसूली की तारीख तक दिए गए अतिरिक्त ब्याज के साथ, ऋण समझौते और अन्य दस्तावेजों/लेखों के साथ पढ़ें, यदि कोई हो, तो उक्त दायित्वकर्ता द्वारा निष्पादित। ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को विक्रेता बाध्यताकर्ताओं द्वारा क्रमशः टीसीएचएफएल को गिरवी रखा गया है।

ऋण खाता संख्या	बाध्यताधारियों/कानूनी उत्तराधिकारियों/ कानूनी प्रतिनिधियों के नाम	कुल बकाया रु. नीचे दी गई तारीखों के अनुसार मांग सूचना	डिमांड नोटिस की तारीख और एनपीए की तारीख
10546140	सुरेंद्र नारायण (उधारकर्ता) और श्री बीरेंद्र नारायण, श्रीमती राधा देवी (सह-उधारकर्ता)	रु. 4,28,087/-	12-04-2024 एवं 04-04-2024

सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों/बंधक संपत्तियों का विवरण- अचल संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल, एक आवासीय फ्लैट, फ्लैट नंबर 503, 5वीं मंजिल पर, 1150 वर्ग का एक सुपर निर्मित क्षेत्र है। फुट. आवासीय परिसर में सामान्य सुविधाओं के सभी अधिकारों के साथ एक चार-पहिया पार्किंग क्षेत्र के साथ, गृहस्थी ऊंचाई के रूप में नामित, खाता नंबर 68 और 71 के तहत दर्ज, प्लॉट नंबर 824 और 827 में, मौजा घोड़ाबंधा, थाना नंबर 1195 में स्थित है। पी.एस. गोविंदपुर, हल्का नंबर VI. जिला उप-रजिस्ट्री कार्यालय के अंतर्गत, ब्लॉक और टाउन जमशेदपुर, परगना धालभूम, जिला पूर्वी सिंगभूम, राज्य झारखंड। संपत्ति की सीमा इस प्रकार है- उत्तर- फ्लैट नंबर 504, दक्षिण: सीमा, पूर्व:सीमा; और पश्चिम: गलियारा और फ्लैट नंबर 502.

अतिरिक्त ब्याज के साथ, ऊपर उल्लिखित संबंधित डिमांड नोटिस में विशेष रूप से बताई गई दर पर अतिरिक्त ब्याज, भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि। यदि उक्त बाध्यकर्ता उपरोक्तानुसार टीसीएचएफएल को भुगतान करने में विफल रहता है, तो टीसीएचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। लागत और परिणाम के संबंध में उक्त बाध्यकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि के जोखिम पर।

उक्त दायित्वधारी/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे के माध्यम से या अन्यथा इसके बिना हो। झट्टाखरुकी पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

दिनांक : 22/04/2024
स्थान : झारखण्ड

ह0/- प्राधिकृत अधिकारी,
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए

सेरेंगातू में शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी हुए शामिल

गोला। गोला प्रखंड के सेरेंगातू में शिव प्राण प्रतिष्ठा एवं रूद्र महायज्ञ को लेकर रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा बरियातू के सेनेगढ़ा भैरवी जलाशय से प्रारंभ होकर सेरेंगातू तक निकाली गई। जिसमें अयोध्या से कथावाचीका अनुराधा तिवारी, राजगोपा आचार्य, मधुसूदन आचार्य सहित अन्य शामिल थे। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी चंदर महतो शामिल हुए। रूद्र महायज्ञ 21 से 27 अप्रैल तक चलेगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के संरक्षक सागर महतो, अध्यक्ष सुखदेव महतो, सचिव मदन लाल महतो, सहसचिव गौतम कुमार महतो, उपाध्यक्ष फूलचंद महतो, श्रवण महतो, कोषाध्यक्ष मथुरा महतो, सह कोषाध्यक्ष उपेंद्र महतो, रामदेव महतो विश्वजीत महतो, राखी देवी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, पूनम देवी, गंगाजल महतो, राजे महतो, श्यामसुंदर ठाकुर, रामचरण, सुनील महतो सहित कई लोग शामिल थे।

चैनगड़ा ओवर ब्रिज पवन फीड हब का हुआ उद्घाटन

बरकाकाना। चैनगड़ा ओवरब्रिज के समीप रविवार को पवन फीड हब का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में केनरा बैंक घुटूवा बैंक मैनेजर प्रियंका गोयल बरकाकाना ने पिता काटकर उद्घाटन किया श्री गोयल ने कहा कि इतनी छोटी सी जगह होने के बावजूद भी पशु आहार का थोक एवं खुदरा पवन फीड हब होने से लोगों को काफी सहूलियत होगी। इस मौके पर बरकाकाना ओपी प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली, भदानी नगर ओपी प्रभारी संजय रजक, नित्यानंद महतो, सोनी महतो, निशा परवीन, गणेश महतो, मदन दांगी, चंद्रदेव दांगी, सुरेंद्र कुशवाहा, लकीत कुमार, सोहन मुंडा, वीरू महतो, पवन दांगी, अंजू देवी, सविता देवी, बुद्धि नाथ दांगी, नरेश महतो मौजूद थे।

श्री दिगंबर जैन मंदिर में मना भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव

निकाली गई शोभायात्रा, जिओ और जीने दो का दिया संदेश

रामगढ़। शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम श्रीजी का अभिषेक एवं शांति धारा किया गया। स्वर्ण कलश से जलाभिषेक भगवान महावीर स्वामी की मूलनायाक प्रतिमा, प्राचीन प्रतिमा, पांडुशीला पर विराजवान अष्ट धातु की प्रतिमा पर स्वर्ण कलश से जलाभिषेक करने का सौभाग्य इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललीत चूड़िवाल, विद्याप्रकाश, पदमचंद छाबड़ा, राजेंद्र राजेश चूड़ीवाल को मिला। वही, भगवान आदिनाथ स्वामी पर जलाभिषेक करने का सौभाग्य हीरामणि देवी चूड़ीवाल, सुशील चूड़ीवाल परिवार को मिला। भगवान पारसनाथ स्वामी पर जलभिषेक करने का सौभाग्य मांगीलाल अशोक चूड़ीवाल को मिला। जबकि, शांतिधारा करने का सौभाग्य इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललित चूड़ीवाल, राजेंद्र कुमार राजेश कुमार चूड़ीवाल को मिला।

निकाली गई शोभायात्रा, जिओ और जीने दो का दिया संदेश : महावीर जयंती को लेकर श्री दिगंबर जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा थाना चौक, गोला रोड, चट्टी बाजार, लोहार टोला, शिवाजी रोड, सुभाष चौक होते हुए पुनः दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में आकर्षक का केंद्र झांकी थी, जिसमें मानो श्रीजी साक्षात विराजमान है। भगवान महावीर का दिव्य संदेश से आज पूरे शहर में नारा दिया गया। अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है अतः हमें जियो और जीने दो के संदेश पर कायम रहना चाहिए। महावीर स्वामी के पंचशील सिद्धांत इन्हें पंचशील सिद्धांत कहा जाता है। ये पांच सिद्धांत हैं। जिसमें, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, सत्य और अपरिग्रह। भगवान महावीर का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था। उनका कहना था कि हम दूसरों के प्रति भी वही व्यवहार व विचार रखें जो हमें स्वयं को पसंद हों। यही उनका जीयो और जीने दो का सिद्धांत है। उन्होंने न केवल इस जगत को मुक्ति का सन्देश दिया, अपितु मुक्ति की सरल और सच्ची राह भी बताई।

शोभायात्रा का विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठन ने किया स्वागत : शोभायात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के द्वारा शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान रोटरी रामगढ़ सेंट्रल, श्याम अरदास कीर्तन परिवार, मारवाड़ी धर्मशाला समिति, रानी सती दादी मंदिर, मारवाड़ी युवा मंच और सिख समाज ने शोभा यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

ये थे शामिल

मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन पाटनी, सचिव सचिव नागरमल गंगवाल, कोषाध्यक्ष जंबू जैन, नरेंद्र छाबड़ा, जीवन मल जैन, राजू सेठी, ललित चूड़ीवाल, देवेंद्र गंगवाल, नीरज सेठी, राजेंद्र चूड़ीवाल, मांगीलाल चूड़ीवाल, आनंद जैन, अजय जैन, विनोद जैन, अशोक काला, अशोक कुमार जैन, संजय जैन, मनोज काला, विमल सेठी, सुशील चूड़ीवाला, सुभाष पाटनी, प्रदीप पाटनी, विकाश सेठी, निशांत सेठी, बबलू सेठी, संजय सेठी, पदमचंद छाबड़ा, पदमचंद जैन, गौरव अजमेरा, महेंद्र बागरा, अंकित जैन, प्रशांत पाटनी, विकास जैन, प्रकाश चंद अजमेरा, बंटी सेठी, विमल सेठी, अरुणा जैन, मीना पाटनी, खुशबू चूड़ीवाल, ऊषा अजमेरा, पुष्पा अजमेरा, उषा पाटनी, अनिता चूड़ीवाल, डोली पाटनी, ममता गंगवाल, सुनीता पाटनी, कुसुम पाटनी, सरिता जैन, नीता सेठी, सुधा जैन, शीतल सेठी, सुनिता चूड़ीवाल, चंदा जैन, उषा अजमेरा, स्वेता अजमेरा, संगीता जैन, ऋद्धि पाटनी, ललिता जैन, कविता जैन, रीना जैन, उषा सेठी, पिंकी गंगवाल, पुष्पा सेठी, सोनल चूड़ीवाल, निशा सेठी, शारदा अजमेरा, बबिता सेठी, सपना पाटनी, किरण सेठी, ममता बागरा, संगीता सेठी, मीना सेठी, बबिता सेठी, नीता सेठी, सुनिता छाबड़ा, शारदा अजमेरा, मीडिया प्रभारी राहुल जैन पाटनी सहित समाज के कई लोग शामिल थे।

पुलिस ने को भेजा जेल

रामगढ़। रामगढ़ थाना पुलिस ने रविवार को एक युवक को जेल भेज दी। भेजे गए सुभाष नगर अरगड्डा निवासी शेल्वेराज पिल्लई पिता स्व निवेशन पिल्लई पर रामगढ़ थाना कांड संख्या 111-24 धारा 448/ 341/ 354(बी)/ 354(डी)/ 509/ 323/ 307/ 325/ 506 भादवि के तहत मामला दर्ज था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दी।

नया नगर मे आगामी 26 अप्रैल को कव्वाली का शानदार मुकाबला

शानदार कव्वाली मुकाबला में गुलाम एवं नाज अपने सुरीली आवाजों से बिखेरेंगे जलवा

बरकाकाना। हजरत हेदायतुल्लाह दाता शाह रह अलैह के सालाना उर्स 39वी वार्षिक उर्स के मुबारकबाद मनाने को लेकर उर्स कमेटी की बैठक दुर्गी मजार मे आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता दुर्गी मुखिया मोकीम आलम एवं संचालन पंचायत समिति सदस्य फरीद अंसारी ने किया। इस बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि नया नगर बरकाकाना में शानदार कव्वाली का मुकाबला 26 अप्रैल को अकीदत के साथ नया नगर दुर्गा मंडप स्टेज मैदान में आयोजित की जाएगी। जिसमें वारणसी यूपी से कव्वाल बाबू गुलाम साबरी व वाराणसी ऑफिस नागपुर के कव्वाला नाज वारसी अपने जलवे बिखेरेंगे। इसकी सफलता को लेकर कमेटी कि बैठक हुई। जिसमें अध्यक्ष रमेश प्रसाद यादव, सचिव शफीक अंसारी उर्फ बाबू, कोषाध्यक्ष मो आजाद, ए अली रही, आरिफ खान, राकेश सिंह, तनवीर अंसारी, बंटी अंसारी, अख्तर अंसारी, कलाम, नसीम अख्तर, नसीर अहमद, वाली हलन, मो एहसान, हाजी खलील, हातिम अंसारी, परवेज आलम, सोहेल अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कोफीमयू की बैठक में यूनियन के महामंत्री व सहायक मंत्री का हुआ जोरदार स्वागत

मजदूरों की समस्याओं से हुए अवगत, सकारात्मक पहल का मिला आश्वासन

भुरकुंडा। कोल फील्ड मजदूर यूनियन की बैठक रविवार को पटेलनगर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हुई। इसमें मुख्य रूप से यूनियन के महामंत्री सह जेबीसीसीआई 11 मानकीकरण समिति के तकनीकी उप समिति सदस्य राघवन रघुनंदन व सहायक मंत्री चंदेश्वर सिंह उपस्थित थे। बरका-सयाल क्षेत्र में संगठन की समीक्षा के दौरान यूनियन के महामंत्री राघवन रघुनंदन व सहायक मंत्री चंदेश्वर सिंह यूनियन कार्यालय पहुंचे। जहां अतिथियों का स्वागत बरका-सयाल एरियाध्यक्ष उदय कुमार सिंह, अशोक गुप्ता, रमाकांत दुबे व केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सह भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह ने फूलमाला व पुष्प गुच्छ के साथ किया। बैठक में राघवन रघुनंदन के समक्ष दर्जनों मजदूरों ने अपनी समस्याएं रखी। समस्याओं से अवगत होने के बाद रघुवन रघुनंदन ने कहा कि मजदूरों की समस्याओं को तकनीकी उप समिति की अगली बैठक में रखेंगे। साथ ही मजदूरों की समस्याओं का समाधान निकालने का हर मुमकिन प्रयास किया जायेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि आगामी लोकतंत्र के महापर्व में आप सपरिवार शामिल होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। आपके मतदान से ही देश की दशा व दिशा तय होती है। श्री रघुनंदन ने कहा कि आप मतदान करते समय इस बात का भी ध्यान अवश्य रखें कि वैसे राजनीतिक दल जो महिला विरोधी, किसान विरोधी, मजदूर विरोधी एवं सरकारी उद्योग एवं कलकारखाने को बेचने के लिए आमादा है उनसे दूरी बनाकर रखें। बैठक में सुधीर कुमार सिंह, रामदेव महतो, विनोद साव, मनजीत रंजन, गौरी शंकर, वीरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, बेलो शर्मा सहित यूनियन के दर्जनों लोग मौजूद थे।

साईबर क्राईम के नाम से चर्चित जामताड़ा अब महुदा मे शिफ्ट

दिल्ली के आई ए एस ऑफिसर से लगभग दो लाख की ठगी!

महुदा -एक आई ए एस ऑफिसर से लगभग दो लाख की साईवर ठगी के मामले दिल्ली साईबर सेल की टीम ने महुदा थाना के कुलटांड गाँव मे दविश दी। टीम ने मामले से जुड़े दो युवकों से घंटो पुछताछ कर घटना से जुड़े तमाम बिंदूओं को खंगाला!

घटना के संबंध में बताया जाता है कि दिल्ली के एक आई ए एस ऑफिसर से कुल आठ साईबर अपराधियों के एक गैंग ने उनके एक्सिस बैक खाता को के वाई सी कराने के नाम पर लगभग दो लाख की ठगी कर ली थी! बताया जाता है कि घटना को लेकर साईबर बताया जाता है कि दिल्ली साईवर ब्रांच ने दर्ज कांड संख्या 57/24 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान तेज कर दी है! साईबर अधिकारियों के अनुसार इस घटना मे निरसा धनबाद पुटकी महुदा बोकारो समेत अन्य जगहों से जुड़े कुल आठ अपराधियों की एक संगठित टीम है जिन्होने अन्य संलिप्त सहयोगी युवाओं का बैंक से जुड़े सीम लेकर हस्तांतरित किया है! बताया गया कि उपरोक्त गैंग ने के वाई सी के नाम पर कुल 1.89 लाख की ठगी की थी!

घटना से जुड़े इस हाई प्रोफाईल मामले मे स्थानीय दो युवकों मे से प्रकाश दास एवं अनुप दास शामिल है जबकि

निरसा क्षेत्र के मुख्य आरोपी अजय दास व अन्य सहयोगी सरगना है जिसकी तालाश में पुलिस जुटी हुई है! इस घटना को लेकर आई दिल्ली साईबर टीम लगातार दो दिनो से स्थानीय युवकों से सधन तहकीकात करते विभिन्न इलाकों मे लगातार छापेमारी कर रही है! जाँच अधिकारियों के अनुसार इस घटना मे जाँच के दौरान तमाम अरोपी सिंडीकेट ने फिरोजाबाद मे भी घटना का अंजाम दिया है जिनसे इनके खातों मे जमा भारी राशि की ठगी की है! बताया गया की निकट भविष्य में फिरोजाबाद की टीक भी जिले मे दस्तक देगी! घटना के अंजाम को लेकर बताया जाता है सिंडीकेट द्वारा क्षेत्र के युवकों के जिओ सीम बैंक द्वारा ठगी का सफल अंजाम दिया गया जिसकी राशि लिप्त आरोपियों के खातों में पाये जाने की खबर है! फिलवक्त साईवर सेल स्थानीय संलिप्त दोनो आरोपी युवकों से लगातार पुछताछ के बाद इसके सहारे मुख्य आरोपी अजय दास समेत अन्य सरगना के ठिकानो तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है! जॉच टीम मे एस आई राकेश मलिक, हेड कॉंसटेबल क्रमश-मोहित गौरव शामिल है!

मांडर पुलिस ने एक गढ़े से युवक का शव बरामद किया

मांडर - मांडर टांगरबसली रोड में बुढ़ाखुखरा बिसाही मोड़ के निकट सड़क किनारे स्थित गढ्ढे से मांडर पुलिस ने रविवार की सुबह एक 28 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है. गढ्ढे में उसकी केटीएम बाइक भी पड़ी हुयी थी. शव की पहचान मांडर के ही मलटोटी निवासी दीपक पहान के रूप में की गयी है. बताया जा रहा है कि दीपक पहान टेंट हाउस का व्यवसाय करता था और शनिवार को उसके टेंट हाउस के सामान की बुकिंग नारो गांव में थी. वह इसी सिलसिले में अपने घर से बाइक में अकेले ही नारो गांव गया था. संभावना है कि देर रात वहीं से वापस लौटने के क्रम में बिसाही मोड़ के निकट वह बाइक को सही से मोड़ नहीं पाया और बाइक सहित सड़क किनारे गढ्ढे में जा गिरा. जिससे वहीं पर उसकी मौत हो गयी होगी. रविवार की सुबह करीब पांच बजे किसी ने उसे बाइक सहित गढ्ढे में गिरा देखा और इसकी सूचना मांडर पुलिस को दी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है!

सवारी गाड़ी की छत से गिरकर एक मौत दूसरा हुआ घायल

अनगड़ा। जोन्हां टाटी सिंगारी सड़क पर गुटीडीह कोईर बागान के पास शनिवार की रात करीब आठ बजे एक ओवर लोड सवारी गाड़ी के छत से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया मृतक का नाम कमला बेदिया40 वर्ष बताया गया है वह बंघुवाडीह का रहने वाला था। और रांची से मजदूरी करके वापस घर लौट रहा था । जबकि घायल व्यक्ति का नाम भीम बेदिया बताया गया है वह सारजम डीह का रहने वाला था उसे इलाज हेतु रिम्स में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि सवारी गाड़ी प्रतिदिन मजदूरों को रांची ले जाने और लाने का काम करता है। लेकिन उस गाड़ी में क्षमता से तीनगुणा यात्री के रूप मजदूर सवार रहते हैं।

चुनाव को लेकर होटलों में छापा, बैरन लौटी पुलिस, नहीं मिली शराब

सिंडिकेट मैनेज कर रहा है पूरा सिस्टम, आबकारी विभाग मौन!

अनिल विश्वकर्मा

रामगढ़। लोकसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ पुलिस हाई अलर्ट पर है। किसी भी स्थान पर अवैध कारोबारी, अवैध शराब तस्कर और अपराधियों को बक्शा नहीं जा रहा। एसपी ने भी चुनाव को लेकर कई बड़े दावे किए हैं। लेकिन रामगढ़ थाने की पुलिस उन सारे दावों से इतर सिर्फ लकीर पीटती हुई दिखाई दे रही है। शनिवार की रात रामगढ़ शहर और थाना क्षेत्र के कई लाइन होटलों में छापेमारी की गई। पुलिस उन होटलों में शराब तलाश रही थी ताकि अपराधियों का जमावड़ा चुनाव के इस माहौल में ना लगे। कई होटलों में सघन अभियान चलाने के बाद भी पुलिस को शराब की एक भी बोतल नहीं मिली। शहर से लेकर हाईवे तक पर संचालित होटल में पुलिस की कई टीम घंटों मशक्कत करती रही। लेकिन उनकी इस मेहनत का फल कुछ भी नहीं मिला।

पुलिस की कार्यशैली पर उठने लगे हैं सवाल!

रामगढ़ पुलिस के इस कार्यशैली पर आम जनता ही सवाल उठा रही है। जिस शहर में अवैध शराब की बड़ी खेप तस्करों द्वारा लाई जाती है। कई बार तस्कर दूसरे राज्यों में भी यहां से शराब ले जाते हैं। कई बार पुलिस के द्वारा उन अवैध शराबों को पकड़ा भी गया है। ऐसी हालत में दर्जनों होटल में छापेमारी करने के बाद एक बोतल भी शराब न मिले यह तो समझ से परे है। कहीं पुलिस की सांठगांठ होटल संचालकों के साथ पहले से तो नहीं। क्योंकि ऐसा तभी संभव है जब छापेमारी की पूर्व सूचना होटल संचालकों को मिल जाए। ऐसा भी संभव है कि अधिकारी अपनी टीम बना रहे हो और टीम का कोई सदस्य होटल संचालकों को आगाह कर दे।

कई होटलों में खुलेआम बिकते है शराब

शहर के विभिन्न लाइन होटल में खुलेआम शराब की बिक्री की जाती है। लाइन होटल में शाम ढलते हैं शराबियों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। होटल को शराब बेचने की अनुमति नही है और ना ही उसके भंडारण की। बावजूद इसके एक बड़ा सिंडिकेट कहीं ना कहीं पूरे सिस्टम को मैनेज कर रहा है। जिसके कारण होटल संचालक खुलेआम शराब बेच रहे हैं।

आबकारी विभाग की भूमिका भी संदिग्ध

इस पूरे मामले में कहीं ना कहीं आबकारी विभाग की भी भूमिका संदिग्ध है। विभाग की टीम अक्सर छापामारी करती है, लेकिन उन्हें भी होटल में शराब नहीं मिलती। लेकिन महुआ शराब बेचने वालों और गांव घर में अवैध शराब संचालित करने वाले की सूचना बखूबी रहती है। हाईवे से कई किलोमीटर दूर आबकारी विभाग छापेमारी करती है, लेकिन इतने बड़े सड़क किनारे लाइन होटल पर मेहरबान रहती है।

इन होटलों में की गई छापामारी

छापामारी सम्राट होटल, विश्वकर्मा लाइन होटल, सुरेंद्र लाइन होटल, माही लाइन होटल, पार्थ रेस्टोरेंट, मां कल्याणी ढाबा, बनारसी होटल, मां काली होटल, कुशवाहा लाइन होटल, सहित कई होटलों में छापेमारी की गई।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बेटी की मौत, पिता और बच्चा घायल

रामगढ़। रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में शनिवार की रात अज्ञात वाहन ने एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक पर सवार पिता गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में एक वर्षीय बच्चा विशांक बाल बाल बच्चा है। लेकिन उसे भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रांची जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र के बजरा मरार निवासी पच्चू महतो अपनी स्प्लेंडर बाइक संख्या जेएच 01 ईएल 9478 से अपनी बेटी को लेने के लिए उसके ससुराल रामगढ़ के बुढ़ाखुखरा महादेवटांड़ पहुंचे थे। बेटी और अपने एक वर्षीय नाती को लेकर अपने घर के लिए निकले। इसी बीच चुटूपालू घाटी में अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। इस घटना में 19 वर्षीय प्रिया कुमारी पति चैलेंजर कुमार की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि, पच्चू महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल पच्चू महतो को सदर अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया।

अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार

राँची एक्सप्रेस संवाददाता सतगावां थाना क्षेत्र के दिनांक 20 04 2024 को समय करीब 15 ः10 बजे गुप्त सूचना के आधार पर काले रंग का हीरो स्प्लेंडर प्लस एक मोटरसाईकिल जिसका रजिस्ट्रेशन बीर 27 टी 6267 से एक व्यक्ति जुट के बोरे मे बासोडीह से मुख्य मार्ग से अबैध अंगेजी शराब बिहार ले जा रहा है। उक्त सुचना का सत्यापन एवं गस्ती दल के हवादार रामदेव प्रसाद यादव आ0/456 पवन कुमार चा0आ0/215 शाहवज अहमद के साथ ग्राम खैरा पहुचाँ एवं वाहन चेकिंग करना प्रारंभ किया एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक बोरा के साथ में व्यक्ति आ रहा था जिसमें भगाने का कोशिश करने लगा इस वक्त पुलिस पदाधिकारी ने पकड़ लिया जिसमें उसे व्यक्ति के बाइक पर ला दे ते जुट के बारे में से रॉयल स्टैग प्रीमियम 750 एम एल 10 बोतल एवं रॉयल स्टैग प्रीमियम 375 एमएल 2 बोतल एवं 6 बोतल 3 बोतल मैगजीन मोमेंट का अंग्रेजी शराब पाया गया जिसमें व्यक्ति का पहचान का पहचान मंगल कुमार पिता स्व श्याम सुंदर प्रसाद ठठेरा ग्राम रजनी हट्टी थाना नगर जिला नावाद बिहार उचित कार्रवाई की जा रही व्यक्ति को भेजा गया जेल

लूट से हटे जनता का ध्यान, इसीलिए हो रहा उलगुलान : अन्नपूर्णा देवी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा ः केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह कोडरमा की लोकप्रिय सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि ÷उलगुलान÷ अत्यंत पवित्र शब्द है, यह धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के उस संघर्ष का बीजमंत्र है, जो उन्होंने इस देश की और जनजातीय समुदाय की जमीन बचाने के लिए किया था। जिन्होंने खुद झारखण्ड की जमीन, जनजातीय समुदाय की जमीन हड़पी और जमीन हड़पने के लिए संगठित तरीके से साजिश की, उनके द्वारा ÷उलगुलान÷ की बात करना हास्यास्पद लगता है। इंडी गठबंधन के घटक दल अपनी लूट से जनता का ध्यान हटाने के लिए आज रांची में उलगुलान रैली कर रहे हैं। लेकिन इनकी लूट के सारे कारनामे प्रमाण और तथ्य सहित जनता की नजर में हैं, इसलिए इनका

ढोंग अब कारगर नहीं होगा। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि तथाकथित इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारियों का अनूठा गठजोड़ है। इस गठबंधन में शामिल दल इसलिए इकट्ठे नहीं हुए हैं कि उनकी नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों में कोई एकरूपता है, ऐसा भी नहीं कि इस गठजोड़ के सभी दलों को किसी एक के नेतृत्व में आस्था है। लेकिन ये सभी केवल एक बात पर एकमत हैं कि इन्हें मोदी को हटाना है, भाजपा को हटाना है। और मोदी तथा भाजपा को हटाना इसलिए इनके लिए जीवन - मरण का प्रश्न बन गया है क्योंकि इनमें से कोई सजायाफ्ता है, कोई बेल पर है, कोई जेल में है तो कोई जेल जाने की तैयारी कर रहा है। इन्हें लगता है कि मोदी जी को हटाकर ये अपने कुकर्मों और घोटालों की सजा पाने से बच जाएंगे। जनता देख रही है कि जांच एजेंसियां जहां भी हाथ डाल रही है,वहां ठोस प्रमाण मिल रहे हैं, करोड़ों की नकदी मिल रही है, पैसों के लेन देन के प्रमाण मिल रहे हैं, दस्तावेजों में हेराफेरी के प्रमाण मिल रहे हैं। और तो और....करीबी सहयोगियों के स्वीकारोक्ति बयान भी आ गए हैं। लेकिन इनकी ढिठाई देखिए, जिस अपराध के लिए इन्हें राज्य की जनता से माफी मांगनी चाहिए, उसी को छिपाने के लिए ये उलगुलान को ढाल बना रहे हैं। इसे भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत ही माना जाएगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईमानदारी की वजह से कानून अपना काम कर रहा है, भ्रष्टाचारी पकड़े जा रहे हैं और बचने के लिए सभी भयंकर विरोधाभाषों के बावजूद एक साथ इकट्ठे हो गए हैं। अब बाकी का काम जनता का है और जनता के सामने मौका भी है। मतदान के लोकतांत्रिक अधिकार के जरिए जनता इन्हें इनके कुकर्मों की सजा देगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी, केदार यादव, राजकिशोर प्रसाद, श्याम सुन्दर सिंघानिया,दिनेश्वर प्रसाद, कृष्णा ब्रहपुरिया, किशोर पंडित,राजु यादव, आदि उपस्थित थे।

आदर्श विद्या मंदिर के छात्र छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं विधायक अमित कुमार यादव ने दी बधाई

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

जयनगर प्रखंड अंतर्गत आदर्श विद्या मंदिर तिलोकरी के विद्यार्थियों ने माध्यमिक परीक्षा 2024 में शानदार सफलता हासिल की है। काजल मोदी ने 472(94.4त्न) अंक प्राप्त कर जिला में दसवां स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी की बराबरी की है। इस वर्ष इस विद्यालय से कुल 60 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में भाग लिया था। जिसमें 11 विद्यार्थियों ने 90त्न से अधिक अंक प्राप्त अपने माता पिता और गुरुजनों का मन बढ़ाया है। इन सफल विद्यार्थियों में काजल मोदी ने 472 ,नेहा यादव 463, तरुण मोदी 461, नीतू यादव 407 ,अंकित शर्मा 459, हरेंद्र यादव 459, रेखा कुमारी 457, ट्विंकल राणा 454, सोनी पंडित 452, सागर साव 451 तथा राखी पांडे ने 450 अंक प्राप्त किया है ।इस विद्यालय के 25 विद्यार्थियों को 85त्न से 90त्न अंक प्राप्त हुए हैं जबकि 80त्न से 85 त्नअंक प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 10है। शेष 14 विद्यार्थियों ने 70त्न से अधिक अंक

प्राप्त कर अपने उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ाए हैं । विदित हो कि जयनगर प्रखंड का यह बहुत पुराना निजी विद्यालय है जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी पढ़ते हैं। परीक्षा फल पर चर्चा करते हुए प्राचार्य नीलकंठ बरनवाल तथा उपप्राचार्य शंभू पांडे ने कहा कि इस तरह की सफलता बच्चों की मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग प्रदर्शित करता है।सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी विधायक अमित कुमार यादव पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, अखंड प्रमुख अंजू देवी, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव,शिक्षाविद डॉक्टर बी एन पी बरनवाल हीरामन मिस्त्री अर्जुन चौधरी कन्हाई चंद्र यादव रामदेव यादव मुखिया इंद्रदेव यादव उप मुखिया साजन खान समाजसेवी सुरेंद्र भाई मोदी वीरेंद्र मोदी रामेश्वर यादव इंद्रदेव ठाकुर पंचायत समिति सदस्य उमा देवी सहित कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव आज से, शोभायात्रा सुंदरकांड पाठ व सवा 25 घंटे का अखंड ज्योत के साथ भजनों का कार्यक्रम

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया। ः नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव सह मंडल का 43वां वार्षिक उत्सव 22 और 23 अप्रैल को धूमधाम से शहर के अड्डी बंगाल स्थित मेसर्स केदारनाथ रामगोपाल फैक्ट्री में आयोजित किया जाएगा। सोमवार की सुबह 7 बजे स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें स्थानीय कलाकार भजन प्रस्तुत करते हुए झंडा चौक, दुर्गा कॉम्प्लेक्स होते हुए सीएच स्कूल, पूर्णिमा टॉकीज गली, बिग बाजार होते हुए ब्लॉक रोड गुरुद्वारा रोड, मनोहर प्रेस गली होते हुए अड्डी बंगाल स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संपन्न होगी। मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा,सचिव विक्की केसरी एवं कोषाध्यक्ष बबलू पांडेय ने बताया कि शोभायात्रा के उपरांत कार्यक्रम स्थल पर पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इस अवसर पर विभिन्न देवी देवताओं का अलौकिक श्रृंगार के साथ दरबार सजाया जाएगा। वहीं सवामणि का भोग लगाया जाएगा। सुबह 11 बजे से सामूहिक सुंदरकांड पाठका आयोजन होगा। जिसे कतरास के पंकज शर्मा के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद 2 बजे से अखंड ज्योत के साथ सवा 25 घंटे का भजनों का कार्यक्रम शुरू होगा। जिसमें स्थानीय लगभग एक दर्जन भजन मंडली दो दिनों तक अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा धनबाद के अभिषेक सिंघल,दीपक अरोड़ा,जमशेदपुर की गायिका अनुराधा सिंह के अलावे गायत्री शक्तिपीठ के द्वारा दीप यज्ञ,नटखट प्ले स्कूल,रिदम डांस एकेडमी, आकाश योगा केंद्र के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब और फेसबुक पर किया जाएगा। जिसे लोग यूट्यूब चैनल द मीडिया रिपोर्ट्स पर लाइव देख पाएंगे। दूसरे दिन 23 अप्रैल को स्थानीय गायक नवीन पंड्या,श्याम शरण में आजा रे सहित कई भजन मंडली कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। दोपहर 3 बजे हवन,भव्य गजरा अर्पित करने के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इसके अलावा मंगलवार को शहर के कई अन्य मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भजन संध्या,भक्ति जागरण का भी आयोजन किया जा रहा है।

क्षिप्रा एक्सप्रेस से कोडरमा युवक का रन ओवर होने पर मौत

रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा 21.04.24 को गाड़ी संख्या 22912 कोडरमा स्टेशन क्त्र/हह्र- 04 पर समय 00/13 बजे आगमन हुआ,तथा 00/15 बजे प्रस्थान हुई। प्रस्थान के दौरान एक यात्री उपरोक्त गाड़ी के एसी कोच से चलती गाड़ी से उतरने के दौरान प्लेटफार्म के नीचे गिर जानें से उसका बॉडी दो भागों में बांट गई। जिससे यात्री घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। इसकी तत्काल सूचना ऑन ड्यूटी

स्टेशन मास्टर और ऑन ड्यूटी जीआरपी एवम तथा निरीक्षक प्रभारी कोडरमा,नाइट ड्यूटी ऑफिसर में तैनात एएसआई एम.ए खान को दिया गया। सूचना उपरांत जीआरपी कोडरमा एएसआई मोहम्मद मुस्ताक अहमद और ऑन ड्यूटी कोडरमा स्टेशन मास्टर घटना स्थल पर पहुंचे। सभी के सहयोग से आरपीएफ के द्वारा वायक्ति के डेड बॉडी को लाइन से हटा कर समय 01ः00 बजे लाइन क्लियर किया। बाद जीआरपी के द्वारा डेड बॉडी के तलाशी लेने पर रेलवे का वैध टिकट मिला । क्त्रक्र/हह्र 6907320118 हैं । दो मोबाइल,एक पिट्ठू बैग ग्रे रंग का जिसमे एक डायरी और कुछ पहनने के कपड़े थे। बाद मृतक के भाई जिसका नाम सुमित कुमार, मोबाइल नम्बर 9835756093 आए। उन्हे पूरी घटना से अवगत कराया गया। तथा उनसे पूछने पर बताएं की नाम अमित कुमार,उम्र 42 वर्ष ,पिता अजय ठाकुर, सकिन दूधी माटी, थाना कोडरमा,जिला कोडरमा (झारखंड) बताया।तथा बताए की दिनांक 18/04/24 को कोलकाता गए थे। वहा गोल्डी मशाला कंपनी में काम करते थे और आज क्षिप्रा एक्स गाड़ी से लौट रहे थे। अग्रिम करवाई के तहत डेड बॉडी को जीआरपी कोडरमा द्वारा 01ः00 बजे उठा कर अपने साथ ले गए। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद अमित कुमार के शव को परिजनों को सौंपा गया।

कोलसार और खलिहान में लगी आग, लाखों का नुक़सान

हरिहरगंज हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों पर रविवार के दोपहर में हुई कोलसार और खलिहान में लगी अगलगी की घटना में लाखों रुपए का नुक़सान बताया जाता है। पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत अंतर्गत बरवाडीह गांव के समीप ईख के कोलसार में अचानक आग लग जाने से किसान बिराज सिंह, मुरारी सिंह तथा बृजबिहारी तिवारी का तीन डीजल पंप सेट जलकर खाक हो गया। वहीं कोलसार में रखे ईख पेराई की मशीन ,ईख सहित पास में खेतों में लगी करीब डेढ़ बीघा में प्याज जलकर नष्ट हो गया। बताया जाता है कि ईख की पेराई की जा रही थी। इसी बीच कोलसार में आग लग गयी। तेज पछुआ हवा के बीच ग्रामीणों के द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जबतक आग

पर काबू पाया जाता तब तक तीन डीजल पंप सेट आदि जलकर खाक हो गये। अगलगी की इस घटना में तकरीबन ढाई लाख रुपए से अधिक का नुक़सान बताया जाता है। इधर हरिहरगंज प्रखंड के ढकचा पंचायत अंतर्गत पड़रिया गांव में सुबोध सिंह के खलिहान में आग लग जाने से वहां रखे गेहूं के 300 बोझा तथा अरहर के 50 बोझा सहित पास में रखे पुआल जल कर खाक हो गये। वहीं पास में लगे कई शीशम के पेड़ जल गये।जबकि खलिहान के पास बंधी एक गाय भी आंशिक रूप से जल गयी। इस घटना में किसान को 60 हजार रुपए से अधिक का आर्थिक नुक्सान होने की बात बताई जाती है।

साईबर क्राईम के नाम से चर्चित जामताड़ा अब महुदा मे शिफ्ट

दिल्ली के आई ए एस ऑफिसर से लगभग दो लाख की ठगी!

महुदा ः एक आई ए एस ऑफिसर से लगभग दो लाख की साईवर ठगी के मामले दिल्ली साईबर सेल की टीम ने महुदा थाना के कुलटांड गाँव मे दविश दी। टीम ने मामले से जुड़े दो युवकों से घंटो पुछताछ कर घटना से जुड़े तमाम बिंदूओं को खंगाला ! घटना के संबंध में बताया जाता है कि दिल्ली के एक आई ए एस ऑफिसर से कुल आठ साईबर अपराधियों के एक गैंग ने उनके एक्सिस बैक खाता को के वाई सी कराने के नाम पर लगभग दो लाख की ठगी कर ली थी ! बताया जाता है कि घटना को लेकर साईबर बताया जाता है कि दिल्ली साईवर ब्रांच ने दर्ज कांड संख्या 57/24 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान तेज कर दी है ! साईबर अधिकारियों के अनुसार इस घटना मे निरसा धनबाद पुटकी महुदा बोकारो समेत अन्य जगहों से जुड़े कुल आठ अपराधियों की एक संगठित टीम है जिन्होने अन्य संलिप्त सहयोगी युवाओं का बैंक से जुड़े सीम लेकर हस्तांतरित किया है ! बताया गया कि उपरोक्त गैंग ने के वाई सी के नाम पर कुल 1.89 लाख की ठगी की थी ! घटना से जुड़े इस हाई प्रोफाईल मामले मे स्थानीय दो युवकों मे से प्रकाश दास एवं अनुप दास शामिल है जबकि निरसा क्षेत्र के मुख्य आरोपी अजय दास व अन्य सहयोगी सरगना है जिसकी तालाश में पुलिस जुटी हुई है ! इस घटना को लेकर आई दिल्ली साईबर टीम लगातार दो दिनो से स्थानीय युवकों से सधन तहकीकात करते विभिन्न इलाकों मे लगातार छापेमारी कर रही है !

शहंशाह आजाद हुए सम्मानित

रांची ः एजुकेशन के क्षेत्र में लगभग 15 सालों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए ग्लोबल यूनिवर्सिटी आफ बोस्टन ने शहंशाह आजाद को डॉक्टरेट के डिग्री (पीएचडी इन एजुकेशन) से 6 अप्रैल 2024 को बेवॉच रिजॉर्ट कोलवा, साउथ गोवा में, गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री प्रताप सिंह राने के द्वारा सम्मानित किया गया



। इस कन्वोकेशन में देशभर के विभिन्न हिस्सों के कई एजुकेशनिस्ट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे । गोवा में हुए इस कन्वोकेशन में देश के विभिन्न राज्यों के लगभग 100 लोगों को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया । झारखंड से कुल दो लोगों को इस उपाधि से सम्मानित किया गया, जिसमें एक शहंशाह आजाद एवं दूसरे का नाम पंकज कुमार सिंह है । पंकज कुमार सिंह एक आईएएस अधिकारी है, एवं वर्तमान में बिजली विभाग झारखंड में कार्यरत है ।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया श्री दिगंबर जैन समाज के द्वारा आज भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रातः प्रभात फेरी के साथ पूरे नगर का भ्रमण किया गया और भगवान महावीर के जयकारों और अहिंसा के संदेशों का उद्घोष किया गया दोपहर में विशाल रथ यात्रा, बैंड ,नगाड़ा घोड़ा के साथ जुलूस ने पूरे शहर का भ्रमण किया जैन समाज की महिलाएं पीला वस्त्र और पुरुष श्वेत वस्त्र में साथ साथ चल रहे थे जैन स्कूल के बच्चे अपने स्कूल बैंड के साथ जैन महिला संगठन भगवान के जयकारों का स्लोगन एवं भक्ति गीत के साथ जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थे सुबोध जैन गंगवाल संजय लट्टू छाबड़ा अनु अजमेरा अपनी पूरी संगीत म्यूजिशियन पार्टी के साथ भगवान महावीर जन्म कल्याणक गीत और उद्घोष से पूरे शहर के के वातावरण को धर्म और भक्ति की गंगा में बहा रहे थे नगाड़ा टीम ने पूरे लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया ,सभी का मन मोह लिया, रथयात्रा में विराजमान भगवान का रास्ते में सभी जगह-जगह लोगों ने आरती उतारी यह धार्मिक शोभायात्रा डॉक्टर गली जैन बड़ा मंदिर से स्टेशन रोड, ओवर ब्रिज, पानी टंकी रोड होते हुए नया मंदिर में समाप्त हुई झंडा चौक पर मूलचंद छाबड़ा सेवा फाउंडेशन के द्वारा आम जनों के लिए शरबत पेयजल की व्यवस्था की गई जिसे प्रारंभ पार्षद पिंकी जैन एवं जैन समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा एवं सुशील छाबड़ा ने संयुक्त रूप से किया झंडा चौक को भगवान महावीर के बैनर ओर झंडा से सजाया गया और विश्व शांति और अहिंसा की कामना की आज प्रातः 1008 भगवान महावीर स्वामी का भव्य महा मस्तकाभिषेक समाज के युवकों ने किया भगवान की प्रथम शांतिधारा का कलश प्रदीप-मीरा छाबडा ,निर्मल झांझरी,विमल सेठी,कमल-पार्थ सेठी को प्राप्त हुआ,रथ पर भगवान विराजमान संजय-ममता सेठी के परिवार को प्राप्त हुआ रथ का सारथी संदीप,संजय,आशीष सेठी परिवार बने, रथ पर खजांची बन कर रतन की वर्षा करने का सौभाग्य सिद्धार्थ जियान झांझरी परिवार को प्राप्त हुआ, घोड़ा रथ बग्गी पर बैठने का सौभाग्य समाज के कोषाध्यक्ष सुरेन्द-सरिता काला को प्राप्त हुवा सभी कार्यक्रम में विशेष रूप से समाज के सुशील छाबडा,सुरेश झांझरी,ललित सेठी, सह मंत्री , राज छाबड़ा, सुनील सेठी, निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन मुख्य रूप से सभी कार्यक्रम में शामिल हुए जैन युवक समिति, जैन महिला समाज के पदाधिकारी सदस्य, अभिषेक गंगवाल शैलेश छाबड़ा विकास सेठी विवेक सेठी ऋषभ शेट्टी, सिद्धार्थ सेठी,प्रशम सेठी,अमित जैन आदि सभी लोगों ने कार्यक्रम की सफलता में अपना योगदान दिया। आज रात्रि में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम और महा आरती का कार्यक्रम होगा भगवान महावीर स्वामी का पालना झुलाया जाएगा इस कार्यक्रम में भारत सरकार की केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री माननीय अन्नपूर्णा देवी जी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद होगी जैन समाज मीडिया प्रभारी नवीन जैन एवं राजकुमार जैन अजमेरा ने यह जानकारी दी।

आखिर क्यों धधक रही है पृथ्वी?

योगेश कुमार गोयल

अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चचाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चचाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं।

प्रकृति पिछले कुछ वर्षों से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत दे रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि बड़ी बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने

से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्व के अनुसार हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।

धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे।

सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्व पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। बहरहाल, अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण मामलों के जानकार तथा पर्यावरण पर बहुचर्चित पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्व के लेखक हैं)

संपादकीय

जनादेश की गारंटी

सर्वोच्च न्यायालय ने लोक सभा सभा के प्रथम चरण के मतदान से एक दिन पहले चुनावी मशीन की विसनीयता के बारे में यही कहा। एडीआर और अन्य की तरफ से जारी जनहित याचिकाओं पर दूसरे दिन सुनवाई करते हुए इलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन पर संदेह जताने को सही नहीं बताया। इस पर फैसला अभी आना है। पर इन टिप्पणियों से ईवीएम पर न्यायालय के रु ख का पता चलता है। स्वदेश निर्मित ईवीएम मशीन से चुनाव बीसवीं सदी के नौवें दशक से ही कराया जा रहा है। इसके पहले, 1982 में केरल की परवूर विधानसभा उपचुनाव में उसे कुछ बूथों पर आजमाया गया था। इसकी खामियों को दुरु स्त कर इसे प्रयोग-सक्षम बनाया गया। ईवीएम के जरिए यूपीए ने दो आम चुनाव जीते हैं और केंद्र में उनकी दो सरकारें बनी हैं। इसके पहले एनडीए की भी सरकार बनी है। विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव ईवीएम से ही हुए हैं। इसके बावजूद हारे हुए दल या गठबंधन हर आम चुनाव के वक्त ईवीएम को हटाने या उसे वीवीपीएटी से लैस करने की मांग चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक करते रहे हैं। आयोग की तरफ से हर चुनाव के पहले उनके समक्ष ईवीएम के फूलप्रूफ डेमो के जरिए चिंताओं के निराकरण के बावजूद सवाल उठाते रहना एक रस्मी कवायद है। उनका आरोप होता है कि इसमें डाले गए वोट भाजपा को मिलते हैं। पहले के कुछ उदाहरण इसकी तस्दीक भी करते थे पर यह तो मशीनी गड़बड़ी हो सकती थी। अब तो इसमें पर्याप्त सुधार किया गया है। तभी तो सर्वोच्च न्यायालय ने चार करोड़ टेस्टेड डेटा पर अपना भरोसा जताया है। यह सही भी है। ऐसा नहीं होता तो यूपीए ही लगातार जीतता होता या एनडीए का राज बदस्तूर रहता। दलों को चुनावों में इतना पैसा और पसीना नहीं बहाना पड़ता। ईवीएम अपने आका को तश्तरी में नतीजे परोस देती। न्यायालय ने रस्मी याचियों से स्पष्ट कर दिया है कि बैलेट पेपर और बक्से की झीना-झपटी वाले प्रतिगामी चुनावी दौर में भारत जैसे महादेशइ को नहीं लौटाया जा सकता। यह जर्मनी नहीं है। अलबत्ता, इस मसले पर फिर उंगली न उठे इस लिहाजन हर वोट का हिसाब रखने के लिए ईवीएम को वीवीपीएटी के साथ जोड? पर विचार किया जा सकता है। अंतिम परिणाम में देरी के बावजूद। चुनाव बिल्कुल शुद्ध-पवित्र तरीके से होना चाहिए ताकि उसके जनादेश की गारंटीइ हो। सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी में अवाम का मत है।

चिंतन-मनन

मृत्यु का अर्थ

मृत्यु एक शात सत्य है। यह अनुभूति प्रत्यक्ष प्रमाणित है, फिर भी इसके संबंध में कोई दर्शन नहीं है। अब तक जितने ऋषि-महर्षि या संत-महंत हुए हैं, उन्होंने जीवन दर्शन की चर्चा की है। जीवन के बारे में ऐसी अनेक दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनसे जीवन को सही रूप में समझा जा सकता है और जिया जा सकता है। किंतु मृत्युक को एक अवश्यंभावी घटना मात्र मानकर उपेक्षित कर दिया गया। मृत्यु के पीछ भी कोई दर्शन है, इस रहस्य को अधिक लोग पकड़ ही नहीं पाए। यही कारण है कि जीवन दर्शन की भांति मृत्यु दर्शन जीवन में उपयोगी नहीं बन सका।

जैन दर्शन एक ऐसा दर्शन है जिसने जीवन को जितना महत्व दिया, उतना ही महत्व मृत्यु को दिया। बशत्रे कि वह कलात्मक हो। कलात्मक जीवन जीने वाला व्यक्ति जीवन की सब विसंगतियों के मध्य जीता हुआ भी उसका सार तत्व खींच लेता है। इसी प्रकार मृत्यु की कला समझने वाला व्यक्ति भी मृत्यु से भयभीत न होकर उसे चुनौती देता है। जैन दर्शन में इसका सवार्गीण विवेचन उपलब्ध है।

मृत्यु का अर्थ है- आयुष्य प्राण चुक जाने पर जीव का स्थूल शरीर से वियोग इसके कई प्रकार हैं। उन सबका संक्षिप्त वर्गीकरण किया जाए तो मृत्यु के दो प्रकार होते हैं- बाल मरण और पंडित मरण. असंयम और असमाधिमय मरण बाल मरण है।अकाल मृत्यु, आत्महत्या, अज्ञान मरण आदि सभी प्रकार के मरण बाल मरण में अंतर्निहित हैं। संयम और समाधिमय मृत्यु पंडित मरण है। जीवन के अंतिम क्षणों में भी संयम और समाधि का स्पर्श हो जाए तो वह मरण पंडित मरण की गणना में आ जाता है। कुछ व्यक्ति मौत के नाम से ही घबराते हैं। वे जीवन को महत्व देते हैं। अपना-अपना चिंतन है। मुझे इस संबंध में अपने विचार देने हों तो मैं मृत्यु को वरीयता दूंगा। क्योंकि जीवन की सार्थकता भी मृत्यु पर ही निर्भर करती है। किसी व्यक्ति ने तपस्या की है और जागरुकता के साथ धर्म की आराधना की है, तो उसका फल समाधिमय मृत्यु ही है।

झूठ के हलफनामे और हलफनामों का झूठ



राकेश अचल

भारत के नेता कितना झूठ बोल सकते हैं ,इसकी कल्पना दुनिया का कोई मनोवैज्ञानिक,चिकित्स्क या वैज्ञानिक नहीं कर सकता । भारत के नेताओं की पोल उस वक्त खुलती है जब देश में चुनाव होते है। देश में इस समय लोकसभा के चुनाव चल रहे है। इन चुनावों में जो प्रत्याशी हैं उनके सम्पत्ति के बाबद दिए जा रहे हलफनामें देखकर हंसी आती है। लेकिन केंचुआ के पास ऐसी कोई दूरबीन नहीं है जो इन हलफनामों की जांच कर सके। इस मामले में सभी दलों के नेता एक से बढ़कर एक हैं।

लोकसभा चुनाव में भाजपा का नेतृत्व करने वाले देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह के हलफनामे से ही बात शुरू करते हैं। गांधीनगर से भाजपा उम्मीदवार और गृह मंत्री अमित शाह के पास 20 करोड़ की चल और 16 करोड़ की अचल संपत्ति है लेकिन शाह के पास खुद की कार नहीं है। आयोग में दाखिल चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास 72 लाख के गहने हैं। इनमें उनके खरीदे हुए सिर्फ 8.76 लाख के हैं। पत्नी के पास सोने के 1620 ग्राम और हीरे के 63 कैरेट के गहने हैं।गृह मंत्री के पास 24,164 रुपये नकद, 42 लाख का लोन भी। शाह साहब करोड़पति होकर भी कार क्यों नहीं खरीद पाए ये एक रहस्य है। इसका उद्घाटन वे खुद कर सकते हैं या राम जी।

कहते हैं कि राजनीति में आने से पहले वे मनसा में प्लास्टिक के पाइप का पारिवारिक व्यवसाय संभालते थे। वे बहुत कम उम्र में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे। 1982 में उनके अपने कॉलेज के दिनों में शाह की भेंट नरेंद्र मोदी से हुई। 1983 में वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और इस तरह उनका छात्र जीवन में राजनीतिक रुझान बना।शाह साहब 1997 सेचुनाव लड़ रहे है। पहले वे विधायक हुआ करते थे,अब देश के गृहमंत्री है। उनका खानदानी पेशा दलाली [ब्रोकरेज] का है। शाह जी ने अब तक 5 विधानसभा चुनाव लाडे और जीत। लोकसभा का पहला चुनाव उन्होंने 2019 में लड़ा और जीते,जीते ही नहीं सीधे गृहमंत्री भी बनाये गए ,लेकिन बेचारे 27 साल में एक कार नहीं खरीद पाए।

अब आपको मै पूरे 543 नेताओं के हलफनामे तो दिखा नहीं सकता किन्तु जो दिलचस्प हैं उनकी बात अवश्य करता हूँ । अल्पसंख्यकों के नेता औबेसी का चुनावी हलफनामा औबेसी की सम्पत्ति का खुलासा करता है। चुनाव आयोग में भरे अपने हलफनामे में असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी संपत्ति को लेकर खुलासा किया है. इसके मुताबिक उनके पास 2.80 करोड़ रुपए की चल संपत्ति हैं. इसमें कैश, सोना, बीमा जैसे चीजें शामिल हैं। ओवैसी की पत्नी के नाम पर 15.71लाख रुपए की चल संपत्ति दर्शाई गई है , जबकि उनके पास 16.01 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति भी है। 1994 से चुनावी राजनीति में सक्रिय औबेसी ओवैसी पर 7 करोड़ रुपए का लोन भी है। उन्होंने एक घर लोन पर लिया है जिसकी कीमत 3.85 करोड़ रुपए है।

सबसे दिलचस्प हलफनामा मध्यप्रदेश के 18 साल मुख्यमंत्री रहे मामा शिवराज सिंह चौहान का है।विदिशा लोकसभा के बीजेपी प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने वाले शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव आयोग को दिए हलफनामे में बताया है कि उनके पास 1,24,85,475 रुपये की चल और 2,17,60,000 रुपये की अचल संपत्ति है. शिवराज की पत्नी साधना सिंह की संपत्ति भी 5 महीनों में 15 लाख रुपए बढ़ी है. अगर नकदी की बात करें तो शिवराज सिंह चौहान के पास कुल 2 लाख 5 हजार रुपये नकद हैं, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के पास करीब 1 लाख 65 हजार रुपये नकद हैं. शिवराज सिंह चौहान के पास कोई कर्ज भार नहीं है, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के ऊपर करीब 64 लाख रुपये का कर्ज है। मजे की बात ये की हमारे मामा के पास भी कोई कार नहीं है। मामा कार लेकर करते भी क्या? उन्होंने तो पूरे १८ साल सरकारी हवाई जहाज और हैलीकाप्टर को स्कूटर की तरह जोता था।

हमारे देश में गरीबी अभिशाप और अमीरी वरदान है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के हलफनामे देखकर आप चौंक सकते है। लेकिन मै आपको अभी तक आये हलफनामों के आधार पर बता सकता हूँ कि सबसे अमीर और सबसे गरीब प्रत्याशी कौन रहा । केंचुआ के आंकड़ों के मुताबिक सबसे अमीर उम्मीदवार मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से मौजूदा सांसद और कांग्रेस नेता नकुल नाथ हैं। वे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे हैं और उनके पास 716 करोड़ रुपये की सम्पत्ति है। 2019 के लोकसभा चुनाव में नकुलनाथ मध्य प्रदेश से जीतने वाले इकलौते उम्मीदवार थे। दूसरी ओर, तमिलनाडु के थूथुकुडी से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पोनराज के सबसे गरीब उम्मीदवार हैं, क्योंकि चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास सिर्फ 320 रुपये की संपत्ति है।

भारतीय लोकतंत्र की यही विशेषता है कि यहां गरीब से गरीब और अमीर से अमीर व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। लोग बेकार ही चुनाव लड़ने के लिए इलेक्टोरल बांड के फेर में पड़ते हैं। हमारे शहर ग्वालियर से चाय बेचने वाले एक सज्जन सिर्फ इसलिए लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं कि कहीं उन्हें भी मोदी जी की तरह कोई मौका मिल जाये। जाहिर है कि जितने भी प्रत्याशी हैं वे चुनाव आयोग की ही नहीं बल्कि देश की जनता की आँखों में धुल झोंकते हुए अपनी समपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करते हैं। लेकिन इन हलफनामों की न किसी ने शिकायत की और न कभी किसी ईडी या किसी अदालत ने स्वयं संज्ञान लेकर इनकी जांच करने की जरूरत समझी। इस मामले में अज्ञानी रहने में ही समझदारी है। हमारे यहां झूठी हलफ उठाने की पुरानी रिवायत है । लोग चुनाव लड़ते हैं तो संविधान की हलफ उठाते हैं और जब पंचायतों में जाते हैं तो गंगाजल को हाथ में लेकर हलफ उठाते हैं ,लेकिन सच कभी नहीं बोलते। नेताओं का सच तो लाइ डिटेक्टर मशीन भी नहीं उगलवा पाती । हलफनामें केवल देने के लिए होते हैं और गंगाजल हलफ उठाने के लिए। अदालतों में पवित्र गीता के नाम पर हलफ उठाई जाती है। इसके पीछे भी यदि सरकार खोज कराये तो पाएगी कि किसी सनातनी का दिमाग होगा ,अन्यथा अदालतों में हलफ उठाने के लिए गीता के साथ ही रामायण,कुरान ,बाइबल और गुरु ग्रन्थ साहिब को भी सूची में शामिल न किया जाता।

वैश्विकी : संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन

डॉ. दिलीप चौबे

संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता को लेकर रखा गया प्रस्ताव अमेरिका के वीटो के कारण पारित नहीं हो सका। प्रस्ताव के पक्ष में बारह मत पड़े और केवल अमेरिका ने इसके विरोध में वोट दिया। ब्रिटेन और स्विटजरलैंड ने मतदान में भाग नहीं लिया। जातीय एकजुटता के कारण ब्रिटेन अमेरिका का विरोध नहीं कर सकता लेकिन स्विटजरलैंड का रवैया विचारणीय है। स्विटजरलैंड आम तौर पर पूरी तरह तटस्थता का रवैया अपनाता रहा है, लेकिन फिलिस्तीन की सदस्यता पर उसका मौन रहना समझ से परे है। इससे यह पता लगता है कि यूक्रेन संघर्ष के बाद दुनिया में शांति की बजाय युद्ध की भावना बलवती हो रही है। अमेरिका के दबाव में जापान और स्केंडिनेवियाई देशों स्वीडन और नाव्रे जैसे देशों ने भी संघर्ष और युद्ध की मनोवृत्ति को अपनी विदेश नीति का मानो हिस्सा बना लिया है।

करीब पैंतीस हजार लोगों की मौत और लाखों लोगों के घायल होने के बावजूद अमेरिका मानवीय रवैया अपनाने की बजाय इजराइल के युद्ध प्रयासों का समर्थन कर रहा है। दो राज्यों (इजराइल और फिलिस्तीन) की स्थापना के पक्ष में बयानबाजी करने

के बावजूद यह जाहिर है कि अमेरिका का सत्ता प्रतिष्ठान इजराइल की ही तरह स्वतंत्र फिलिस्तीन के पक्ष में नहीं है। राष्ट्रपति चुनाव के दौर में मतदाताओं के दबाव में बाइडन प्रशासन फिलिस्तीन में मानवीय संकट को लेकर बयानबाजी अवश्य कर रहा है, लेकिन कोई ठोस कदम उठाने में दिलचस्पी नहीं रखता। अमेरिका में फिलिस्तीन के पक्ष में युवा वर्ग और छात्र समुदाय सड़कों पर उतरा है। लेकिन सत्ता प्रतिष्ठान इसे लगातार नजरअंदाज करता रहा है।

कुछ विश्लेषक आरोप लगाते हैं कि अमेरिका में 'यहूदी लॉबी' हावी है। कोई भी राष्ट्रपति इस लॉबी का विरोध नहीं कर सकता। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू स्वतंत्र फिलिस्तीन राज्य के पूरी तरह खिलाफ हैं। निकट भविष्य में कभी फिलिस्तीन पूर्ण एवं स्वतंत्र राज्य बन सकेगा, इसकी संभावना नहीं है। इस बीच, पश्चिम एशिया में संघर्ष के इस मुख्य मुद्दे का समाधान हो सकेगा, इसकी संभावना अभी नहीं है।

ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष ने पश्चिम एशिया के पूरे परिदृश्य को भयावह कर दिया है। चिंता की बात यह है कि अमेरिका में राजनीतिक नेतृत्व अब ईरान-रूस-चीन के शैतानी त्रिगुट की बात कर रहा है। इसमें उत्तर कोरिया को भी शामिल किया जा सकता है जिसके बाद यह शैतानी क्वाड बन जाएगा। एक क्षेत्रीय मुद्दा विश्व नेताओं की लापरवाही के कारण किस तरह विश्वव्यापी अशांति का कारण बन सकता है, इसका यह सटीक उदाहरण है। फिलहाल, ईरान और इजराइल के बीच अखाड़े में युद्ध का पहला राउंड खत्म हो गया है और दोनों पहलवान सुस्ताने की मुद्रा में हैं। पूरी संभावना है कि पूरे दम-खम के साथ वे फिर अखाड़े में उतरेंगे। विश्व समुदाय दर्शक गैलरी से तब तक तमाशा देखेगा जब तक कि यह भयावह खेल उनके लिए प्रत्यक्ष खतरा नहीं बनता।

हाल के महीनों में रूस ने इजराइल के खिलाफ तीखे तेवर अपनाए हैं। उसने इजराइल के विरुद्ध प्रतिबंध लगाने तक की मांग की है। वास्तव में रूस इजराइल से अधिक उसके पैरोकार अमेरिका को निशाना बना रहा है। भारत ने ईरान और इजराइल के संघर्ष में अपनी संतुलन की नीति को कायम रखा है। जिहादी आतंकवाद का सामना करने वाला भारत इजराइल का एक स्वाभाविक सहयोगी है, लेकिन साथ ही भारत ग्लोबल साउथ के अन्य देशों की तरह फिलिस्तीन का समर्थक भी है। ईरान के बारे में भी भारत इजराइल का साथ देने की स्थिति में नहीं है।

ईरान में इस्लामी क्रांति के बावजूद भारत और ईरान एक ही सभ्यागत भू-भाग के हिस्से हैं। सभ्यता और संस्कृति की दृष्टि से अरब देशों की तुलना में ईरान हमारे अधिक नजदीक है। साथ ही, मध्य एशिया और रूस तक संपर्क सुविधा के लिहाज से भी ईरान का केंद्रीय महत्त्व है। ईरान में चाबहार बंदरगाह का एक हिस्सा भारत संचालित करता है। अंतरराष्ट्रीय दक्षिण-उत्तर परिवहन गलियारा इसी बंदरगाह पर निर्भर है। अमेरिका यदि चाबहार बंदरगाह के संदर्भ में प्रतिबंध लगाता है, तो यह भारत के लिए बहुत चिंता की बात होगी।

पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली को पुलिस ने ढेर कर दिया है। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ों में इस साल अब तक 80 नक्सली मारे जा चुके हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशकुतुल गांव के पास एक जंगल में कई नक्सलियों के होने की सूचना मिली। सुबह करीब साढ़े पांच बजे गोलीबारी शुरु होगी। जब डीआरजी की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने कहा कि रायपुर से लगभग 400 किलोमीटर दूर स्थित केशकुतुल-केशमुंडी जंगलों में नक्सलियों के डिवीजन सप्लाई टीम कमांडर कवासी पंडारू और 15-20 अन्य कैडरों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया था। दोनों ओर से गोलीबारी शुरु हुई जिसमें एक नक्सली को मार गिराया। अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी रुकने के बाद घटनास्थल से एक नक्सली का शव, एक हथियार और विस्फोटक बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है। इस मुठभेड़ से पहले सुकमा में दो इनामी समेत तीन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर किया था। आत्मसमर्पण करने वालों में एक महिला नक्सली भी है जो पूर्व में एसजेडसीएम बारसे देवा की गार्ड रही है। समर्पण करने वालों में एक लाख का इनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष कवासी हुंगा , नुप्पो भीमा मिलिशिया डिप्टी कमांडर शामिल है।

शराब घोटाला मामले में ईडी ने छग के पूर्व आईएएस अधिकारी को किया गिरफ्तार

रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी देते बताया कि ईडी ने 2003 बैच के अधिकारी को शनिवार को रायपुर में आर्थिक अपराध शाखा और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय से हिरासत में ले लिया जहां अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा उसी मामले में अपना बयान दर्ज करने गए थे। सूत्रों ने कहा कि अनिल टुटेजा को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावि?धानों के तहत हिरासत में लिया गया है और उनकी रिमांड की मांग करते हुए कोर्ट के सामने पेश किए जाने की संभावना है। अनिल टुटेजा पिछले साल ही अपने पद से रिटायर्ड हुए थे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में आयकर विभाग की शिकायत पर आधारित अपनी पिछली एफआईआर को रद्द करने के बाद ईडी ने कथित शराब घोटाला मामले में एक नया मनी लॉन्ड्रिंग मामला दर्ज किया था। ईडी ने आरोप लगाया था कि छत्तीसगढ़ में बेची गई शराब की हर बोतल से अवैध रूप से धन जमा किया गया है और रायपुर मेयर के बड़े भाई के नेतृत्व में शराब सिंडिकेट द्वारा 2,000 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार और धनशोधन के सबूत मिले हैं। इसी के तहत ईडी ने यह कार्रवाई की है।

मणिपुर में 22 अप्रैल को दोबारा होगी वोटिंग

- 11 मतदान केंद्रों पर पड़ेंगे वोट

इम्फाल । मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने घोषणा की है कि मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर दोबारा वोटिंग की जाएगी। 22 अप्रैल को दोबारा वोटिंग कराई जाएगी। बता दें ?कि निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को इन मतदान केंद्रों पर हुई वोटिंग को अमान्य घोषित करने और दोबारा से मतदान कराने को कहा था, इसके बाद ही ये फैसला आया है मणिपुर निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यहां के खुरई निर्वाचन क्षेत्र के मोइरंगकम्पु साजेब और थोंगम लीकाई, क्षेत्रीगाओ के 4, इंफाल पूर्वी जिले के थोंगजू में 1, उरीपोक में 3 और इंफाल पश्चिम जिले के कोंथौजम में 1 मतदान केंद्रों पर दोबारा से वोट डाले जाएंगे। 19 अप्रैल को हुई वोटिंग के दौरान जातीय संघर्ष के चलते तनाव ग्रसित चल रहे मणिपुर के इन केंद्रों से गोलीबारी, धमकी देने और कुछ बूथों पर ईवीएम में तोड़-फोड़ करने जैसे मामले दर्ज हुए थे। मणिपुर की दो लोकसभा सीट इनर मणिपुर और आउटर मणिपुर के लिए शुक्रवार 19 अप्रैल को लोकसभा के पहले चरण में मतदान हुआ था, इस दौरान 72 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। मणिपुर में वोटिंग के दौरान हुई घटनाओं के मद्देनजर कांग्रेस ने मणिपुर के 47 मतदान केंद्रों पर फिर से वोटिंग कराए जाने की मांग की थी।

भाजपा अकेले ही जीतेगी 350 सीटें, जाने माने अर्थशास्त्री ने लोकसभा चुनाव को लेकर की भविष्यवाणी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है। कम मतदान ने राजनीतिक दलों और आयोग को चिंता में डाल दिया है लेकिन, दूसरे चरण में सभी राजनीतिक दल और उनके नेता बंपर वोटिंग की उम्मीद लगाए हुए हैं। इस बीच जाने माने अर्थशास्त्री ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा की बड़ी जीत की भविष्यवाणी की है। उन्होंने दावा किया कि इस बार भाजपा को 330 से 350 सीटें मिल सकती है। इतना ही नहीं भाजपा तमिलनाडु जैसे राज्य में 5 सीट हासिल कर सकती है। अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला ने अपनी नई किताब हाउ वी वोट का विमोचन किया, ने एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा कि भाजपा को इस आम चुनाव में 330 से 350 सीटें मिल सकती हैं। उन्होंने दावा किया भाजपा अपने दम पर 330 से 350 सीटें जीत सकती है। यहां उन्होंने सिर्फ भाजपा की बात की एनडीए की नहीं। सुरजीत की भविष्यवाणी के मुताबिक 2024 के चुनाव में भाजपा को 5 से 7 फीसदी ज्यादा सीटें मिल सकती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को 44 सीटें मिल सकती हैं। भल्ला ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के साथ समस्या नेतृत्व की है। यह सच है कि अर्थव्यवस्था सबसे ज्यादा मायने रखती है, लेकिन नेतृत्व भी दूसरे नंबर पर आता है और इन दोनों पक्षों में भाजपा की स्थिति मजबूत है। अगर विपक्ष एक ऐसे नेता का चयन कर लेता जो पीएम मोदी तुलना में आधी भी अपील करता तो हो सकता था कि इस बार का चुनाव रोचक और कड़ा हो सकता था।

भारत में महिलाओं की लाइफ लाइन हुई बेहतर.....68 से 71 हुई उम्र

नई दिल्ली । भारत की आबादी लगातार बढ़ रही है। कुछ समय पहले भारत ने चीन को भी मामले में पछाड़ दिया है। रिपोर्ट्स की मानें हर साल देश की आबादी 1 प्रतिशत बढ़ रही है। अब यूएनएफपीए ने रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बताया गया है कि भारत की अब डेढ़ अरब पहुंच गई है। वहीं महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। इसमें बताया गया हैं कि महिलाओं की जीवन प्रत्याशा में लगभग साढ़े तीन साल की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 साल और महिलाओं की 74 साल है। साल 2020 तक पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 67.8 और महिलाओं की 70.4 साल थी। भारत की आबादी 144.17 करोड़ तक पहुंच गई है। जनसंख्या का आंकड़ा अगले 77 सालों में बढ़कर दोगुना होगा। साल 2050 तक भारत में दुनिया के 17 फीसदी बुजुर्ग होंगे। अभी देश में 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग 7 प्रतिशत से कम हैं। दुनिया में अनुमानित आबादी के साथ भारत सबसे आगे है, जबकि चीन 142.5 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर है। 2011 में पिछली जनगणना में देश की आबादी 121 करोड़ थी। इतना ही नहीं भारत में यौन संबंधों को लेकर भी जागरूकता आई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में अब 30 सालों में प्रजनन स्वास्थ्य बेहतर हुआ है। मातृ मृत्यु (प्रेग्नेंसी के समय मौत) में कमी आई है। दुनिया में ऐसी मौतों में भारत का हिस्सा 8 प्रतिशत है। इसका सारा श्रेय सस्ता, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को दिया जा रहा है। 2006-2023 में भारत में 23 प्रतिशत बाल विवाह भी हुए हैं। वहीं रिपोर्ट में कहा गया है कि 25 प्रतिशत महिलाएं यौन संबंध बनाने से मना नहीं कर पाती है, जबकि 10 में से एक महिला गर्भनिरोधक उपायों के बारे में खुद निर्णय लेने में असमर्थ हैं।

महावीर जयंती पर खड़गे, राहुल और प्रियंका ने देशवासियों को दीं शुभकामनाएं

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने महावीर जयंती पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए इस पवित्र पर्व पर सबकी खुशहाली की कामना की है। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने शुभकामनाएं देते हुए कहा, कि भगवान महावीर का जीवन और शिक्षाएँ हमें दयालु और सरल बनने के लिए प्रेरित करती हैं। उनकी शिक्षाएँ हमें खुशी, संतुष्टि और निःस्वार्थता के जीवन का मार्ग दिखाती हैं।

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा था- भ्रष्टाचार समाज के लिए एक कैंसर है

- सिसोदिया की जमानत पर सीबीआई के वकील ने कोर्ट को बताया

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की एक कोर्ट में चल रहे दिल्ली शराब घोटाला में सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और मनी लॉउन्ड्रिंग मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला 30 अप्रैल तक के लिए सुरक्षित रख लिया।

सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि आप नेता मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिए ट्रिपल टेस्ट को पूरा नहीं किया है। सीबीआई ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि वह एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं। वे जारी जांच में बाधा डाल सकते हैं। सीबीआई की ओर से पेश वकील पंकज गुप्ता ने कहा कि मनीष सिसोदिया ट्रिपल टेस्ट को पूरा नहीं कर रहे हैं। वह आप में बहुत शक्तिशाली पद पर हैं और दिल्ली सरकार के उपमुख्यमंत्री थे, सीबीआई ने कोर्ट को बताया जिस दिन उन पर केस दर्ज हुआ उसी दिन उन्होंने अपना मोबाइल फोन नष्ट कर दिया था। वह दस्तावेजों को गायब करने में भी शामिल हैं, क्योंकि पुराने कैबिनेट नोट वाली फाइल में से एक अब भी गायब है।

सीबीआई के वकील ने कहा कि सिसोदिया समानता के आधार पर जमानत के लिए योग्य नहीं हैं क्योंकि वह मुख्य आरोपी हैं। वकील ने उन्हें साजिश का मास्टरमाइंड बताते हुए कहा कि यह मनीष सिसोदिया निर्देश पर आधारित था कि अपराध किया गया था। पूरा समुदाय आर्थिक अपराधों का खामियाजा भुगत रहा है। इस दौरान सीबीआई के वकील ने कांग्रेस सरकार के पूर्व पीएम का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था, भ्रष्टाचार समाज के लिए एक कैंसर है। सीबीआई और ईडी का आरोप है कि दिल्ली शराब घोटाले को संशोधित करते समय अनियमितताएं बरती गईं, शराब के लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया और सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना लाइसेंस दिए गए। कोर्ट 30 अप्रैल को जमानत पर फैसला सुनाएगी।

कैफे ब्लास्ट मामले में कई खुलासे-पाकिस्तान कनेक्शन भी आ रहा सामने

बेंगलुरु । रामेश्वरम कैफे में हुए ब्लास्ट के मामले में अभी पूरी तरह पर्दाफास नहीं हुआ है। लेकिन जांच एजेंसियों को नए नए आउटपुट मिल रहे हैं। एजेंसियां अब आरोपियों के ऑनलाइन हैंडलर की पहचान करने की कोशिश कर रही हैं, जिसका कोडनेम कर्नल है। अब्दुल मथीन ताहा को इस अटैक का मेन प्लानर और मुसाविर हुसैन शाजिब को हमलावर बताया जा रहा है। अधिकारियों को संदेह है कि कर्नल इन दोनों से संपर्क में था जो 2019-20 में आईएस अल-हिंद मॉड्यूल से जुड़े थे। माना जाता है कि कर्नल दक्षिण भारत में कई युवाओं के संपर्क में था। उसने क्रिप्टो-वॉलेट के जरिए धन भेजा। साथ ही धार्मिक संरचनाओं, हिंदू नेताओं और प्रमुख स्थानों पर हमले के लिए प्रेरित करने का काम किया।सीनियर अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, नवंबर 2022 में मंगलुरु ऑटोरिक्शा विस्फोट के बाद कर्नल नाम के हैंडलर के बारे में जानकारी मिली। वह मध्य-पूर्व में कहीं से काम करता है। ऐसा हो सकता है कि वह अबू धाबी में हो। जांच एजेंसियां आईएस समूह के छोटे मॉड्यूल बनाकर आतंकी गतिविधियों में पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी आईएसआई के साथ कर्नल की मिलीभगत से इनकार नहीं कर रही हैं। मालूम हो कि आईएसआई ने पहले भी भारत में आतंकी मॉड्यूल को आईएस के गुर्गों से बढ़ावा देने का काम किया है, जैसे कि अक्टूबर में राजधानी दिल्ली में तीन आईएसआई-स्पॉन्सर्ड आईएस मॉड्यूल सदस्यों की गिरफ्तारी हुई थी।आतंकवाद-रोधी एजेंसी ने 1 मार्च के विस्फोट का मामला अपने हाथ में लिया था। बम विस्फोट के इस मामले में लगभग 10 लोग बम से घायल हुए थे। दोनों संदिग्धों की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मथीन ताहा के रूप में की गई है। शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली का रहने वाला मुसाविर हुसैन शाजिब इस हमले का मास्टरमाइंड है और उसी ने इस धमाके को अंजाम दिया था।

स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए तो भाजपा आसानी से केंद्र की सत्ता में वापस नहीं आने वाली : मायावती

गाजियाबाद (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को इलेक?ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर संदेह जाहिर करते हुए दावा किया कि अगर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए तो इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। बसपा प्रमुख ने रविवार को अमरोहा में पार्टी उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन और गाजियाबाद में नंदकिशोर पुंडीर के समर्थन में अलग-अलग जनसभाओं को संबोधित किया। बसपा प्रमुख ने अमरोहा में भाजपा पर मुसलमानों के उत्पीड़न और गाजियाबाद में पश्चिमी उप्र में क्षत्रियों को टिकट न देकर उनकी उपेक्षा का आरोप लगाया।

मायावती ने कांग्रेस, भाजपा और इनके अन्य सभी सहयोगी दलों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ''आजादी के बाद केंद्र और राज्यों में सत्ता ज्यादातर कांग्रेस के हाथों में रहीं, लेकिन अधिकांश मामलों में गलत नीतियों के कारण उसे केंद्र तथा राज्यों की सत्ता से बाहर होना पड़ा।'' भाजपा पर कांग्रेस की राह पर चलने का आरोप लगाते हुए बसपा प्रमुख ने कहा, '' पिछले कई वर्षों से भाजपा और उनके सहयोगी दल केंद्र तथा राज्यों की सत्ता में काबिज हैं लेकिन इनकी जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण, सांप्रदायिक, द्वेष पूर्ण नीतियों, कार्यप्रणाली और इनकी कथनी तथा करनी में अंतर होने के कारण लगता है कि इस बार भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली।''

उन्होंने कहा, '' बशर्ते अगर चुनाव इस बार स्वतंत्र और निष्पक्ष हुए और ईवीएम में गड़बड़ी नहीं की गई।'' मायावती ने कहा, '' वैसे भी इस बार चुनाव में इनकी (भाजपा) पुरानी और नयी नाटकबाजी, जुमलेबाजी, गारंटी आदि काम नहीं आने वाले क्योंकि अब देश की जनता इन्हें समझ चुकी है।'' उन्होंने आरोप लगाया, '' इनकी (भाजपा) पार्टी ने देश के गरीब, कमजोर तबकों व अन?य मेहनतकश लोग जिनसे उन्होंने अच्छे दिन दिखाने के वादे किये, उसका एक चौथाई कार्य नहीं किया।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, '' इनका (भाजपा) ज्यादातर समय और ताकत बड़े पूंजीपतियों, धन्नासेठों को धनवान बनाने और उन्हें छूट देने तथा बचाने में लगा।''

मायावती ने दावा किया कि अब ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी की तरह भाजपा ने केंद्र की अधिकांश जांच एजेंसियों का ''राजनीतिकरण'' कर दिया है। गाजियाबाद में बसपा उम्मीदवार नंदकिशोर पुंडीर के समर्थन में आयोजित जनसभा में मायावती ने भाजपा पर पश्चिमी उप्र में क्षत्रिय समाज की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिमी उप्र में उच?च जाति के लोग काफी तादाद में रहते हैं लेकिन दुख की बात यह है कि भाजपा व अन्य पार्टियां, जो अपने को क्षत्रिय समाज की हिमायती समझती हैं, उन्होंने इस चुनाव में क्षत्रिय समाज की उपेक्षा की है। मायावती ने कहा कि बसपा ने पश्चिमी उप्र में अन?य समाज के साथ ही क्षत्रिय समाज को पूरा पूरा आदर सम्मान दिया है और टिकट बंटवारे में उनको उचित भागीदारी दी है।

गाजियाबाद के मौजूदा सांसद व केंद्रीय मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह को टिकट न देकर भाजपा ने उप्र सरकार के पूर्व मंत्री अतुल गर्ग को टिकट दिया है। सिंह, क्षत्रिय समाज से आते हैं। मायावती ने अमरोहा से कांग्रेस के प्रत्याशी एवं 2019 में बसपा के टिकट पर जीते दानिश अली का नाम लिए बिना कहा, ''2019 में बसपा ने अमरोहा सीट से जिसे टिकट दिया, आप लोगों ने उसे जिताकर भेजा। उस व्यक्ति ने सांसद बनने के बाद न ही पार्टी और न ही क्षेत्र की जनता का मान-सम्मान का ध्यान रखा। उन्होंने जनता और पार्टी के साथ विश्वासघात किया।'' बसपा के टिकट पर अमरोहा से जीतने वाले दानिश अली को इस साल जनवरी में पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। अली बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए और कांग्रेस पार्टी के टिकट पर अमरोहा से चुनाव लड़ रहे हैं।

एक सीट के लालच में हमें छोड़ दिया

-उमर अब्दुल्ला डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा पर बरसे

नई दिल्ली, (एजेंसी)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला इंडिया गठबंधन की सहयोगी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनकी पार्टी अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र में ऐसे मित्र के खिलाफ चुनाव लड़ रही है जो एक सीट के लिए लालची बन गया है। अब्दुल्ला ने पीडीपी के दक्षिण कश्मीर की सीट से चुनाव लड़ने पर यह बात कही।

उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर सीट पर लड़ाई भाजपा से नहीं है। दुर्भाग्य से, वहां नेशनल कॉन्फ्रेंस का मुकाबला हमारे एक मित्र से है जो कुछ दिन पहले तक हमारे साथ था। अब एक सीट के लालच में हमें छोड़ दिया। अब्दुल्ला ने श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा एनसी और पीडीपी विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। वे पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन का भी हिस्सा था जिसका गठन अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद किया गया था। एनसी की ओर से पीडीपी के लिए एक भी सीट छोड़े बिना कश्मीर घाटी में सभी 3 निर्वाचन क्षेत्रों से उम्मीदवार उतारने की घोषणा किए जाने के बाद यह गठबंधन टूट गया। पीडीपी ने तीनों सीट पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि भाजपा घाटी में संसदीय चुनाव सीधे तौर पर नहीं लड़ रही है, बल्कि वह अपनी पार्टी और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस जैसे दलों का समर्थन कर रही है। हम अच्छी तरह से जानते हैं कि भाजपा यहां किसका समर्थन करती है, लेकिन उनके जीतने की कोई संभावना नहीं है। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भगवान ने चाहा तो नेशनल कॉन्फ्रेंस सभी तीन सीट जीतेगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने एनडीए के 400 पार वाले भाजपा के दावे पर कहा कि नतीजों के बाद सब कुछ साफ हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि लद्दाख सीट उनके हाथ से फिसल रही है। उन्होंने कहा कि कल हुए मतदान के बाद ऐसा लगता है कि वे उधमपुर सीट नहीं बचा पाएंगे। देखते हैं कि जम्मू सीट पर भी क्या होगा।

प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने वाले झामुमो नेता ने मांगी माफी

- एसडीओ कोर्ट ने नजरूल इस्लाम को जारी किया था नोटिस

साहिबगंज (एजेंसी)। पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एसडीओ की कोर्ट में पेश होकर लिखित माफीनामा पेश कर माफी मांगी है। पीएम नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता नजरूल इस्लाम ने कोर्ट में माफी मांग ली है। उन्होंने सदर एसडीओ की कोर्ट में पेश होकर लिखित माफीनामा पेश किया। नजरूल इस्लाम की पीएम पर की गई टिप्पणी के बाद बीडीओ सुबोध कुमार ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने सहित अन्य मामलों में साहिबगंज नगर थाने में केस दर्ज कराया था। इसके बाद एसडीओ कोर्ट ने उन्हें नोटिस जारी किया था। नजरूल इस्लाम शनिवार को अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचे और बयान दर्ज कराया। इसके बाद एसडीओ कोर्ट में पेश होकर लिखित में अपना पक्ष रखा। नजरूल इस्लाम झामुमो की केंद्रीय कमेटी का सदस्य हैं। बता दें 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर एक कार्यक्रम में नजरुल इस्लाम के भाषण का वीडियो वायरल हो गया था इसके बाद विवाद खड़ा हो गया था। वायरल वीडियो में वह पीएम मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे का जिक्र करते हुए नजरुल कहते हैं, मैं आप लोगों से कहना चाहता हूं कि 400 सीट नहीं, 400 फिट अंदर नरेंद्र मोदी को गाड़ दिया जाएगा। नजरूल के इस वीडियो की भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। विवाद बढ़ने पर नजरूल इस्लाम ने एक वीडियो जारी कर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था, मैं एक प्रोफेसर हूं, मुझे अच्छे-बुरे की परख है। यदि मेरे बातों से किसी को ठेस पहुंची है, तो माफी मांगता हूं। मेरा कहने का तात्पर्य था कि हम पीएम मोदी की गारंटी की 400 के अंदर गांठ बांध देंगे।

भाजपा की सुविधा के लिए 1 जून तक कराया जा रहा मतदान: सीएम ममता बनर्जी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को लपेटे में लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय चुनाव आयोग ने पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी के लोगों को आराम देने के लिए मतदान की तारीख 1 जून तक रखी है ताकि बीजेपी के लोगों देश के संसाधनों का जमकर उपयोग कर सकें और उन्हें चुनावी प्रचार का पूरा वक्त मिले।मालदा जिले के गाजोल में टीएमसी उम्मीदवार और पूर्व आईपीएस अधिकारी प्रसून बनर्जी के समर्थन में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 19 अप्रैल से 1 जून तक चुनाव निर्धारित किए गए हैं ताकि मोदी और उनके कैबिनेट सहयोगी विशेष विमानों से यात्रा कर सकें और जमकर प्रचार कर सकें। देश में हर चरण से पहले उन्हें विपक्ष पर हावी होना है।

पश्चिम बंगाल के भाजपा और कांग्रेस सांसदों पर हमला करते हुए , बनर्जी ने आरोप लगाया कि 2019 में राज्य से चुने जाने के बावजूद, उनमें से किसी ने भी मनरेगा धन जारी करने के संबंध में राज्य का मामला नहीं उठाया। उन्होंने कहा , हमारे (टीएमसी) सांसद जब पिछले साल नवंबर में मनरेगा की धनराशि जारी करने की मांग को लेकर दिल्ली गए थे तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन कांग्रेस और भाजपा सांसदों ने गरीबों के लिए क्या किया है? कुछ भी नहीं। लेकिन, बंगाल भीख नहीं मांगेगा। मैं आपकी रॉयल बंगाल टाइगर हूं। हमें जितने अधिक सांसद मिलेंगे, उतना अधिक काम होगा। बनर्जी ने सीपीआई (एम) और कांग्रेस पर भाजपा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और लोगों से किसी भी गैर-टीएमसी उम्मीदवार को वोट नहीं देने का आग्रह किया। मैंने ही इंडिया ब्लॉक का नाम दिया था। लेकिन बंगाल में इंडिया गुट नहीं है। हमारे लिए, यह राज्य के बाहर है, अंदर नहीं। ममता बनर्जी ने आगे कहा, ÷पहले चुनाव मई तक समाप्त हो जाते थे, लेकिन इस साल, इसे 1 जून तक बढ़ा दिया गया है ताकि पीएम मोदी सैन्य विमानों पर विभिन्न स्थानों का दौरा कर सकें। जबकि, दूसरी तरफ हमें हेलीकॉप्टर अपने स्वयं की व्यवस्था से जुटाने करने के लिए कहा जा रहा है। इन हेलीकॉप्टरों को भी भाजपा नेता बुक करा रहे हैं ताकि हमें वो भी न मिल सकें। उन्होंने कहा, लोगों को चिलचिलाती गर्मी से काफी असुविधा हो रही है, लेकिन मोदी इससे बेपरवाह हैं क्योंकि वे (भाजपा नेता) सभी सुविधाओं के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं।बनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग मोदी और उनकी पार्टी के सहयोगियों द्वारा तय की गई लाइन पर चल रहा है। बता दें कि 2019 लोकसभा चुनाव में सात चरणों का मतदान 11 अप्रैल से 19 मई तक हुआ था।

न कांग्रेस की रणनीति समझ पा रहीं और न ही राहुल को भुला पा रहीं स्मृति?

अमेठी (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा की जुबां पर हमेशा रहते हैं। चुनावी सभा में कोई उन्हे राहुल बाबा कहता है तो कोई शहजादा बताकर उन्हे घेरता है। जब कांग्रेस की परंपरागत सीट रही अमेठी की बात हो तो केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी इस मौके को कैसे छोड़ सकतीं हैं। वे लगातार बार बार राहुल गांधी को घेरने की कोशिश करतीं नजर आ रहीं हैं। भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी की सक्रियता ने चाहे अनचाहे राहुल को फिर से चुनावी केंद्र में ला दिया है। असल में स्मृति ने अपनी हर सभा में राहुल को निशाने पर लेकर, आरोप मढ़कर, भगोड़ा बताकर और गांधी परिवार पर तोहमत मढ़कर आम जन को राहुल रूपी सवाल सौंप दिया है। उनके इस कदम ने कहीं न कहीं अमेठी में राहुल पर नई बहस शुरू कर दी है। यह बहस किस मोड़ पर जाती है, इसका अंदाजा अभी लगाना थोड़ी जल्दबाजी होगी। लेकिन चुनावी समर में जो मैदान कांग्रेस प्रत्याशी के बिन सूना था वह अब राहुल के नाम से रोमांचित जरूर करने लगा है।

इतना सब होने के बाद भी अमेठी को लेकर कांग्रेस ने अपने पत्ते अभी तक नहीं खोले। वहां से चुनाव कौन लड़ेगा इसकी चिंता कांग्रेस से ज्यादा भाजपा कर रही है। राजनीति के जानकार बताते हैं कि अमेठी में भाजपा की स्मृति एक मजबूत प्रत्याशी हैं तो उन्हे कांग्रेस के उम्मीदवार से क्या लेना देना। वहां कोई भी खड़ा हो जाए। उन्हे तो अपने आप पर भरोसा होना चाहिए। भाजपा न तो कांग्रेस की चुप्पी के मायने समझ रही है और न ही राहुल गांधी की रणनीति। असल में 2019 में राहुल गांधी अमेठी के साथ ही केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़े। अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी से करारी हार मिली, वहीं वायनाड से जीतकर वह संसद पहुंचे। इस बार भी अभी तक राहुल वायनाड से ही मैदान में हैं। उनके अमेठी से चुनाव लड़ने पर संशय बरकरार है। यहां से कभी प्रियंका गांधी तो कभी रॉबर्ट वाड्रा के नाम की चर्चा हो रही है। समीकरण साधने के लिए स्थानीय प्रत्याशी पर भी मंथन चल रहा है। इस सब के बीच कांग्रेस कुछ भी खुलकर बोलने को राजी नहीं है। पार्टी का मौन कार्यकर्ताओं की दुविधा बढ़ाने वाला है।

राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हारे। अभी नया राजनीतिक ठिकाना वायनाड है। इस बीच अमेठी से उनका जुड़ाव करीब कट सा गया। 20 फरवरी को यहां पहुंची उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी न उल्लास नजर आया था और न ही कांग्रेस नेताओं में उत्साह। संसदीय चुनाव की रंगत के बीच जब भाजपा ने स्मृति इरानी को

मैदान में उतार मोर्चेबंदी शुरू कर दी है, तो वहीं कांग्रेस में प्रत्याशी पर ही मंथन चल रहा है। हालांकि अमेठी में पांचवें चरण में 26 अप्रैल से नामांकन की शुरुआत होने वाली है। तीन माई नामांकन की अंतिम तिथि है और 20 मई को मतदान। इस सब के बीच अमेठी से दूर रहते हुए भी बीते 15 दिनों से राहुल गांधी फिर चर्चा में हैं। यह कांग्रेस की पहल नहीं, बल्कि भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी की रणनीति का ही प्रतिफल है।

प्रखण्ड टॉपर अनिकेत को मनीष जायसवाल व मनोज यादव ने किया समान्नित कर बढ़ाया मनोबल

चौपारण – जैक बोर्ड द्वारा 19 अप्रैल को मैट्रिक बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया। जिसमें प्रखण्ड के लगभग सभी उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन किया। वहीं प्रखण्ड के सिंहपुर में कस्तूरबा जनजागरण समिति द्वारा संचालित डॉ ललन बाबू कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय सिंहपुर व मॉडर्न पब्लिक स्कूल दादपुर के मानव कुमार सिन्हा व अनिकेत कुमार सिन्हा ने मैट्रिक परीक्षा में 473 (94.60 प्रतिशत) अंक लाकर पूरे प्रखण्ड में संयुक्तरूप से टॉपर बने। प्रखण्ड टॉप करने पर विद्यालय परिवार ने टॉपर अनिकेत के घर पहुंचकर समान्नित किया और दोनों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की। वहीं इसके अगले दिन पार्टी के कार्यक्रम में दादपुर आए सदर विधायक मनीष जयसवाल व बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रखण्ड टॉपर अनिकेत कुमार सिन्हा को मैट्रिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समान्नित कर उसके हौसले को बढ़ाया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों को भी समान्नित कर उनके मनोबल को बढ़ाया। साथ ही उन्होंने कहा कि गांव के युवाओं में प्रतिभा कूट कूट कर भरी है बशर्ते उन्हें तराशने वाला सही कारीगर होने चाहिए। और यहाँ के शिक्षक बखूबी अपनी जिम्मेवारियों को निभा रहे है। तभी विद्यालय के बच्चे अच्छे कर रहे हैं। वहीं प्रखण्ड टॉपर अनिकेत इंजीनियर बनकर देश का सेवा करना चाहता है।बमौके पर भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, जीप सदस्य रवि रंजन, मुखिया गंदौरी दांगी,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि व विद्यालय अध्यक्ष अरबिंद सिन्हा,प्रभारी धीरेन्द्र सिन्हा,शिक्षक सुजीत सिन्हा,अभिनाश सिन्हा,अमित सिन्हा,अनिकेत के पिता अनुज सिन्हा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

आहर्ता रखने वाले बच्चों को सीबीएसई स्कूलों में मिलेगा निशुल्क शिक्षा - बीईईओ

चौपारण – प्रखण्ड के सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल , बेहरा में शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत 25 प्रतिशत बच्चों को निशुल्क शिक्षा दिया जाता है। इसके लिए आहर्ता रखने वाले अभिभावक अपने बच्चों के नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन rtehazaribag.in पर जाकर कर सकते है और 22.04.24 दिन सोमवार यानि कि आज बीआरसी चौपारण में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच फॉर्म को जमा कर सकते है। इस बात की जानकारी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने दी।ज्ञात हो कि सरकारी प्रावधानों के तहत मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय को 25 प्रतिशत बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देना अनिवार्य है। झारखंड शिक्षा परियोजना , हज़ारीबाग के सूचना के मुताबिक स्वीकृत सीट के विरूद्ध अभिभावकों से आवेदन आमंत्रित करने के निमित दिनांक-17.0 2024 से 26.04.2024 तक तिथि निर्धारित की गई है। आवेदन सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। विद्यालयवार शेष स्वीकृत सीट की विवरणी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की गई है। संबंधित सभी अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि अपने बच्चों के नामांकन के लिए निर्धारित अवधि में ऑनलाईन मोड के माध्यम से आवेदन करना सुनिश्चित करें।

सोनू तिर्की को हजारीबाग जिला अध्यक्ष एवं ललित उरांव को हजारीबाग जिला सचिव का दिया गया पदभार

हज़ारीबाग – यंग ब्लड ग्रुप के केंद्रीय अध्यक्ष मनोज टुडू के नेतृत्व में हजारीबाग के ग्राम हत्यारी में बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सोनू तिर्की ने की। इस बैठक में मनोज टुडू ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए आदिवासी समाज को सर्वप्रथम प्रत्येक क्षेत्र वैज्ञानिक डॉक्टर इंजीनियर शोधकर्ता कृषि पशुपालन स्वरोजगार शिक्षा टेक्नोलॉजी कौशल अपनी भाषा संस्कृति विधि विधान एवं अन्य सभी क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण जोरदार सभागिकता निभानी होगी तभी भारत को विकसित बना पाएंगे। इसी क्रम में जो व्यक्ति समाज के विकास के लिएअपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाने को तैयार है वैसे लोगों को ग्रुप में शामिल कर एकजुटता के साथ के साथ कार्य करने पर विशेष बल दिया है।

शादी समारोह से लौट रहे चौपारण के दो युवकों का सड़क दुर्घटना में मौत,दो की हालत गम्भीर

चौपारण – प्रखंड के लिए रविवार का दिन अशुभ रहा। रविवार के अहले सुबह शादी समारोह से लौट रहे प्रखंड के दो युवकों का अलग अलग जगह पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक घायल को हज़ारीबाग तो दूसरे घायल को बेहतर इलाज के लिए राँची रेफर की सूचना है। पहली घटना इटखोरी में सुबह 5 बजे के करीब की बताई जाती है। जहाँ चौपारण के दैहर पंचायत के ग्राम हथिन्दर के तीन युवक एक बाइक से एक शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच इटखोरी के समीप उनका बाइक एक्सीडेंट कर गया। बाइक के एक्सीडेंट होने से उसमें सवार एक युवक कुंदन भुइयां पिता बद्री भुइयां माता आशा देवी का घटना स्थल पर ही मौत हो गया। वहीं बाइक में सवार दूसरा युवक रामचन्द्र भुइयाँ के पुत्र को बेहतर इलाज के लिए राँची रिम्स रेफर किया गया। वहीं तीसरे युवक को इलाज के लिए हज़ारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया । इस बात की जानकारी समाजसेवी नागेन्द्र कुमार कुशवाहा ने दी। वहीं घटना की खबर सुनकर बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमा शंकर अकेला मृतक के घर दैहर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। मौके पर दैहर मुखिया ब्रह्मदेव भुइयाँ,कोठारी सिंह एवं अन्य उपस्तिथ थे।

वहीं दूसरी घटना चतरा रोड के सवैया पुल के समीप घटी। जहां प्रखण्ड के बसरिया पंचायत के युवक सागर कुमार चंद्रवंशी पिता हरदेव चन्द्रवंशी उम्र 40 वर्ष अपने स्कूटी से इटखोरी तरफ से एक शादी समारोह से वापस अपना घर लौट रहा था। इसी बीच चतरा रोड के सवैया मोड़ के समीप किसी अज्ञात गाड़ी ने स्कूटी को अपने चपेट में ले लिया और युवक को कुचलते हुए इटखोरी तरफ फरार हो गया। जिसके बाद आसपास के लोग दौड़े पर तबतक युवक का जान जा चुका था। घटना की खबर सुनकर जिप सदस्य राकेश रंजन घटना स्थल पर पहुंचे और युवक के आईडी कार्ड को निकाल कर मृतक परिजनों व प्रशासन को विभिन्न माध्यमों से सूचीत किया। जिसके बाद मृतक के पार्थिव शरीर को आपदा मित्र के एम्बुलेंस के मदद से चौपारण ले जाया गया। जहां से चौपारण पुलिस ने डेड बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। ज्ञात हो कि मृतक का पिछले वर्ष ही मयूरहण्ड प्रखण्ड के धनगंवा में शादी हुआ था। इधर घटना की खबर मिलते ही मृतक के माता और उनकी पत्नी व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

मृतक के परिजनों से मुन्ना सिंह ने किया मुलाकात

समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सभी आप के साथ है

कटकमदाग – कटकमदाग प्रखंड के खपरियंवा पंचायत के वार्ड 2 के अजय कुमार साव पिता पटी साव का पिछले दिन रामनवमी जुलूस से लौटने के क्रम में अज्ञात वाहन की चपेट से मृत्यु हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही समाजसेवी मुन्ना सिंह उनके निवास स्थान खपरियंवा पहुंच कर उनके परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दिये। समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सब आपके साथ है।मुख्य रूप से टोनी मिश्र , किशोर सावंत बबलू मिश्रा, राज कुमार साव, सुनील कुमार अशोक कुमार सुरज कुमार इत्यादि कई लोग उपस्थित थे।

शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने सफलता का लहराया परचम

हज़ारीबाग़ – शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय कोरा के विद्यार्थियों ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष में सफलता का परचम लहराया द्य विद्यालय के निर्देशक मधुप मनोहर ने बतलाया कि प्रतिवर्ष विद्यार्थी शानदार रिजल्ट लाकर विद्यालय का सम्मान को बढ़ाते हैं द्य इस वर्ष भी विद्यालय की नुरेशा परवीन ने 93 प्रतिशत लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया, साथ ही मिथिलेश कुमार, लव कुमार कुशवाहा, रोहित कुमार, मिर्जा काशिफ बेग, गुलाम अहमद रजा, प्रेम कुमार, प्रवीण यादव, निशांत कुमार, प्रिंस कुमार यादव, नितेश कुमार, सुधांशु कुमार, विश्वजीत कुमार, मनीष कुमार, प्रभात कुमार, संजना कुमारी, रौशन कुमार, सुहाना परवीन, रोहित कुमार, कुमकुम कुमारी, श्रवण कुमार, आफताब अंसारी, मुक़द्दस प्रवीण, राखी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, साक्षी कुमारी, अंजली कुमारी, नूतन कुमारी, अमन कुमार शर्मा, आर्यन कुमार पासवान, प्रिंस कुमार ऐसे विद्यार्थी है जिन्होंने विद्यालय की ओर से औसत 90 प्रतिशत अंक को प्राप्त किया द्य विद्यालय के लगभग सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं द्य विधालय की ओर से किरण मनोहर, सुनीता देवी, सुमित्रा देवी, जयंत लकड़ा, शाहिना प्रवीण, साजिया सुल्ताना , फरहाना खातून, आरएन सिंह, विश्वनाथ महतो समेत सभी शिक्षकों ने विद्यालय परिवार की ओर से विद्यार्थियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए साधूवाद दिए।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय का वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में भैया बहन का परिणाम रहा शत् प्रतिशत

हज़ारीबाग़ – स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा, हजारीबाग में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023-24 में भैया बहन का परिणाम शत् प्रतिशत रहा। जिसमें कुल 83 भैया बहन वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें 71 भैया बहन प्रथम श्रेणी एवं शेष द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। बहन कुमकुम कुमारी 480 अंक एवं 96 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बहन सुरुचि कुमारी 474 अंक एवं 94.8 प्रतिशत, तृतीय स्थान बहन निशा कुमारी 471 अंक एवं 94.2 प्रतिशत, चतुर्थ स्थान भैया रुपेश कुमार 467 अंक एवं 93.4 प्रतिशत, पंचम स्थान बहन रिषु कुमारी 466 अंक एवं 93.2 प्रतिशत, षष्ठ स्थान भैया चन्दन दांगी 460 अंक एवं 92 प्रतिशत, सप्तम स्थान भैया वरुण कुमार 453 अंक एवं 90.6 प्रतिशत, अष्टम स्थान बहन विद्योत्तमा भारती 451अंक एवं 90.2 प्रतिशत, नवम स्थान भैया एश्वर्य राज 446 अंक एवं 89.2 प्रतिशत, दशम स्थान बहन नेहा कुमारी एवं भैया राजन कुमार दोनों 441 अंक एवं 88.2 प्रतिशत प्राप्त करते हुए विद्यालय में प्रथम दस स्थान प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन समिति के मा संरक्षक डॉ जटाधर दूबे,मा अध्यक्ष डॉ ब्रज कुमार विश्वकर्मा,मा उपाध्यक्ष हर्ष अजमेरा, मा सचिव श्री राम बहादुर सिंह, सहसचिव अनूप कुमार सिंह,मा कोषाध्यक्ष हरि शंकर सिंह,मा सदस्य महेन्द्र राम, सत्यभामा, गंगाधर दूबे इत्यादि ने संयुक्त रूप से भैया बहन एवं समस्त आचार्य जी एवं महिला आचार्य जी को बधाई और शुभकामनाएं दी की अगले वर्ष इससे अच्छा परिणाम करें ताकि राज्य स्तर में स्थान प्राप्त हो।

दि आर्ट ऑफ लिविंग हजारीबाग ने किया भगवान महावीर की रथ का स्वागत

हज़ारीबाग़ – दि आर्ट ऑफ लिविंग हजारीबाग इकाई ने महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज द्वारा निकाले गये जुलूस का स्वागत स्थानीय बंगाली दुर्गा स्थान चौक पर किया। जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत शर्बत एवं पानी से किया गया।साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान संदेश को प्रसारित-प्रचारित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में तुषार सेठी,दीपक पसरीचा,साहेब सोनी,डॉ अविनाश कुमार मिश्रा,सरिता अग्रवाल, शांति लाल अग्रवाल,, मुन्ना तिवारी,शाहनवाज हुसैन, तन्मय सोनी,ओम सोनी,भोला गुप्ता,राकेश ठाकुर (जदयू),संजय गुप्ता (जे एम,एम),सरफराज हैदर (बीजेपी) पीयुष सोनी,कविता ठाकुर,शैलेश पाण्डेय,अपील,मोनु सोनी,विक्की सोनी, प्रेम कुमार एवं अन्य स्वयंसेवकों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संयोजन दि आर्ट ऑफ लिविंग के टीचर तारकेश्वर सोनी के द्वारा किया गया।

झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिले में बेहतर रिजल्ट के लिए किया खुशी व्यक्त

हज़ारीबाग़ – मेट्रिक परीक्षा मे हजारीबाग जिला के सफलता पूरे राज्य मे दूसरा स्थान रहा तथा इंदिरा गांधी विधालय की आपार सफलता प्राप्त किया है। इससे झारखंड की शिक्षा व्यवस्था पर गर्व है। इस ऐतिहासिक सफलता के लिए झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक राम ने खुशी व्यक्त करते हुए सभी शिक्षको और सफल विधार्थियो को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है। साथ ही साथ झारखंड सरकार से मांग की है की झारखंड के सरकारी विद्यालय मे शिक्षको को सिर्फ पढाने की जिम्मेदारी दी जाए। बहुत सारे अन्य कार्यो से मुक्त किया जाए और फालतू के रिपोर्ट से मुक्त किया जाए, जिससे झारखंड मे शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

महावीर जयंती की भव्य शोभायात्रा का हजारीबाग यूथ विंग ने किया स्वागत

जैन धर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका सबसे बड़ा संदेश है - चंद्र प्रकाश जैन

हजारीबाग – हजारीबाग की पावन धरती पर जैन समुदाय के द्वारा महावीर जयंती के पावन पर्व पर भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। जिसका सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा के बड़ा बाजार चौक के समीप जैन समुदाय के महामंत्री पवन जैन अजमेरा, सयुक्त महामंत्री, कोषाध्यक्ष,कार्यकारिणी सदस्य टोनी जैन, एवं स्वरूप चंद्र सहित कई बड़े पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात जुलूस में शामिल तमाम महिलाएं,पुरुष एवं बच्चों के बीच जूस एवं पानी की बोतल का वितरण किया गया। जिसके पश्चात सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल महावीर स्वामी की तस्वीर का दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात जैन समाज के बड़े पदाधिकारियों के द्वारा हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिनंदन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान जैन समुदाय के सभी सदस्य महावीर स्वामी की जय कारे लगाते हुए शोभा यात्रा का आनंद ले रहे थे। तो वही शोभायात्रा में महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल हुए और शोभायात्रा का भरपूर आनंद ले रहे थे, तो वहीं बच्चे भी शोभायात्रा में आनंदित होकर घूम रहे थे और ईश्वर की आराधना कर रहे थे।

15 दिनों तक मेंटेनेंस के बाद भी रामनवमी के दिन क्यों कटता है बिजली , जवाब दे बिजली विभाग - अभिमन्यु

हजारीबाग – शनिवार शाम को हज़ारीबाग़ के प्रभु निवास मार्केट में भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में आम जनता के तरफ से और हजारीबाग के व्यवसाईयों के तरफ से उन्होंने रामनवमी सफल होने पर जिला प्रशासन को बधाई दिया है, पर बिजली विभाग पर निशाना साधा है। प्रेस वार्ता में आम जनता की ओर से भैया अभिमन्यु ने बिजली विभाग से जवाब मांगा है कि रामनवमी से पहले 15 दिनों तक पूरे शहर का बिजली काट कर रख-रखाव किया जाता है। जिसमें जनता कई परेशानियों को झेलती है, यह समझकर के मेंटेनेंस के बाद उसे लगातार बिजली उपलब्ध होता रहेगा। मेंटेनेंस के बावजूद भी रामनवमी जुलूस के एकादशी के दिन दिन और रात बिजली काट कर करीब 50 करोड़ से ऊपर के नुकसान की बात बताया है। यह नुकसान उन व्यापारियों का हुआ है जिनके बिना बिजली व्यापार संभव नहीं है जिसमें दूध, दवा, फैक्ट्री, मेवा, मिष्ठान, पनीर, अपार्टमेंट आदि शामिल है। वहीं इसमें कई छोटे व्यापारी भी हैं जिसमें कोल्ड ड्रिंक, पानी, फल, कुल्फी वाले भी शामिल हैं जो रामनवमी के दिन अपना व्यापार करते है। उन्होंने यह भी कहा कि रखरखाव के नाम पर जिला प्रशासन से फंड लेकर सालों साल से घोटाला चला आ रहा है। जिसे आम जनता को कोई फायदा नहीं पहुंच रहा है। अगर बिजली का मेंटेनेंस कर दिया गया है तो आने वाले कुछ महीनो तक बरसात पानी आंधी और तूफान में निर्बाध बिजली मिलना चाहिए।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहीद जयमंगल पांडेय के वंशज सचिदानंद पांडेय को पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित

हज़ारीबाग़ – भारत के प्रथम स्वतंत्रता 1857 क्रांति के स्वतंत्रता संग्राम के नायक शहीद जयमंगल पांडेय के वंशज सचिदानंद पांडेय को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने आवास पर पुष्प गुलदस्ता देकर सम्मानित किया है और कहा की आज देश की आजादी इन्ही क्रांति वीरों की वजह से मिल पाई है । आज पूरे देश की जनता को इनका ऋणी होना चाहिए। इनकी बलिदानी देश की आजादी दिलाने में हुई है , आज हम आजादी की खुली सांस ले पा रहे है, तो इसमें शहीद जयमंगल पांडेय जैसे क्रांति वीरों की वजह से ले पा रहे है। आज मुझे शहीद जय मंगल पांडेय के परिवार को सम्मानित कर मैं खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। उन्होंने यह भी कहा की सिर्फ मैं नही पूरे हरियाणा के लिए लोगों ने आपको सम्मानित किया है। झारखंड और हजारीबाग की धरती को नमन कर कहा कि जहां इन जैसे वीर जन्म लेकर देश के लिए लड़े इन वीरों को मेरा सलाम है।

डीवीसी चेयरमैन ने किया बोकारो थर्मल प्लांट का निरीक्षण

बोकारो थर्मल(बेरमो) । डीवीसी चेयरमैन भाप्रसे अधिकारी एस सुरेश कुमार शनिवार को अपने दौरा के क्रम में साढ़े दस बजे बोकारो धर्मल नूरीनगर स्थत डीवीसी के ऐश पौंड पहुंचें डीवीसी चेयरमैन के साथ मेंबर टेक्निकल एम रघुराम, मुख्य महाप्रबंधक सुभाष सिंह भी थे. ऐश पोंड पहुंचने पर बोकारो थर्मल के एचओपी आनंद मोहन प्रसाद, वरीय जीएम एफजीडी एसएन प्रसाद ने पौधा देकर चेयरमैन एवं मेंबर टेक्निकल का स्वागत किया बाद में चेयरमैन अधिकारियों के साथ ऐश पौंड स्थित रिकवरी सिस्टम, सेटलिंग पोंड देखने पहुंचे चेयरमैन एवं मेंबर टेक्निकल ने ऐश पौंड से व्यापक पैमाने पर उड़ रही छाई एवं पौंड में चारों ओर बिखरी छाई को देखकर नाराजगी जताते हुए सिविल के डीजीएम विश्वमोहन गोस्वामी सहित राहुल उरांव, पवन कुमार आदि को डांट पिलाई चेयरमैन ने डीजीएम सिविल से पोंड की स्थिति को देखकर नाराजगी जताते हुए पूछा तो डीजीएम सिविल ने कहा कि पौंड की स्थिति बेहतर है. दुबारा पूछने पर भी जब डीजीएम सिविल ने अपनी बात दुहराया तो चेयरमैन ने उनकी बात को मोबाइल में रिकार्ड कर लिया. डीजीएम सिविल ने चेयरमैन से कहा कि पौंड प्रतिदिन 25 एमएम बारिश की क्षमता को भी संभाल सकता है. मेंबर टेक्निकल ने स्थानीय एचओपी से डीजीएम सिविल को लंबी छुट्टी पर भेजने की भी बात कही. पौंड से उड़ रहे व्यापक पैमान के छाई को नियंत्रित करने के लिए चेयरमैन ने एचओपी को निर्देश दिया कि पौंड के रिकवरी पंप से गार्ड लैंडिंग पाईप लाईन के द्वारा उड़नेवाली छाई को नियंत्रित किया जा सकता है. डीजीएम सिविल द्वारा इस सिस्टम के भी सक्सेस नहीं होने की बात कहे जाने पर मेंबर टेक्निकल ने उन्हें एनटीपीसी के दूसरे प्रोजेक्टों में जाकर देखकर आने की बात कही. चेयरमैन ने स्थानीय स्तर पर ट्रैक्टरों के द्वारा ऐश पौंड पर जल छिड़काव की भी बात कही. पोंड से उड़नेवाले छाई के कारण सभी को पोंड पर ही अपने नाक पर मास्क लगाना पड़ा उन्होंने निर्देश दिया कि पांच माह के दरम्यान पोंड पूरी तरह से खाली होती रहनी चाहिए कहा कि वर्तमान में पोंड की जो स्थिति है उससे लगता है कि पोंड दस दिनों में ही भर जाएगा. मेंबर टेक्निकल ने एचओपी एवं डीजीएम सिविल को निर्देश दिया कि हजारीबाग में बंद पड़े स्टोन कायरी में छाई फेंकने को लेकर हजारीबाग के डीएफओ, डीएमओ एवं डीसी से मिलकर पहल करें ताकि उसमें छाई फेंका जा सके. उन्होंने पोंड से उड़नेवाली छाई पर रोक लगाने का भी निर्देश सिविल के इंजीनियरों को दिया मौके पर डीवीसी के जीएम ओएंडएम एस भट्टाचार्य, जीएम विद्युत एस

भद्रा,डीजीएम प्रशासन बीजी होलकर, वरीय प्रबंधक मैकनिकल मनीष कुमार चौधरी, सिविल अभियंता अमित कुमार, स्थानीय थाना के सअनि अरविंद मेहता, बैजुन मरांडी जवानों के साथ थे।

रामकनाली से श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ को लेकर गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा

कतरास. रामकनाली कालेश्वर महादेव मंदिर से रविवार को श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ को लेकर गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी. कलश यात्रा में महिला, पुरुष एवं बच्चे हर हर महादेव,जय श्री राम आदि धार्मिक नारे लगाते चल रहे थे. कलश यात्रा रामकनाली पुल स्थित कालेश्वर मंदिर से निकली जो गुहीबांध, कतरास थाना चौक होते हुए सूर्य मंदिर स्थित कतरी नदी पहुंची. जहां पूरे विधि विधान के साथ महिलाओं ने कलश में जल भरा. कलश में जल भरने के बाद पुनः महिलाएं रामकनाली स्थित कालेश्वर मंदिर पहुंची. जहां जल यात्रा के बाद जल पूजन, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं अग्नि मंथन हुआ. कलश यात्रा में यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष अमरेश कुमार बाउरी, सचिव अर्जुन चौधरी, मुख्य जजमान संतोष कुमार स्वर्णकार एवं उनकी धर्मपत्नी सविता देवी, सत्येंद्र रवानी, अर्जुन प्रजापति, विक्रम दे, प्रिंस रवानी, वैभव शर्मा,प्रगति सिंह,गुड्डू कुमार आदि शामिल थे, सोमवार को वेदी पूजन मंडप पूजन हवन आरती महाप्रसाद वितरण एवं रात्रि 8-00 बजे से प्रवचन किया जाएगा. मंगलवार एवं बुधवार को हवन आरती रात 8-00 बजे से प्रवचन, गुरुवार को पूर्णावती,कन्या पूजन, ब्राह्मण भोज एवं महा भंडारा के साथ संपन्न हो जाएगा.

बाबूलाल मरांडी के आरोपों पर लगेगा विराम : अनूप सिंह

बोकारो। 21 अप्रैल को उलगुलान न्याय महारैली में जाने से पहले जिले के लोहांचल कमेटी हॉल मे काँग्रेस के धनबाद प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पति विधायक अनूप सिंह ने प्रेस को संबोधित करते हुए , बाबूलाल मरांडी के एक बयान जो था कि सभी भ्रष्टाचारी एक जुट हो गए है,उसके जवाब मे अनूप सिंह ने कहा की भ्रष्टाचारी किधर है वो सबको मालूम है, ईडी के डर से जितने भ्रष्टाचारी थे वो बीजेपी मे चले गए और जो नहीं गए उनको जेल चले जाना पड़ा है, और जो भी बाबूलाल मरांडी का आरोप है उसपर आज विराम लग जाएगा, जब वो देखेगे की हिन्दुस्तान की 70 प्रतिशत जनता एक मुश्त हो कर देश और संविधान को बचाने के लिए खड़ी है, और जब चुनाव का परिणाम आयेगा तब उनको पता चल जाएगा की क्या है,वहीं परिवार वाद के सवाल पर उन्होंने कहा की ये सब कहने से नहीं होता है, हम पर बार बार ये आरोप लगाना की हम परिवार वाद की राजनीति करते है, तो क्या भाजपा मे परिवार वाद नहीं किया है तो राजनाथ सिंह, अजीत चौधरी ,माधव लाल सिंधिया के बेटे ज्योति आदित्य सिंधिया का वसुंधरा राजे का और कई नेताओं के नाम लेते हुए कहा की ये परिवार वाद नहीं हुआ है क्या।

इंटक कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने थामा भाजपा का दामन

बोकारो। धनबाद लोकसभा मे चुनावी माहौल के साथ साथ मौषम के तापमान भी बढ़ती जा रही है।इसी क्रम में रविवार को लोकसभा क्षेत्र के बोकारो विधानसभा में इंटक कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने आज केन्द्र के मोदी सरकार पर विश्वास करते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने दिलाया। सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लु महतो, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, रोहितलाल सिंह, मुकुल ओझा ने माला व पट्टा पहना कर स्वागत किया। ढुल्लु महतो ने कहा कि आज देश विश्व में नरेंद्र मोदी का डंका बज रहा। आप सभी का भाजपा परिवार में आप सभी का स्वागत है।आप सभी मिलकर मोदी के 400 पार अभियान को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।वहीं बिरंची नायरण ने कहा कि आज झारखंड के साथ पूरा देश देखा जिस प्रकार राँची मे आयोजित उलगुलान कार्यक्रम में कुर्शी मारपीट हुई।कांग्रेस व इंडी गठबंधन की मंशा सभी ने देख लिया। देश की 140 करोड़ जनता मोदी सरकार के साथ है। काँग्रेस के वरिष्ठ नेता राधेश्याम दुबे,राजू मोदक,प्रकाश चटर्जी के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए।शामिल होने में राजकुमार मोदक, विवेक काशी,रोनी, नीरज, गोपी, आकाश, देबासिष, बिनय, अनिल, कुला, संजू, मनोज, पोलतु, उत्तम, अशोक,विधान, संतोष,प्रमोद ,श्रीकांत, हरिकांत, शंकर, आदर्श, रामनाथ, सुमित,राजू,विजय,कृपाशंकर, कौशल, सुपरानी, शकुंतला, आरती, फुलमनी सहित सैकड़ों शामिल हुए।

हस्तलिखित पासबुक अपडेशन डाकघर में ही एंट्री करावें अन्यथा जिम्मेदार स्वयं खाताधारी

धनबाद डाक मंडल के तमाम खाताधारियों को वरीय डाक अधीक्षक की अपील

धनबाद -केके पॉलिटेक्निक गोविंदपुर पोस्ट ऑफिस में पिछले दिनों हुई करोड़ की हेरा फेरी मामले के आलोक में वरीय डाक अधीक्षक धनबाद उत्तम कुमार सिंह ने एक सार्वजनिक सूचना जारी कर दी है कि डाकघर के तमाम खाताधारी अपनी पासबुक किसी प्रकार का अपडेशन प्रवेश एंट्री आदि डाकघर में आकर विभागीय प्रिंटर पर ही करायें अन्यथा लिखित या मैन्युअल अपडेशन, एंट्री को लेकर किसी प्रकार की गड़बड़ी होती है तो उसका जिम्मेवार स्वयं खाताधारक होंगे। उल्लेखनीय है कि धनबाद डाक मंडल के निरसा स्थित केके पॉलिटेक्निक पोस्ट ऑफिस में पिछले दिनों करोड़ों रुपए की की राशि निजी खाते में डालकर घपलेबाजी करने का सनसनीखेज मामला पकड़ा था।

महावीर जयंती पर जैन समाज के लोगों ने निकाला प्रभात फेरी.

कतरास. महावीर जयंती के अवसर पर रविवार को दिगम्बर जैन समाज के द्वारा सुबह प्रभात फेरी निकल गई. जो पूरे नगर का भ्रमण किया. प्रभात फेरी में भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे. प्रभात फेरी के पश्चात जैन मंदिर में सामूहिक पूजन शांति धारा एवम आरती की गई. शांति धारा का पाठ जय कुमार पहाड़िया के परिवार ने किया. दोपहर में मन्दिर परिसर के नीचे दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया गया तत्पश्चात जरूरत मंद लोगो को वस्त्र वितरण किया गया. शाम को सामुहिक आरती की गई. कार्यक्रम मे स्थानक वाशी जैन समाज के लोगो का भी सहयोग रहा. कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती प्रभा देवी पाटोदी,सुशीला देवी गंगवाल, मुन्ना देवी काला, रेणु रा रा,शोभा रा रा,कुसुम काला, रीता सेठी,प्रेमा सेठी,रेखा पहाड़िया,स्वरूप पहाड़िया,वर्षा रा रा,विपिन रा रा, अमर सेठी, अनिता पहाड़िया,बॉबी पहाड़िया,अंजली रा रा, बिन्नू छोटू रा रा,डब्बू काला,कमल पहाड़िया,किरण काला,प्रदीप सेठी,अमर सेठी, प्रदीप पाटोदी, आनंद काला,लक्की काला, धन्नू छाबड़ा, आदि मौजूद थे.

लोकसभा चुनाव में कुम्हार जाति का अनदेखी कर अपमानित किया सभी राजनीतिक दलों ने - जीवन जगरनाथ

जरीडीह प्रजापति धर्मशाला जैनामोड में झारखंड प्रजापति (कुम्हार)महासंघ बोकारो जिला समिति की एक आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में गिरिडीह और धनबाद लोकसभा सीट पर कुम्हार मतदाताओं की भूमिका पर चर्चा की गई। जिला के सभी प्रखंडों से आए पदाधिकारीयों ने अपने अपने विचारों से अवगत कराया। पूरे भारतवर्ष में अभी तक 543 लोकसभा क्षेत्र में कहीं भी कुम्हार को किसी भी पार्टी ने प्रत्याशी नहीं बनाकर पूरे समाज को अपमानित किया है। खास कर झारखंड के 14 लोकसभा सीट से भी समाज को अछूता रखा गया। जो काफी निंदनीय है। झारखंड के वर्तमान सरकार ने माटी कला बोर्ड की गठन नहीं कराकर यह साबित कर दिया कि वो कुम्हारी कला को दबाने की साजिश कर रहे हैं । महासंघ के 16 सूत्री मांगों पर सरकार कभी गंभीर नहीं रही परिणाम स्वरूप कुम्हार आदिवासी सूची में शामिल नहीं हो सके, और कई विकासशील कार्यों से वंचित रहें हैं। इन सभी बातों को लेकर जिला समिति प्रत्येक प्रखण्ड के प्रत्येक गांव में जाकर ग्रामीणों से राय मांगी जाएगी और उसके बाद ही आगामी लोकसभा चुनावों में कुम्हारों के मत कहा दिया जाए। इस पर निर्णय लिया जाएगा। जो राजनीति पार्टी कुम्हार के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प लेगा उस पर समाज आवश्य विचार कर सकती है। लेकिन यदि ऐसा नहीं हुआ तो समाज अपना प्रत्याशी उतारने पर भी विचार कर सकती है। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शेखर प्रजापति एवं संचालन जिला महामंत्री जीवन जगरनाथ ने किया। बैठक में मुख्य रूप से महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता विक्रम महतो,पूर्व जिला अध्यक्ष सुचांद प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष हीरालाल प्रजापति, सुजीत प्रजापति, दीनबधु प्रजापति, रघुनाथ प्रजापति, मुकेश प्रजापति, शशिभूषण प्रजापति, संतोष प्रजापति, दिनेश प्रजापति के आलावा दर्जनों जिला समिति के सदस्य उपस्थित थे।

20 सूत्री के जिला संयोजक ने जर्ज़र पथ की सुधार की मांग की

दारु – 20 सूत्री के जिला संयोजक शशि मोहन सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की दारू प्रखंड के कबलासी पंचायत और पुनाई पंचायत के लोग जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का दंश झेल रहा है। बरकट्ठा विधायक अमित यादव व कोडरमा सांसद से मैं पूछना चाहता हूं की झुमरा से बसरीया रोड जो प्रखंड मुख्यालय दारू को भी जोड़ती है, इसमें कब तक कार्य प्रारंभ होगा। इस रोड की हालत बहुत ही खराब है। उन्होंने कहा की इस संबंध में क्षेत्र के ग्रामीणों ने कई बार सांसद व विधायक का ध्यान आकृष्ट किया, लेकिन सिर्फ लोगों को आश्वासन की घुट्टी पिलाई गई। इस क्षेत्र के लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। लोग इसका जवाब आगामी लोकसभा चुनाव में देंगे। उन्होंने कहा की विधायक और सांसद के प्रति लोगों में भारी आक्रोश है। इस क्षेत्र में बीते 25 बरसों से भाजपा के सांसद और विधायक चुने गए हैं, जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी तीन बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसके बावजूद भी इस क्षेत्र का विकास नहीं हुआ। शशि मोहन सिंह ने कहा की सेवाने नदी पर बने पुल की हालत भी जर्जर हो चुकी है। इस पर भी किसी का ध्यान नहीं है।

उलगुलान न्याय महारैली की भीड़ ऐतिहासिक – साजिद

हज़ारीबाग़ - इंडिया गठबंधन द्वारा प्रभात तारा मैदान, धुर्वा, रांची में उलगुलान न्याय महारैली का अयोजन किया गया है। जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से हजारों हजार कि संख्या में इंडिया गठबंधन के ऊर्जावान नेता और कार्यकर्ता महारैली में शामिल हुए सभी लोगों ने एक स्वर में लोकसभा चुनाव जीतने का संकल्प लिया। इस महारैली में हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने भी अपने सहभागिता सुनिश्चित करते हुए आए हुए लोगों से गठबंधन के पक्ष में अधिक से अधिक वोट करवाने का आह्वान किया जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा कि महारैली में आए हुए भीड़ अविश्वसनीय और ऐतिहासिक है यह भीड़ दर्शाती है की केंद्र सरकार से भारतीय लोग कितने त्रस्त हैं देश का हर एक व्यक्ति अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है और हर कोई न्याय के लिए इंडिया गठबंधन और देश के जननायक राहुल गांधी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं यही वजह कि लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण में स्पष्ट रूप से देखने को मिला कि नरेंद्र मोदी लोकप्रियता घटी है और हर कोई सत्ता परिवर्तन चाहता है। महारैली में मुख्य रूप इजहारुल हूसैन, साबिर अली, शाहिद शेख, मुन्ना खान, सफ़र रज्जा,मो.इमतियाज, मुन्ना मल्लिक,नाजिर अली, मौलाना मुख्तार,मो.खुरशिद अंसारी कमरुद्दीन इत्यादि दर्जनों लोग मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

दांतु की सेकेंड टांपर सोनाली को थाना प्रभारी ने किया सम्मानित

कसमार (बोकारो) जिला में मैट्रिक परीक्षा 2024 में सेकेंड टांपर रही कसमार प्रखंड की दांतु निवासी सोनाली कुमारी को थाना प्रभारी भजन लाल महतो ने सम्मानित करते हुए पढ़ाई में हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने सोनाली के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मिठाई, डायरी,पेन व सहयोग राशि देकर सम्मानित किया। थाना प्रभारी ने कसमार जैसे ग्रामीण क्षेत्र से पूरे जिले में मान बढ़ाने हुए अन्य छात्र-छात्राओं को भी बधाई देते हुए कहा कि कसमार शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा कीर्तिमान स्थापित किया है। दांतु में ही सावित्री कुमारी जैसी होनहार छात्रा ने जेपीएससी परीक्षा में पूरे राज्य में स्थान प्राप्त करते हुए प्रशासनिक अधिकारी का काम रही है। जो इस क्षेत्र के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। बता दें कि पूरे जिले में कसमार प्रखंड से इस बार छह विधार्थियों ने जिला के टांप टेन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। जिसमे क्षेत्रनाथ हाई स्कूल हरनाद के छात्र विवेक करमाली ने 95.80 प्रतिशत,हरिजन आदिवासी विकास उच्च विद्यालय पिरगुल की छात्रा मनीषा भारती ने 95.80 प्रतिशत अंक लाकर जिला टाप थ्री में स्थान प्राप्त किया है। जबकि हरिजन आदिवासी विकास उच्च विद्यालय पिरगुल की छात्रा दीपिका जायसवाल ने 95.60 प्रतिशत के साथ जिला टांप फ़ोर में जगह बनाई है। इसी तरह आनंद मार्ग आवासीय विद्यालय खैराचातर के छात्र विश्वजीत कर्मकार ने 95 प्रतिशत के साथ टांप सेवन एवं कृष्ण मुरारी पांडेय स्मारक हरिजन आदिवासी विकास उच्च विद्यालय मूरहुलसुदी के एक छात्रा कुमकुम कुमारी ने 94.80 प्रतिशत लाकर टांप आठवें रैंक में स्थान प्राप्त कर कसमार प्रखंड का मान बढ़ाया है। मौके पर दांतु मुखिया चन्द्रशेखर नायक, पंसस नगेन्द्र नायक, मुखिया सरिता देवी, मुखिया विजय कुमार जायसवाल सहित अन्य लोगों ने बधाई दिया गया

अंतर्राष्ट्रीय महिला काव्य मंच , बोकारो इकाई के पंचम वार्षिकोत्सव में बही साहित्यिक धारा

सम्मानित किए गए शहर के प्रबुद्ध साहित्यकार और समाजसेवी

बोकारो । अंतर्राष्ट्रीय महिला काव्य मंच की बोकारो इकाई के पंचम वार्षिकोत्सव समारोह में रविवार को बोकारो क्लब के बैडमिंटन हाल में आयोजित कवि सम्मेलन में साहित्य की धारा बही जिसका प्रबुद्ध श्रोताओं ने जमकर आनंद लिया । मंच के संस्थापक नरेश नाज़ के संज्ञान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन कमेटी के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा स्मिता एवं दीप्तिमयी निशंक के दीप गायन से हुआ। स्वागत गान शीला तिवारी, क्रांति श्रीवास्तव , रिचा प्रदर्शनी, सोनी कुमारी एवं नीलम झा ने प्रस्तुत किया वहीं करुणा कलिका, दीप्ति झा एवं जयंती सिंह ने सरस्वती वंदना का गायन किया। मंच का संचालन स्मिता एवं दीप्तिमयी निशंक ने किया। मंच की अध्यक्ष काजल भालोटीया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए मंच की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रदेश महासचिव अर्चना अश्क मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर आयोजित कवि सम्मेलन में दीप्ति झा, ज्योतिर्मय डे राणा, नीलम झा, स्मिता, रेणुका सिन्हा, क्रांति श्रीवास्तव, रिचा प्रियदर्शनी, दीप्तिमयी निशंक, करुणा कलिका, सोनी कुमारी, माला, शील तिवारी, रीना यादव, जयंती सिंह, स्निग्धा बोस, डॉ आशा पुष्प, सुप्रिया कुमारी, अर्चना अश्क मिश्रा एवं काजल भालोटीया ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

इस समारोह में आशा लता केंद्र की बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अंतर्राष्ट्रीय महिला काव्य मंच जमशेदपुर की रिमी वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुई। सामाजिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए महिला समिति, मारवाड़ी महिला समिति, बोकारो रोटरी क्लब, चास रोटरी क्लब एवं जेसीआई के अध्यक्षों को मंच द्वारा सम्मानित किया गया। बोकारो के वरिष्ठ एवं नव साहित्यकारों को मंच द्वारा सम्मानित कर एक नई परंपरा की शुरुआत की गई। मंच की सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया धन्यवाद ज्ञापन उप सचिव क्रांति श्रीवास्तव ने किया।

नहाने के दौरान कोयल नदी में डूबने से 10वी के छात्र की मौत।

संवाददाता=लोहरदगा=जिले के कोयल नदी में डूबने से लिवेन्स एकेडमी के 10वी के छात्र की मौत हो गयी।शव को ढूंढने में 2 घंटे का समय लगा।मृतक की पहचान किस्को थाना क्षेत्र निवासी भीम साहू के 16 वर्षीय पुत्र देवांश कुमार के रूप में हुई ।जानकारी के अनुसार देवांश कुमार रविवार को किस्को मोड़ ट्यूशन पढ़ने आया था।जिसके बाद अपने कुछ दोस्तों के साथ कोयल नदी नहाने चला गया।नहाने के क्रम में देवांश गहरे पानी में चला गया, उसके दोस्तों ने उसे बाहर निकालने का प्रयास किया पर गहराई अधिक होने के कारण उसे डूबने से नहीं बचा सके। जिसके बाद घटना की सूचना सदर थाने को दी गयी।सदर थाना पुलिस और जिला मतस्य समिति के सामूहिक प्रयास से लगभग 2 घंटे के बाद झगड़ की मदद से देवांश को लगभग 19 फीट गहरे पानी से निकाला गया।जिसके बाद तुरंत उसे सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मोची के बेटे का जगा भाग्य,माई इलेवन सर्कल में जीता 10 लाख और एक कार

गोड्डा। कहा जाता है न कि भगवान जब किसी को कुछ देता है तो छप्पर फाड़ कर देता है लेकिन उसके लिए वक्त और भाग्य दोनों का एक साथ,साथ देने का संयोग बनना चाहिए और ऐसा एक संयोग पेशे से जूता-चप्पल ठीक करने वाले के घर में दस्तक दी और एक ही झटके में दस लाख और एक एसयुभी कार का मालिक बन गया। आपको बता दें कि इन दिनों युवाओं में क्रिकेट को लेकर काफी क्रेज बढ़ गया है,आसानी से और जल्दबाजी में लोग पैसों के ढेर पर बैठने का सपना देखते हैं ऐसे में ऑनलाइन गेम या इससे जुड़ी तरकीब को अपना कर अपना किस्मत खूब आजमाने में लगे हैं। इसी में माई इलेवन सर्कल इन दिनों सबसे प्रचलित है,जिसमें युवा अपना टीम बनाकर कुछ रुपये से खेल की शुरुआत करते हैं और अगर भाग्य ने साथ दिया वही कुछ रुपया लाखों-करोड़ों में बदल जाती है। ऐसा ही कुछ गोड्डा जिला के बसंतराय प्रखंड क्षेत्र के महेशटिकरी गांव के एक युवा के साथ हुआ जो इस गेम के पीछे लगभग चार से पाँच साल से किस्मत आजमा रहे थे और किस्मत का दरवाजा ऐसा खुला की एक झटके में दस लाख रुपया और एक कार का मालिक बन बैठा। आपको बता दें कि महेशटिकरी गांव निवासी झामा रविदास जो पेशे से एक मोची है जिनका बेटा बबलू रविदास का माई इलेवन सर्कल ने किस्मत बदल दिया। आपको बता दें कि बीते 18 अप्रैल को मुंबई बनाम पंजाब के बीच हो रहे मैच में बबलू ने मात्र 49 रुपया लगाकर अपने किस्मत को लॉक किया था और जब मैच खत्म हुआ तो 963 पॉइंट्स के साथ दूसरे नम्बर रहा और 10 लाख और एक कार के विजेता बन गए। किस्मत के खेल से खेले बबलू का आर्थिक स्थिति सामान्य से भी असामान्य है, घर छोड़कर एक इंच भी अपना जमीन नहीं है, परिवार का भरण-पोषण जूता-चप्पल ठीक करके होता है,बबलू के परिवार में अपने माता पिता के अलावे एक छोटा भाई और पत्नी-बच्चे हैं। बबलू बताते हैं कि किस्मत से मिले इस धन से अब आगे की जिंदगी के लिए बेहतर विकल्प ढूढेंगे जहां से स्थाई तौर पर अपने जिंदगी को एक खुशहाल जीवन दे सके।

महगामा में एक युवक ने फांसी लगाकर दी जान

गोड्डा। महागामा थाना क्षेत्र के बुद्धनगर स्थित एक मकान में एक 23 वर्षीय युवक का फंदे से लटका शव पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम राजेश कुमार है,जिसने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना महागामा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह को दी गई जिसके बाद ऑन ड्यूटी पुलिस अवर निरीक्षक मनोज पाल एवं योगेश्वर उरांव घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि कपिल महाराणा का पुत्र मृतक राजेश कुमार अपने ससुराल शादी के कार्यक्रम में शामिल होने गया था पर शादी समारोह से पहले ही वापस लौट गया जबकि मृतक व्यक्ति के ससुराल में रविवार को बारात आने वाली थी। मृतक राजेश शराब का सेवन करता था,जिसका शादी कुछ साल पहले महागामा के बुद्धनगर में हुई थी जिससे उसे एक छोटी बेटी भी है। आत्महत्या की खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई जिसके बाद घटनास्थल पर आसपास व दूर दराज के लोगों की भीड़ लग गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया। इस पूरे मामले पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आज़ाद ने बताया कि प्रथम दृष्टिया आत्महत्या प्रतित हो रही है,हालांकि अनुसंधान जारी है,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अनुसंधान के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इधर इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है,मृतक की मां बार-बार बेहोश हो रही थी,जहां आज की शाम बारात आने वाली थी वहीं आज पूरे परिवार में मातम छा गया।

झारखंड आंदोलनकारी महासभा ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में नहीं दिया है प्रत्याशी: अमर किन्डो

केन्द्रीय समिति के वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, प्रधान महासचिव कयूम खान, जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत सहित कई नेताओं ने किया संघर्ष मोर्चा के स्वतः स्फूर्त निर्णय की निन्दा

लोहरदगा: झारखंड आंदोलनकारी महासभा ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कोई प्रत्याशी नहीं दिया है। उक्त आशय की जानकारी झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत, प्रवक्ता अनिल कुमार भगत, कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर, केन्द्रीय समिति सदस्य सीता उरांव, चैतू मुंडा, दशरथ उरांव, मनोज उरांव, सोमनाथ उरांव, जगदीश उरांव, रूस्तम खान, दिनेश साहू, भोला भगत, आनंद उरांव, सुखदेव उरांव, बालोमनी बाखला, अजीत खाखा, तारा खलखो, रामधेनी भगत, राजू गुप्ता, सुखराम भगत, बिमलावती कुमारी, लक्ष्मी देवी, जगदीश उरांव, भोला भगत, सूरजमोहन लकड़ा ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दी है। नेताओं ने कहा कि लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी नहीं देने का निर्णय झारखंड आंदोलनकारी महासभा द्वारा जिला समिति की बैठक में ही लिया गया था। इसलिए लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कोई प्रत्याशी नहीं दिया गया है। जहां तक संघर्ष मोर्चा द्वारा प्रत्याशी दिए जाने की बात है, तो उसका स्वतः स्फूर्त निर्णय है। इसमें महासभा के न तो जिला समिति से और न ही केन्द्रीय समिति से समन्वय बनाकर विचार विमर्श किया गया है। केन्द्रीय समिति के वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, प्रधान महासचिव कयूम खान, जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत सहित कई नेताओं ने संघर्ष मोर्चा के इस फैसले की निन्दा करते हुए कहा है कि संघर्ष मोर्चा का यह निर्णय सिवाय लूट खसोट का एक हिस्सा और माध्यम के सिवा कुछ नहीं है। झारखंड आंदोलनकारी महासभा जिला समिति और केन्द्रीय समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में किस प्रत्याशी को सपोर्ट करेंगे, इसका निर्णय होना बाकी है। इस पर झारखंड आंदोलनकारी महासभा जिला समिति जल्द निर्णय लेगी।

रांची उलगुलान महारैली में संजीव बेदिया समेत सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता हुए शामिल

बड़कागांव – रांची प्रभात तारा मैदान में आयोजित इंडिया उलगुलान महारैली में झामुमो केंद्रीय सचिव सह मुख्य संयोजक हजारीबाग संजीव कुमार के नेतृत्व व बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह की संचालन में सैकड़ो कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए। इंडिया गठबंधन जिंदाबाद हेमंत सोरेन जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा झारखंड झुकेगा नहीं के नारों के साथ लोग रांची पहुंचे व रैली में शामिल हुए। मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह,झमन प्रसाद ,जिला सोशल मीडिया सदस्य संजय भुईयां,प्रखंड सचिव सरोज मेहता, संजय करमाली, विवेक वर्मा,सुरेश यादव धीरेंद्र पासवान ,चूरामन गंझू,पवन तुरी नंदकिशोर भुईयां, बसंत ठाकुर, दीपन साव ,राजेंद्र भुइयां आदि सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए ।

सड़क आदि बुनियादी सुविधाओं से वंचित आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, वोट बहिष्कार का किया ऐलान

बिशुनपुर (गुमला)= प्रखंड के पूर्वी पठार क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों के चार बूथ के लोगों ने सड़क नही बनने के कारण रविवार को बैठक कर वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर हाडूप रिसापाठ उप स्वास्थ्य केंद्र के समीप गांव के ग्राम प्रधान ननकू खरवार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जहां ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद आज भी प्रखंड के पूर्वी पठार क्षेत्र के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। खासकर लोगों के द्वारा वर्षों से प्रखंड मुख्यालय से लेकर हाडूप होते हुए चीरो पाठ, इटकिरी से रिसापाठ एंव हिसीर से बेथड तक सड़क बनवाने की मांग करते आ रहे हैं। इस संबंध में कई बार ग्रामीणों के द्वारा प्रखंड कार्यालय जिला कार्यालय एवं वन विभाग को ज्ञापन सौंप कर सड़क बनाएं जाने की मांग की गई है। परंतु अब तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। जिस कारण लोगों को प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने में काफी कठिनाई होती है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि सड़क नहीं होने के कारण जब कोई बीमार पड़ता है तो लोग उसे खाट पर उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाते हैं। तब तक कई लोगों की जान भी चली जाती है। खासकर गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है। इसके अलावा सड़क के अभाव में गांव के बच्चे भी स्कूल तक नहीं पहुंच पाते हैं और अधिकांश लोग गांव में अशिक्षित हैं। इन्हीं वजह से गांव के लोग इन दिनों काफी आक्रोशित हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हम कभी कांग्रेस को तो कभी बीजेपी को वोट देकर सरकार बनाने का काम करते आ रहे हैं। परंतु शायद हमारे द्वारा चुनी गई सरकार की नजरों में हम उनके जनता नहीं है ।इसीलिए आज तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। यही वजह है कि ग्रामीण एकजुट होकर सर्वसम्मति से वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिए हैं। इस मौके पर रामलाल उरांव, राजबली भगत, पुराण भगत, बसंत उरांव, मंगरु खेरवार, बुद्धेश्वर उरांव, मंजू देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

राजनीतिक दल के नेताओं को गांव नहीं घुसने की दी गई है चेतावनी: ग्रामीणों के द्वारा राजनीतिक दल के नेताओं को गांव नहीं घुसने की चेतावनी देते हुए कहा गया है कि सिर्फ चुनाव के दरमियान नेता हमारे गांव आते हैं और चिकनी चुपड़ी बातें बनाकर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए लुभाने का काम करते हैं ।अगर कोई राजनीतिक दल के नेता वोट मांगने के उद्देश्य से गांव आते हैं तो उन्हें इस बात का जवाब देना होगा कि आज तक सड़क क्यों नहीं बनी। यदि नेताओं के द्वारा गुमराह करने का प्रयास किया गया तो उन्हें बंधक बनाने का भी काम किया जाएगा।

पंचायत प्रतिनिधियों को सुनायी खरी खोटी : वोट बहिष्कार करने की सूचना मिलने के उपरांत सेरका पंचायत के कई पंचायत प्रतिनिधि बैठक में शामिल होकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे थे कि वोट देना उनका अधिकार है। वह काम करने वाले प्रतिनिधि का चयन करें। इस पर गांव के लोग आग बबूला हो गए और जनप्रतिनिधियों को भी जमकर खरी खोटी सुनाई।

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा 2024 हुई संपन्न

मेदिनीनगर एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज परीक्षा केंद्र पर झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 संपन्न हो गई। इस परीक्षा में बी.एड, एम.एड, बी.पी.एड. एम.पी. एड में प्रवेश हेतु परीक्षार्थी बैठे थे। यह परीक्षा जिले के कुल आठ केंद्रों पर आयोजित थी। एम.के.डी.ए.वी पब्लिक स्कूल डाल्टेनगंज केंद्र पर कुल 622 परीक्षार्थी नामांकित थे,जिसमें 538 उपस्थित एवं 84 अनुपस्थित थे। सभी परीक्षार्थियों को समयानुसार प्रवेश देकर उनकी शारीरिक जांच पड़ताल के पश्चात उन्हें कक्षा - कक्ष में भेजा गया। सभी कक्षा में सी.सी.टी.वी कैमरे लगे हुए थे । सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराई गई तथा वीडियोग्राफी भी हुई । इस केंद्र पर परीक्षार्थियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध थी। इस केंद्र पर किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गजट की वर्जना थी। परीक्षार्थी अपने साथ केवल प्रवेश पत्र एवं कलम लेकर जा रहे थे। इस केंद्र पर जिला प्रशासन ने दंडाधिकारी के रूप में श्री राजू बैठा जी, अवर अभियंता सिंचाई विभाग को नियुक्त किया था।

पर्यवेक्षक श्री अनिल ठाकुर प्रवक्ता राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज लातेहार थे।

सुरक्षा की जिम्मेदारी ए.एस.आई नबी अंसारी जी की थी, जो सशस्त्र बल के तीन पुरुष एवं दो महिला आरक्षियो के साथ केंद्र पर तैनात थे। इस केंद्र के उपकेंद्राधीक्षक श्री अंजनी कुमार भारद्वाज एवं श्री नितिन राज थे, जिन्होंने बोर्ड द्वारा जारी सभी मानकों को पूरा करते हुए परीक्षा संपन्न कराई। इस केंद्र के केंद्राधीक्षक विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री आलोक कुमार थे। उन्होंने बताया कि झारखंड प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2024 प्रदेश की अति महत्वपूर्ण परीक्षा है । इसे उत्तीर्ण कर छात्र बी.एड,एम.एड ,बी.पी.एड,एम.पी.एड में प्रवेश प्राप्त कर बेहतर भविष्य बना सकते हैं। इस परीक्षा की शुचिता सरकार के लिए बड़ी चुनौती थी। आज इस केंद्र पर सभी परीक्षार्थियों ने तनावपूर्ण ,कदाचार मुक्त परीक्षा दिया। इस विद्यालय के इतिहास को देखते हुए जिला प्रशासन ने इसे केंद्र बनाया था। प्रशासन की अपेक्षा एवं परीक्षा की शुचिता हमारी प्रतिबद्धता थी । हमने इसे पूरी निष्ठा से निभाया । इस विद्यालय को केंद्र बनाने हेतु हम जिला प्रशासन के आभारी हैं। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामना दी एवं वीक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों को धन्यवाद कहा।

शिक्षा के व्यापारीकरण के विरुद्ध 22 अप्रैल को 47 किलोमीटर की पदयात्रा

मेदिनीनगर मानव जीवन में शिक्षा का अहम योगदान है, इसके बिना जीवन अधूरा है। इंसान अपने जीवन के उतार चढ़ाव को सही शिक्षा पाकर आसानी से लक्ष्य प्राप्ति कर लेता है। लेकिन आज जिस प्रकार से निजी विद्यालयों के द्वारा शिक्षा को व्यवसाय बना दिया गया है, उससे मानव जीवन ही पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। अमीर हो या गरीब, नौकरी पेशा हो या आम मजदूर या किसान सभी अपने आने वाली पीढ़ी के लिए चिंतित हैं।

निजी स्कूलों के द्वारा प्रत्येक वर्ष किताब का सिलेबस बदल दिया जाता है, स्कूल ड्रेस कुछ वर्ष में बदल दिया जाता है। निजी स्कूलों द्वारा अपने चयनित दुकानों से किताब, कॉपी, स्कूल ड्रेस इत्यादि लेने का दबाव बनाया जाता है। ताज्जुब तब होता है कि जब पूरी किताब से 1 - 2 चेप्टर बदल कर कवर का डिजाइन बदलकर किताब का मूल्य भी बढ़ा दिया जाता है। कुछ स्कूल तो ऐसे पुस्तक भी खरीदवा देते हैं जिसे सालों भर शिक्षक छुते भी नही। एडमिसन चार्ज, री एडमिसन चार्ज, बिल्डिंग डिवेलपमेंट चार्ज इत्यादि के नाम पर लाखों रुपए तक निजी स्कूल अवैध वसूली कर लेते हैं।

वर्तमान स्थिति में जिस प्रकार निजी स्कूलों के द्वारा शिक्षा को व्यापार बनाकर आम जनता को लूट रही है, यह निंदनीय है। ÷ एक शिक्षा सबो का अधिकार÷ शीर्षक के साथ पलामू के आम नागरिकों ने दिनांक 22/04/2024 को पांकी के राम जानकी मंदिर के प्रांगण से प्रातः 08 ¯00 बजे से 47 किलोमीटर की दो दिवसीय पदयात्रा निकालने की घोषणा की गई है। यात्रा में शामिल लोग रात्रि विश्राम कुन्दरी में करेंगे एवं प्रातः पुनः 07¯00 बजे मेदिनीनगर समाहरणालय के लिए प्रस्थान करेंगे।यात्रा की समाप्ति पर उपायुक्त पलामू को एक मांग पत्र/अनुरोध पत्र सौप कर यात्रा को अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाएगा। इस यात्रा में कमलेश कुमार सिंह, बबलू चावला, मनोहर कुमार लाली, मोनू कुमार, धनन्जय राय, राकेश सिंह, इत्यादि समाजसेवियों ने अपनी सहमति प्रदान की है।इस यात्रा से जुड़ने का आह्वाहन किया गया है , शिक्षा के व्यापारीकरण के विरुद्ध निकाली जा रही यात्रा में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाए।

श्मशान घाट सेवा समिति समाज के लिए वरदान साबित हो रहा है

अब तक लगभग 175 लोगों की अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी मुहैया कराया

बड़कागांव – बड़कागांव में संचालित श्मशान घाट सेवा समिति, समाज के लिए वरदान साबित हो रहा है। अब तक लगभग 175 शवों की अंतिम संस्कार के लिए लोगों के बीच निशुल्क लकड़ी मुहैया कराई है। पिछले कुछ वर्षों में प्रखंड में लाश जलाने के लिए लकड़ी की समस्या देखी जा रही थी । इस समस्या का समाधान के लिए श्मशान घाट सेवा समिति का निर्माण 2 वर्ष पूर्व 2022 में की गई थी। जो धरातल पर अब तक समाज के लिए बेहतर कार्य करने वाली समिति के रूप में सामने उभर कर आने लगी है। यह समिति बड़का गांव प्रखंड के बुद्धिजीवी प्रबुद्ध जनों के द्वारा निर्माण कराया गया है। जिसमें सदस्य लोग श्मशान घाट सेवा समिति के बैंक खाते में आंशिक सहयोग राशि देकर, पुण्य के भागी बनते हैं। इसी राशि से लकड़ी की खरीदारी होती है और लोगों को अंतिम संस्कार के लिए निशुल्क लकड़ी मुहैया कराई जाती है। जिसमें कई लोग आशिक सहयोग राशि देकर पुण्य के भागी भी बनते हैं। उक्त कार्य में श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंहा, सचिव सुभाष सिंह, केनरा बैंक मैनेजर शशि कुमार बागे, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, सुरेंद्र कुमार, बड़कागांव पूर्व रेंजर छोटेलाल साहू, पूर्व थाना प्रभारी विनोद तिर्की ,प्रवीण कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, सहेश कुमार, संदीप कुशवाह, विष्णु रजक, मीणा महतो ,नागेश्वर महतो, रमेश अग्रवाल, के अलावा कई विशिष्ट लोग श्मशान घाट सेवा समिति जुड़े हुए हैं और संस्था को सहयोग करते आ रहे हैं।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी आयोजित

भवनाथपुर (गढ़वा) (रांएसं) = सेल के भवनाथपुर टाउनशिप में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रशाल में शनिवार को अभिभावक गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ पत्रकार सीताराम पाठक, विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद सिंह और समारोह के अध्यक्ष एवं अभिभावक प्रतिनिधि राघवेन्द्र कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से सरस्वती माता और भारत माता के फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि के साथ किया।

अभिभावक गोष्ठी में अभिभावक दिनेश कुमार ठाकुर, कृष्ण कुमार यादव, संजय सिंह, मनीष चौबे, रामप्रीत कोरवा, अखिलेश प्रजापति, अरुंधती देवी, संगीता देवी, संजू सिंह, फुल कुमारी देवी और चंचला देवी ने अपने-अपने विचार रखे और अपने बच्चों की संतोषजनक हो रही पढ़ाई पर प्रकाश डाला। अभिभावकों ने विद्यालय की पढ़ाई और व्यवस्था पर संतुष्टि जताई। संगीता देवी ने विद्यालय में कम्प्यूटर की बेहतर पढ़ाई करने का सुझाव दिया।

अभिभावक गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सीताराम पाठक ने कहा कि बच्चों के बेहतर पढ़ाई और भविष्य के लिए सिर्फ विद्यालय के शिक्षकों पर छोड़ देना लाभप्रद नहीं है बल्कि विद्यालय अवधि के बाद सुबह शाम अपने अपने बच्चों की देखभाल और पढ़ाई की निगरानी करना भी अभिभावकों का दायित्व है। जो अभिभावक अपने बच्चों के प्रति ज्यादा सतर्क रहते हैं उनके बच्चों की प्रगति अच्छी होती है।

प्रधानाध्यापक शिव बालक प्रसाद सिंह ने कहा कि विद्या भारती के निर्देशानुसार अभिभावक गोष्ठी आयोजित करना अनिवार्य है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावक और विद्यालय परिवार में सामंजस्य होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभिभावक दर्पण के समान होते हैं। जिनमें विद्यालय का रूप झलकता है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों की सारी शिकायतें दूर की जायेंगी। कम्प्यूटर की भी अच्छी पढ़ाई करायी जायेगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में गत दिनों गठित बाल संसद के प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों का शपथ ग्रहण भी कराया गया।

आईपीएल में आज होगा राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस में मुकाबला

जयपुर (एजेंसी)। कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स की टीम आईपीएल में सोमवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। इस मैच में नंबर एक स्थान पर चल रही राजस्थान का पलड़ा भारी है क्योंकि उसे अपने घरेलू मैदान का भी लाभ होगा। टीम ने अब तक 7 मैचों में 6 मैच जीते हैं और वह अंक तालिका में नंबर एक स्थान पर है। टीम का प्लेऑफ में पहुंचना तय है। वहीं दूसरी ओर हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है। मुम्बई की टीम ने अब तक 3 मुकाबले ही जीते हैं। 3 जीत हासिल की है।

यह इस सत्र का आखिरी मुकाबला होगा। अभी तक यहां की पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी रही है। इसमें किसी भी मैच में 200 का स्कोर नहीं बना। यहां 197 का लक्ष्य भी हासिल हो चुका है। ऐसे में पिच एक बार फिर बल्लेबाजी के लिए आसान होने वाली है। यही वजह है कि 200 रन बनने पर किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। पहले गेंदबाजी यहां लाभदायक होगी।

जयपुर में तेज गरमी से खिलाड़ियों के लिए खेलना आसान नहीं रहेगा। इस मैच में राजस्थान की बल्लेबाजी सैमसन के अलावा पराग , जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल पर आधारित रहेंगी। टीम के पास ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल जैसे गेंदबाज हैं।

मुंबई की बल्लेबाजी पंड्या के अलावा रोहित शर्मा और सूर्यकुमार पर आधारित रहेगी जबकि गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह के पास रहेगी।

टीम

राजस्थान रॉयल्स- संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान , रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज।

मुंबई इंडियंस- हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

30 की उम्र में मुगुरुजा ने टेनिस को अलविदा कहा

मैड्रिड (एजेंसी)। स्पेन की महिला टेनिस स्टार गार्बाइन मुगुरुजा ने खेल को अलविदा कह दिया है। 30 साल की मुगुरुजा पिछले काफी समय से खेल से दूर थीं। इसी कारण उन्होंने अचानक ही ये कदम उठाया है। वह दो बार मेजर चैम्पियनशिप जीती हैं। 2015 विम्बलडन के अलावा वह 2020 ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रही थीं।वह जनवरी 2023 के बाद से खेल से बाहर हैं इसी कारण इस खिलाड़ी की लय भी पहले वाली नहीं रही। इस पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने कहा कि मुझे लगता है कि अब संन्यास लेने और नई राह पकड़ने का समय आ गया है।

मुगुरुजा ने साल 2016 फ्रेंच ओपन फाइनल में सेरेना विलियम्स और साल 2017 विम्बलडन फाइनल में वीनस विलियम्स को हराया था। वह एकमात्र खिलाड़ी हैं जो दोनों विलियम्स बहनों को हराने में सफल हुई हैं। उन्होंने अपनी करियर में 10 खिताब रहे हैं। मुगुरुजा महिला टेनिस स्पेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रही हैं। उन्हें साथ खिलाड़ियों ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम की घोषणा शीघ्र करेगा बीसीसीआई

-27 या 28 अप्रैल को कप्तान रोहित शर्मा के साथ बैठक करेंगे चयनकर्ता

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीसीआई) 2 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए शीघ्र ही टीम की घोषणा करेगा। बीसीसीआई को टी20 विश्वकप के लिए आईसीसी को खिलाड़ियों की सूची एक मई तक देनी है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार इसके लिए चयनकर्ता 27 या 28 अप्रैल को दिल्ली में कप्तान रोहित शर्मा के साथ बैठक कर सकते हैं.

बीसीसीआई प्रमुख अजीत अगरकर भी विदेश से लौट गये हैं। टीम चयन को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस रिपोर्ट के अनुसार टीम में 10 खिलाड़ियों का चयन पक्का है, वहीं कुछ खिलाड़ियों पर फैसला उनकी फिटनेस पर आधारित रहेगा। टीम में शामिल दस खिलाड़ियों में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या शामिल नहीं हैं। पंड्या को गेंदबाजी किये जाने की स्थिति में ही शामिल किया जाएगा। आईपीएल सत्र में अब तक पंड्या अधिक गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं। टीम इस प्रकार होने की संभावना है।

रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव आदि, वहीं पंड्या की टी20 विश्व कप में जगह आईपीएल में उनके प्रदर्शन पर आधारित रहेगी। चयनकर्ता हार्दिक के प्रदर्शन पर नजरें रखें हुए हैं। आईपीएल के इस सत्र में अभी तक वह विफल रहे हैं। भारतीय टीम टी20 विश्व कप 2024 में अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगी।

बेंगलुरु की लगातार छठी हार, रोमांचक मुकाबले में कोलकाता ने एक रन से हराया

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल 2024 के 36वें मैच में एक रन से जीत दर्ज की है। इसी के साथ ही अब आरसीबी की प्लेऑफ की उम्मीदें भी खत्म होती आ रही हैं क्योंकि यह उनकी छठी हार थी। फिल सॉल्ट की आक्रामक शुरुआत के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ छह विकेट पर 222 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में शानदार बल्लेबाजी के बावजूद विल जैक्स (55) और रजत पाटीदार (52) के अर्धशतकों के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा।

पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सॉल्ट और सुनील नारायण (10) ने एक बार फिर टीम को तूफानी शुरुआत दिलाते हुए चार ओवर में 55 रन जोड़ दिये। इस दौरान सॉल्ट ज्यादा आक्रामक दिखे। उन्होंने पहले ओवर में सिराज का छक्के से स्वागत करने के बाद चौथे ओवर में फर्ग्यूसन के खिलाफ दो छक्के और चार चौके की मदद से 28 रन बटोरे। सिराज ने पांचवें ओवर में हालांकि उनकी आतिशी पारी को खत्म कर टीम को बड़ी सफलता दिलाई। अगले ओवर में नारायण दयाल की गेंद को हवा में लहराकर विराट कोहली को कैच दे बैठे।

वेंकटेश अय्यर ने क्रीज पर आते ही दो चौके जड़े लेकिन दयाल ने अंगकृष रघुवंशी को आउट कर ओवर में दूसरी सफलता दर्ज की। पावर प्ले के बाद केकेआर का स्कोर तीन विकेट पर 75 रन था। कप्तान श्रेयस अय्यर ने फर्ग्यूसन और कर्ण शर्मा पर चौके के साथ हाथ खोला तो वहीं नौवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये ग्रीन की शॉट गेंद को वेंकटेश लांग लेग की दिशा में खड़े महिपाल लोमरोर के हाथों में खेल गये। इसी ओवर में रिंकू सिंह के चौके से केकेआर ने रनों का शतक पूरा किया। श्रेयस के साथ कुछ ओवरों तक संभल कर बल्लेबाजी करने के बाद रिंकू ने कर्ण की गेंद को दर्शकों के पास भेजा लेकिन वह दयाल की धीमी गेंद से सामंजस्य नहीं बिठा सके और 16 गेंद में 24 रन बनाकर आउट हो गए।

श्रेयस ने इसी बीच कर्ण के खिलाफ स्विच हिट पर शानदार चौका जड़ने के बाद 17वें ओवर में दयाल के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर 35 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में ग्रीन की गेंद पर डुप्लेसी को कैच थमा बैठे। रसेल ने ओवर का समापन चौके से किया तो वहीं रमनदीप ने 19वें ओवर में सिराज के खिलाफ लगातार दो छक्के और चौका लगाकर केकेआर के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया।

नौकायन में बलराज को मिला पेरिस ओलंपिक टिकट

चुंगजू । भारत के बलराज पंवार ने एशियाई और ओसनियाई रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल्स (एम1एक्स) स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। इस जीत के साथ ही बलराज ने ओलंपिक टिकट भी हासिल कर लिया है। वह नौकायन से ओलंपिक टिकट हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। बलराज ने दक्षिण कोरिया के चुंगजू में आयोजित स्पर्धा में हीट में 7:17.87 और सेमीफाइनल में 7:16.29 का समय निकालकर फाइनल में जगह बनायी। बलराज इस स्पर्धा में 7:01.27 का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं कजाकिस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव ने 6:59.46 का समय निकालकर स्वर्ण जबकि इंडोनेशिया के मेमो ने 6:59.74 का समय निकालकर रजत पदक अपने नाम किया। इसके अलावा अरविंद सिंह और उज्जवल कुमार ने भी पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स (एलएम2एक्स) में कांस्य पदक हासिल किया। इस स्पर्धा में केवल शीर्ष दो खिलाड़ियों को ही पेरिस ओलंपिक के लिए टिकट मिला। अरविंद और अर्जुन लाल ने फाइनल रेस में 6:30.11 का समय निकलकर पहले रेपेचेज के जरिए फाइनल में स्थान बनाया।

आईपीएल में 300 रन भी बनने हुए दिखें तो कोई हैरानी नहीं होनी चाहिये : कार्तिक

कोलकाता । अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा है कि जिस प्रकार से सनराइजर्स हैदराबाद के साथ ही कुछ अन्य टीमों के बल्लेबाज आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं। उससे आने वाले दिनों में 300 रन भी बनने हुए दिखें तो कोई हैरानी नहीं होनी चाहिये। कार्तिक के अनुसार अब बल्लेबाजों के मन में गेंदबाजों का डर नहीं रहा है। आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर सनराइजर्स हैदराबाद ने इस सत्र में 287 रनों का बनाया है। ये उसने रॉयल चैलेंजर्स बेगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर ही बना दिया था। वहीं टी20 में 300 रन केवल एक बार ही नेपाल ने पिछले साल हांग्झोउ एशियाई खेलों में मंगोलिया के खिलाफ तीन विकेट पर 314 रन बनाये थे। कार्तिक ने कहा, ''मुझे लगता है कि स्कोर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। यह बहुत ऊपर आता जा रहा है। वहीं दुनिया भर में इस प्रारूप में खेले जा रहे टूर्नामेंट के इतिहास में आईपीएल के पहले 32 मैच में सबसे ज्यादा 250 रन बने हैं। इससे पता चलता है कि बल्लेबाजा अब गेंदबाजों से डर नहीं रहे हैं। साथ ही कहा कि 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम के कारण भी टीम की बल्लेबाजी आक्रामक हुई है। इस नियम से बल्लेबाजी में लाभ हो रहा है लेकिन गेंदबाजों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। युवा खिलाड़ी शॉट खेलने के लिए सीमाएं लांघ रहें और वे कुछ शानदार शॉट्स खेल रहे हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से ही ये सबसे बड़ा बदलाव आया है।

विनेश, रीतिका और अंशु ने भारत के लिए हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

रावलपिंडी (एजेंसी)। बिश्केक (किर्गिस्तान) - भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत वापसी करते हुए भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में दमदार प्रदर्शन के बूते महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया।

अंशु मलिक (57 किग्रा) और अंडर-23 विश्व चैम्पियन रीतिका (76 किग्रा) ने भी मजबूत प्रदर्शन से फाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया। भारत ने अब पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटे हासिल कर लिए हैं। सबसे पहले अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर 53 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल किया था।

यह देखना दिलचस्प होगा कि डब्ल्यूएफआई कोटा विजेताओं को भारत का प्रतिनिधित्व करने देता है या राष्ट्रीय कुश्ती टीम चुनने के लिए अंतिम चयन ट्रायल आयोजित करता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत ने सात पहलवानों की एक मजबूत टीम उतारी थी जिसमें चार महिलाएं सीमा बिस्ला (50 किग्रा), विनेश (53 किग्रा), अंशु (57 किग्रा) और सोनम मलिक (62 किग्रा) शामिल थीं। अभी तक किसी भी पुरुष पहलवान ने पेरिस कोटा हासिल नहीं किया है। पेरिस ओलंपिक का आखिरी विश्व क्वालीफायर तुर्की में नौ मई से खेला जाएगा।

यह 29 साल की विनेश का लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा है। उन्होंने इससे पहले रियो ओलंपिक (2016) और तोक्यो ओलंपिक (2020) में भी हिस्सा लिया था। विनेश ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दी। उन्होंने पहले कोरियाई प्रतिद्वंद्वी मिरान चियोन को एक मिनट 39 सेकंड तक चले मुकाबले में हराया। उनकी मजबूत पकड़ का विरोधी के पास कोई जवाब नहीं था। अगले मुकाबले में उन्होंने 67 सेकंड में कंबोडिया की एसमानांग डिट को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में कजाखस्तान की 19 साल की पहलवान लौरा गानिकिजी ने उनके सामने थोड़ी चुनौती पेश की लेकिन इस भारतीय पहलवान ने अपने अनुभव का इस्तेमाल कर युवा प्रतिद्वंद्वी को मात दी। विनेश पहले पीरियड में 4-0 से आगे थी और इस टूर्नामेंट में वह पहली बार दूसरे पीरियड तक पहुंची। एक बार दबदबा बनाने के बाद विनेश को उसे हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। चयन ट्रायल जीतने के बाद विनेश 50 किलोवर्ग में खेल रही है। फाइनल में पहुंचने वाले पहलवानों को अपने देश के लिए कोटा मिलेगा।

विश्व चैम्पियनशिप 2021 रजत पदक विजेता अंशु को क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश मिला जिसमें उसने किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिम्बेकोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अंशु ने सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान की लेलोखोव सोबोईरोवा पर तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। अंडर 23 विश्व चैम्पियन रीतिका (76 किलो) ने युंजू हवांग को हराया। पहला दौर उन्होंने तकनीकी श्रेष्ठता पर जीता। इसके बाद मंगोलिया की दावानासान एंख एमार को भी इसी तरह से मात दी।

चीन की जुआंग वांग के खिलाफ आखिरी ग्रुप मुकाबले में उन्होंने 8.2 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में रीतिका ने चीनी ताइपे की हुई सिज चांग पर आसानी से 7-0 से जीत हासिल की। मानसी अहलावत (62 किलो) भी अंतिम चार में पहुंच गई जिसके लिए उन्हें महज एक मुकाबला जीतने की जरूरत थी। उन्होंने कजाखस्तान की इरिना कुजनेत्सोवा को 6.4 से हराया। सिर्फ एक भारतीय पहलवान निशा दहिया (68 किलो) सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। उन्होंने पहले दौर में उत्तर कोरिया की सोल गुम पाक को 8.3 से हराया। इसके बाद किर्गिस्तान की मीरिम जुमानाजारोवा से हार गई। तीसरे दौर में किर्गिस्तान की येलेना शालिगिना ने उन्हें हरा दिया।

पाक ने न्यूजीलैंड को दूसरे टी20 में हराया, सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की

लाहौर। बाबर आजम की कप्तानी में उतरी पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को दूसरे टी20 मैच में हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पाक टीम ने सीरीज के दूसरे टी20 मैच में मेहमान टीम न्यूजीलैंड को 90 रनों पर ही आउट कर आसानी से जीत हासिल की। पाकिस्तान ने कीवी टीम को 90 पर आउट करने के बाद जीत का लक्ष्य 12.1 ओवर में 3 विकेट पह ही हासिल कर लिया। सीरीज का पहला टी20 मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। दूसरे टी20 मैच में तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और मोहम्मद आमिर के बाद शादाब खान और अबरार अहमद ने जबरदस्त गेंदबाजी की। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। युवा सलामी बल्लेबाज सैम अयूब 4 रन बनाकर ही आउट हो गये। इसके बाद कप्तान बाबर आजम भी विफल रहे। बाबर 14 रन ही बना पाये। इसके बाद मोहम्मद रिजवान और युवा इरफान खान ने अच्छी साझेदार कर अपनी टीम को जीत दिलायी। रिजवान ने 34 गेंदों पर नाबाद 45 रन बनाए जबकि इरफान खान 18 रन नाबाद रहे। वहीं कीवी टीम की ओर से बेन लिस्टर, माइकल ब्रेसवेल और ईश सोढ़ी ने एक एक खिलाड़ी को आउट किया। इस मैच में पाक ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मेहमान टीम 18.1 ओवर में ही 90 रनों पर ही आउट हो गयी। मार्क चैपमैन ने सबसे ज्यादा 19 रन बनाये जबकि कोले मैककोंची ने 13 रन बनाए। न्यूजीलैंड की शुरआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज ओपनर टिम सेइफर्ट शुरआत में ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद उसके विकेट एक के बाद एक गिरते चले गये।

शमी ने वीडियो जारी कर कहा, उन्हें जल्द टीम में वापसी की उम्मीद

नई दिल्ली । अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टखने की सर्जरी के बाद अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया का वीडियो साझा कर जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद जाहिर की। शमी ने दर्द के बावजूद पिछले साल वनडे विश्व कप में भाग लिया था। वह 24 विकेट चटकाकर टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए।



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल मैच के बाद से चोट के कारण शमी खेल से दूर है। उन्हें इस साल फरवरी में सर्जरी करानी पड़ी। शमी ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, '' चोट आपको परिभाषित नहीं करतीं, आपकी वापसी आपको परिभाषित करती है। मैं अपनी टीम के साथ जुड़ने का इंतजार कर रहा हूं।'' विश्व कप के बाद से शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला, दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद घरेलू सरजमीं पर अफगानिस्तान (टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला) और इंग्लैंड (टेस्ट श्रृंखला) के खिलाफ खेलने से चूक गए। टखने की सर्जरी के कारण वह आईपीएल के मौजूदा सत्र से बाहर है। शमी ने गुजरात टाइटंस के लिए पिछले दो सत्र (2022 और 2023) में 33 मैचों में 48 विकेट लिये हैं।

अगले चार महीनों में वजन प्रबंधन करना चुनौती होगी: विनेश फोगाट

कोलकाता (एजेंसी)। बिश्केश - ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाये रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाये अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया।

विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया। विनेश लंबे समय से इसी भार वर्ग में चुनौती पेश करते रही है। देश की सबसे सफल महिला पहलवान के पास ओलंपिक कोटा सुनिश्चित करने के लिए वजन वर्ग बदलने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में कोटा सुनिश्चित करने के बाद कहा, 'मुझे अपने वजन को बेहतर तरीके से प्रबंधित करना होगा। मैंने इतने लंबे समय के बाद अपने वजन को कम कर 50 किलो तक किया है इसलिए मैं इसे जितना संभव हो उतना बनाए रखने की कोशिश करूंगी।' इस 29 साल की पहलवान ने कहा, 'मेरी मांसपेशियां मजबूत हैं, इससे मेरा वजन जल्दी बढ़ जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं कितनी फिट हूं, फिर भी मेरा वजन बढ़ता है। मैं सिर्फ अपना वजन नियंत्रित करना चाहती हूं। मेरे पास चार महीने बचे हैं और हर दिन बहुत महत्वपूर्ण है।' विनेश ने कहा, 'मैंने वजन में बदलाव इसलिए किया क्योंकि मेरे पास कोई विकल्प नहीं था। मैंने अपनी खुशी से ऐसा नहीं किया। मैंने 50 किग्रा वर्ग में अपने देश के लिए कोटा जीता। मुझे खुशी है कि मैं ओलंपिक में जा सकती हूं। मैं 50 किग्रा वर्ग में जाऊंगा या 53 किग्रा वर्ग में, यह ट्रायल में तय होगा, लेकिन जो भी हो, मैंने अपने देश के लिए कोटा जीता है।' विनेश को इससे पहले रियो और तोक्यो ओलंपिक में निराशा का सामना करना पड़ा है। लेकिन वह अब हर हाल में ओलंपिक पदक के सपने को पूरा करना चाहती है। उन्होंने कहा, 'मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहती हूं। मुझे कुश्ती करते हुए 20 साल हो गए हैं। मुझे बस ओलंपिक पदक चाहिए। हर कोई इसके लिए काम कर रहा है।' विनेश ने दावा किया था कि वह अवसाद से जूझ रही थीं और यहां तक कि वह कोविड-19 की चपेट में भी आ गई थीं और तत्कालीन डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ लंबे समय तक विरोध और कानूनी लड़ाई के

कारण मानसिक दबाव काफी बढ़ गया था। इन सब के बावजूद वह बिश्केक में कोटा जीतने में सफल रही। उन्होंने कहा, 'यह कठिन था लेकिन जब आप जीतते हैं तो हर चीज सार्थक हो जाती है। मैं अगले चार पांच दिन शांति के साथ रह सकती हूं। मेरा मुख्य लक्ष्य ओलंपिक में पदक जीतना है। मैं वह करने की कोशिश करूंगी जो पिछले दो ओलंपिक में नहीं कर सकी। मैं इस ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन कर सकती हूं।'

पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के बैट का वजन होता है कम, महिलाओं के बल्ले का वजन रहता है 1 किलो 100 ग्राम

नई दिल्ली। क्या आपको मालूम है कि महिला क्रिक्रेटरों के लिए तैयार होने वाले बल्ले का पुरुषों के मुकाबले वजन कम होता है। पुरुष के लिए तैयार होने वाले बल्ले का वजन जहां 1 किलो 200 ग्राम रहता है। वहीं महिलाओं के लिए जो बल्ले तैयार किए जाते हैं। उनका वजन 1 किलो 100 ग्राम रहता है। वहीं एक स्पोर्ट्स व्यापारी के अनुसार महिलाओं के लिए तैयार होने वाले बल्ले में वजन के साथ-साथ उसकी हाइट भी कम रहती है। उन्होंने बताया की इन बल्ले की बात की जाए तो यह 33 इंच लम्बाई वाला होता है। वहीं पुरुषों के बल्ले की लंबाई 38 इंच रहती है। एक्सपर्ट के अनुसार भले ही पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के लिए तैयार होने वाले बल्ले का वजन 100 ग्राम कम रहता हो।

यज्ञ को ले जोरदाग गांव में निकाली गई शोभायात्रा, किया गया ध्वजारोहण

केरेडारी – केरेडारी प्रखंड अंर्तगत जोरदाग गांव में रविवार को श्री श्री 1008 नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ भूमि पूजन व झंडारोहण कार्यक्रम कर भव्य शोभायात्रा निकाला गया। भक्तों ने भूमि पूजन स्थल से पूरे गांव भ्रमण करते हुए पुनःभूमि पूजन स्थल में पहुंच कर शोभा यात्रा की समाप्ति की। इस दौरान जय श्री राम , जय हनुमान के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। महायज्ञ के लिए यज्ञाचार्य सात्येन्द्र पांडेय,शास्त्री अमित पांडेय यज्ञाधीश महाराज प्रयाग राज द्वारा मंत्रोच्चारण एवं पूजा पाठ कर ध्वजारोहण का कार्य किया गया। महायज्ञ 28 अप्रैल से शुरू होगा जो 6 मई तक चलेगा।28 अप्रैल को जल यात्रा व 6 मई को हवन पूर्णहुति वशीधरा ब्राह्मण भोजन कन्यापूजन एंव भंडरा व भव्य जागरण के साथ - साथ यज्ञ समापन किया जाएगा। मौके पर केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी,यज्ञ अध्यक्ष श्यामदेव साव,सचिव अमित कुमार माली, कोषाध्यक्ष कुलदीप साव,मिडिया प्रभारी ज्ञान पासवान,उपाध्यक्ष अनिल मुंडा ,बालदेव साव, उदय लाल गुप्ता प्रेम रंजन पासवान ,जागेश्वर साव,खिरोधर साव,राम कुमार साव,दशरथ साव, रामवृक्ष गंझू,कृष्णा कुमार गुप्ता, तुलसी साव,किशोर साव,सुरेश रजक, संजय साव, कन्हाई माली,चोहन राम,कालो राम,संजय पासवान ब्रजेश गौरव,दिनेश महतो,अक्ल साव,ब्रजेश राम ,आदित्य साव,समेत कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

महुदा पुलिस ने गांजा तस्करी का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार, साढ़े आठ किलो गांजा बरामद

बाघमारा डीएसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

कतरास. – महुदा थाना की पुलिस ने मोटरसाइकिल से गांजा तस्करी करने का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने शनिवार देर रात करीब साढ़े बारह बजे धनबाद-बोकारो एन एच टू पर कपुरिया ओपी तथा महुदा थाना क्षेत्र के सीमा पर स्थित कतरी पुल के पास बाइक सवार को पकड़कर लगभग साढ़े आठ किलो गांजा बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने निरसा थाना क्षेत्र के गुंडुवा निवासी 27 वर्षीय गोरांगो रवानी को धर दबोचा। इस बाबत रविवार को सिजुआ स्थित बाघमारा पुलिस अनुमंडल कार्यालय में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज ने बताया कि गांजा तस्करी की सूचना मिलने के बाद टीम का गठन किया। टीम के साथ वह स्वयं कतरी पुल के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इस क्रम में कपुरिया की ओर से आ रही बाइक को रोकने का प्रयास किया तो चालक बाइक घुमाकर भागने लगा। जब पुलिस ने पीछा करना शुरू किया तो चालक बाइक छोड़ भागने लगा। इस दौरान गोरांगो पुलिस की गिरफ्त में आ गया जबकि उसका एक साथी जंगल-झाड़ी का फायदा उठाकर भाग निकला। एसडीपीओ ने बताया कि बाइक की तलाशी लेने पर एक बैग में चार प्लास्टिक में 8.48 किग्रा गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने गांजा के साथ-साथ टीवीएस आपाची राइडर बाइक तथा एक रियलमी कंपनी का मोबाइल जब्त किया है। एसडीपीओ ने कहा कि महुदा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में शामिल गिरोह के अन्य जल्द ही कानून की गिरफ्त में होगा। टीम में एसडीपीओ के अलावा महुदा थानेदार धीरज कुमार तथा सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

बोकारो स्टील लिमिटेड को 250 एमवीए अतिरिक्त बिजली उपलब्ध कराएगा डीवीसी

चंद्रपुरा । भारतीय इस्पात प्राधिकार लिमिटेड (सेल) की इकाई बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) 250 एमवीए की अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां बताया कि इस संबंध में डीवीसी और बीएसएल के बीच एक समझौता हो गया है और शनिवार को बोकारो स्टील सिटी में उनके बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया है। वर्तमान में डीवीसी बीएसएल, सेल को 220 एमवीए बिजली की आपूर्ति करता है और एमओयू के अनुसार अतिरिक्त आपूर्ति 2027-28 से शुरू होगी। सूत्रों ने बताया कि उक्त समझौता बीएसएल के आसन्न विस्तार के कारण अतिरिक्त बिजली की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया गया है. डीवीसी विभिन्न प्रतिष्ठानों में स्थापित की जा रही अपनी आगामी ब्राउन फील्ड थर्मल पावर परियोजनाओं से बढ़ी हुई मांग को पूरा करेगा। डीवीसी की ओर से, सदस्य (वित्त) अरूप सरकार, कार्यकारी निदेशक (वाणिज्यिक) संजीव श्रीवास्तव, ईडी (सिस्टम) श्री डीके सिंह, ईडी (वित्त) जॉयदीप मुखर्जी इस अवसर पर उपस्थित थे, जबकि बीएसएल की ओर से, ईडी (वर्क्स), ईडी (परियोजनाएं) और ईडी (वित्त) के अलावा दोनों पक्षों के उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

झारखंड राज्य चौकबॉल टीम घोषित , जाएगी जालंधर

रांची – 13 वी सब जूनियर अंडर 15 आयु वर्ग बालक/ बालिका एवं 14 वी जूनियर अंडर 19 आयु वर्ग बालक/ बालिका राष्ट्रीय चौकबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पंजाब चौकबॉल संघ के द्वारा इंडियन चौकबॉल फेडरेशन के देखरेख में 26 से 28 अप्रैल 2024 तक पुलिस डी ए बी पब्लिक स्कूल पाप कैम्पस जालंधर पंजाब में आयोजित हो रही है जिसमे झारखंड राज्य चौकबॉल टीम जूनियर अंडर 19 आयु वर्ग में बालक/ बालिका भाग ले रहीं हैं जिसकी घोषणा आज झारखंड राज्य चौकबॉल संघ के द्वारा की गई जो इस प्रकार हैं बालक वर्ग– शुभम् उरांव (कप्तान), अगस्टिन एलेन तिग्गा (उप कप्तान),प्रियांशु जोन तिर्की, राहुल कच्छप,अनुज कुमार मुंडा, असीम अनुराग मिंज, एबनेजर जोन मुंडू, मनीष कुमार महतो, ओमेंद्र, पियूष कुमार निर्मिकर, योगेंद्र साहु, कोच अंदीप लकड़ा सामिल हैं बालिका वर्ग– अमिका मिंज (कप्तान), तन्नू केरकेट्टा (उप कप्तान), ऋषिका लकड़ा, अमीषा तिर्की, अंकिता तिर्की, श्रुति सपना टूटी, प्रिया पलक, सैफाली सिमरन नायक, रागिनी कुमारी, अंजली कच्छप, भुनेश्वरी कुमारी,दीप्ति कुमारी, जेनिस टोप्पो, सुधा गुप्ता,कोच रेशमा कुमारी,मैनेजर ब्रजेश गुप्ता सामिल हैं झारखंड राज्य चौकबॉल टीम दिनांक 23/04/2024 को रांची रेलवे स्टेशन से हटिया जम्मू तवी एक्सप्रैस से जालंधर पंजाब के लिए प्रस्थान करेंगी

रांची की युवती भेलवाटाड़ जंगल में बेहोश बरामद

शरीर पर केरोसिन छिड़काव के निशान मिले

हजारीबाग– मुफस्सिल थाना पुलिस को शनिवार की रात 10 बजे रांची की एक युवती को जगदीशपुर जाने वाले रास्ते में भेलवाटाड़ जंगल मे बेहोश अवस्था मे मिली है।जिसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुफ्फसिल थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि शहर के कनहरी हिल जंगल से शनिवार की रात 10 बजे पुलिस ने गुप्त सूचना पर एक युवती को बेहोशी की हालत मे बरामद किया है?। उसके बदन पर किरोसिन तेल भी छिड़का हुआ था। लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मामले का खुलासा कर दिया। उस रास्ते से जगदीशपुर के लोग आते जाते हैं। उन लोगों ने उक्त युवती को बेहोशी हालत मे देख लिया था। इस कारण उसे छोड़ प्रेमी फरार हो गया। फिर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। जिससे युवती की जान बच गयी।युवती की उम्र लगभग 23-24 साल है। बेहोशी की हालत में मिली युवती को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। फिलहाल वह कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है उसके फर्द बयान और तबीयत में सुधार के बाद प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा। पुलिस प्रेमी के तलाश में जुटी है। युवती ने खुद को खेलगांव रांची निवासी सोनी कुमारी पिता धीरज सोनी होने की जानकारी दी है। उसने बताया कि कोर्रा के ऋषि कुमार मिश्रा पिता स्वर्गीय विनोद मिश्रा के साथ दो वर्षों से लीव इन इन रिलेशनशिप में रही है। रजरप्पा मंदिर में दोनों ने विवाह किया था। पति उसे मां से मिलने की बात कहकर हजारीबाग लाया था। हजारीबाग आने पर कनहरी पहाड़ घूमाने के बहाने जंगल ले गया। इस दौरान रास्ते में कोल्ड ड्रिंक पिलाई। जिसमें कुछ नशीला पदार्थ था। उसके पीने के बाद उसे चक्कर आने लगा। फिर उसका प्रेमी उसके साथ फिजिकल रिलेशन बनाने के लिए दबाव देने लगा। जब वह इनकार कर दिया तो वह मारपीट पर उतारू हो गया। जिससे वह बेहोश हो गई। प्रेमी ऋतिक मिश्रा की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

निदेशक तकनीकी संचालन हरीश दूहान ने किया मगध खदान का दौरा

बालूमाथ । बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोल परियोजना में सीसीएल के निदेशक तकनीकी(संचालन) हरीश दूहान रविवार को पहुंचें । जहां उनका स्वागत बुके देकर महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ ने किया । इसके बाद हरीश दुहान ने खदान के व्यू पॉइंट से खनन गतिविधियों का जायज़ा लिया एवं खदान संचालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर मगध के महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ के साथ चर्चा की। इस दौरान उन्होंने खनन में और तेजी लाने एवं निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने की बात कही । इसके अलावा उत्पादन व डिस्पैच सम्बंधी गतिविधियों और खदान के विस्तार योजना का भी जायज़ा लिया और कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया ।वही महाप्रबंधक ने चार्ट के माध्यम से खदान में हो रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दिया ।मौके पर क्षेत्रिय महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ,मगध परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यनारायणा, खान प्रबंधक मो.अकरम सहित परियोजना के कई अधिकारी मौजूद थे ।

सुपरस्टार सिंगर 3 में, प्रतीक गांधी ने कलाकारों को सराहा

मुंबई – सोनी के होमग्रोन सिंगिंग रियलिटी शो, 'सुपरस्टार सिंगर 3' में युवाओं ने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस वीकेंड, 'श्रीमती स्पेशल' एपिसोड में, प्रतियोगी कालबेलिया लोक नर्तकी और पद्मश्री गुलाबो सपेरा, निर्मला पापड़ वाली और भारतीय नौसेना की सेवानिवृत्त, कमांडर प्रभा लाल सहित विभिन्न क्षेत्रों की दिग्गज महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। शो में 'दो और दो प्यार' की शानदार स्टार कास्ट- विद्या बालन और प्रतीक गांधी भी शामिल होंगे। विद्या बालन ने कहा, ÷शानदार परफॉर्मेंस, मेरी कामना है कि ईश्वर की आप पर कृपा बनी रहे। यह वाकई प्रभावशाली है। सुपर जज नेहा कक्कड़ ने कहा, ÷वाकई यह पल ऐतिहासिक है! दानिश, वाह, मैं आपकी टीम के अद्भुत परफॉर्मेंस का बेसब्री से इंतज़ार कर रही थी, और आज, आप लोग सभी उम्मीदों को खरे उतरे हैं।

मतदाता जगरूकता के लिए हुआ दौड़ का आयोजन

लोहरदगा। लोकसभा आम निर्वाचन,2024 अंतर्गत लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में दिनांक 13 मई 2024 को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आज रविवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत रन फ़ॉर वोटिंग अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा रवाना किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त द्वारा इस बार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में 90 प्रतिशत से अधिक मतदान के लिए लोगों से अपील की गई। साथ ही कहा कि बिना किसी प्रभाव में आये अपना नैतिक मतदान करें और लोकतंत्र के इस महापर्व को साथ मिलजुल कर मनाएं। जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी की गई है। मतदान से जुड़े सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

प्रतिभागियों में था उत्साह

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को उप विकास आयुक्त व अन्य पदाधिकारियों द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलायी गयी। आज के कार्यक्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनन्दन बड़ाईक, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा, नगर प्रशासक जयपाल सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फ्लोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग–** 70337 77771 **विज्ञापन–** 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63